वर्ष 19 | अंक 164 | पृष्ठ 12
देवघर
मंगलवार, 17 दिसम्बर 2024
मूल्य ₹ 3/-

हिन्दी दैनिक
# श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ



पेज 3 : नए विश्व शतरंज चैंपियन बने...

www.shwetpatra.co.in | देवघर व रांची से प्रकाशित एवं पूरे झारखंड, बिहार तथा बंगाल में प्रसारित | E-mail : shwetpatra10@gmail.com

# आंदोलनकारी छात्रों पर लाठीचार्ज, देवेंद्रनाथ महतो गिरफ्तार

**रांची (एप्र)।** झारखंड में एक बार फिर प्रतियोगी परीक्षा विवादों के घेरे में आ गई है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित सीजीएल परीक्षा के विरोध में आज नामकुम में अभ्यर्थियों द्वारा प्रदर्शन जारी है। जेएसएससी दफ्तर का घेराव करने पहुंचे देवेंद्रनाथ महतो को पुलिस ने हिरासत में लिया। इससे पहले पुलिस देवेंद्रनाथ महतो पर लाठियां बरसाती भी नजर आई।





पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठी चार्ज भी शुरू कर दिया है। विरोध करने के आरोप में जेएलकेएम नेता देवेंद्रनाथ महतो को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने उन्हें सदाबहार चौक से हिरासत में ले लिया। इस दौरान पुलिस ने आंदोलनकारी छात्रों पर बल प्रयोग कर उन्हें भगा दिया। झारखंड सीजीएल के लिए नामकुम स्थित आयोग कार्यालय में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन शुरू हो गया है। लेकिन इस बीच कुछ अभ्यर्थियों ने आंदोलन शुरू कर दिया जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर छात्रों को खदेड़ दिया। इस दौरान आंदोलनकारी छात्र आसपास की कॉलोनियों में छिपकर अपनी जान बचाने को मजबूर हो गए।

गौरतलब है कि जेएलकेएम नेता देवेंद्रनाथ महतो अपने समर्थकों के साथ आयोग के दफ्तर का घेराव करने पहुंचे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रियंका फिलिस्तीन के सपोर्ट वाला बैग लेकर संसद पहुंचीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी सोमवार को संसद में फिलिस्तीन के समर्थन वाला एक बैग लेकर पहुंची। इस पर लिखा है- 'फिलिस्तीन आजाद होगा।' हैंड बैग पर शांति का प्रतीक सफेद कबूतर और तरबूज भी बना था। इसे फिलिस्तीनी एकजुटता का प्रतीक माना जाता है।



इससे पहले जून 2024 में भी प्रियंका ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आलोचना की थी। तब प्रियंका की टिप्पणी नेतन्याहू के अमेरिकी कांग्रेस को दिए भाषण में गाजा में चल रहे युद्ध का बचाव करने के बाद आई थी। तब उन्होंने कहा था कि गाजा में इजराइल सरकार ने क्रूरतापूर्वक नरसंहार किया है।

### योगी बोले-संभल में 1947 से अब तक 209 हिंदुओं की हत्या

**किसी ने 2 शब्द नहीं कहे**

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सीएम योगी ने कहा- संभल में 1947 से अब तक हुए दंगों में 209 हिंदू मारे गए हैं। किसी ने एक बार भी उन निर्दोष लोगों के लिए संवेदना व्यक्त नहीं की। ये लोग हाल ही में हुए संभल दंगे पर आंसू बहा रहे हैं। ये लोग सौहार्द की बात कर करते हैं। शर्म आनी चाहिए।भारत में राम-कृष्ण और बुद्ध की परंपरा रहेगी। बाबर और औरंगजेब की नहीं रहेगी। योगी ने कहा मुस्लिम समाज का जुलूस मंदिर के सामने से निकल जाता है। कोई समस्या नहीं होती है। हिंदू समाज की शोभायात्रा मस्जिद के सामने से निकलती है तो दिक्कत क्यों होती है?



### पीएम मोदी से मिले श्रीलंका के राष्ट्रपति

**गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उनका गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। राष्ट्रपति बनने के बाद दिसानायके की यह पहली विदेश यात्रा है। वो 15 दिसंबर से 17 दिसंबर तक भारत की राजकीय यात्रा पर हैं।



दिसानायके के साथ जॉइंट स्टेटमेंट में पीएम मोदी ने कहा कि मैं श्रीलंका के राष्ट्रपति का भारत में स्वागत करता हूं। मुझे खुशी है कि राष्ट्रपति बनने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए उन्होंने भारत को चुना है। इस यात्रा से दोनों देशों के रिश्तों में नई ऊर्जा का सृजन हो रहा है। हमने अपनी साझेदारी के लिए एक फ्यूचरिस्टिक विजन अपनाया है।

# संसद का शीतकालीन सत्र, नहीं थम रहा हंगामा

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच जमकर तकरार
- सीतारमण बोलीं- नेहरू ने संविधान संशोधन स्वार्थ के लिए किया
- खड़गे बोले- आप जेएनयू से पढ़ीं, मैं म्यूनिसिपल स्कूल से, आपकी हिन्दी-अंग्रेजी अच्छी, कर्म नहीं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा में सोमवार को संविधान पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच जमकर तकरार हुआ। वित्त मंत्री ने कहा- कांग्रेस पार्टी परिवार और वंशवाद की मदद करने के लिए बेशर्मी से संविधान में संशोधन करती रही। ये सत्ता में बैठे लोगों की रक्षा के लिए किया गया था।

इस पर खड़गे ने कहा, जो लोग तिरंगे, अशोक चक्र और संविधान से नफरत करते थे, वे आज शिक्षा दे रहे हैं। जब संविधान बना, तो इन लोगों ने इसे जला दिया था। जिस दिन संविधान अपनाया गया था, इन्होंने रामलीला मैदान दिल्ली में बाबासाहेब अंबेडकर, जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी के पुतले जलाए थे। आरएसएस के नेता संविधान का विरोध इसलिए करते हैं क्योंकि यह मनुस्मृति पर आधारित नहीं है।

### खड़गे ने भाषण के अंत में राहत इंदौरी की शायरी पढ़ी

जिधर से गुजरो धुआं बिछा दो, जहां भी पहुंचो धमाल कर दो
तुम्हें सियासत ने हक दिया है, हरी जमीनों को लाल कर दो
अपील भी तुम, दलील भी तुम, गवाह भी तुम, वकील भी तुम
जिसे भी चाहे हराम कर दो जिसे भी चाहे हलाल कर दो...।


### वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा

कांग्रेस जीएसटी को 'गब्बर सिंह टैक्स' कहती है। धनखड़ ने कहा, 'क्या होगा अगर कोई गब्बर सिंह आकर कहे कि मुझे बदनाम किया गया है।' कांग्रेस ने दशकों तक पुराने संसद भवन के मध्य में बाबासाहेब अंबेडकर की तस्वीर नहीं लगने दी।

# उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन

**73 साल की उम्र में सैन फ्रांसिस्को में ली अंतिम सांस**

**सैन फ्रांसिस्को/नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्वविख्यात तबला वादक और पद्म विभूषण उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन हो गया है। उनके निधन की खबर रविवार रात से आ रही थी, लेकिन सोमवार सुबह परिवार ने इसकी पुष्टि की। वे इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस से जूझ रहे थे और दो हफ्ते से सैन फ्रांसिस्को के अस्पताल में भर्ती थे।



**रविवार देर रात निधन की अफवाह उड़ी थी-** रविवार देर रात भी उनके निधन की खबर आई थी। भारत के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने भी निधन संबंधी पोस्ट शेयर की थी, लेकिन बाद में इसे हटा लिया गया था। इसके बाद जाकिर की बहन और भांजे आमिर ने जाकिर के निधन की खबर को गलत बताया था।

**उस्ताद जाकिर हुसैन को 2023 में पद्म विभूषण सम्मान मिला-** उस्ताद जाकिर हुसैन को 1988 में पद्मश्री, 2002 में पद्म भूषण और 2023 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। उन्हें 2009 में पहला ग्रैमी अवॉर्ड मिला था। 2024 में उन्होंने 3 अलग-अलग एल्बम के लिए 3 ग्रैमी भी जीते।

## याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा सवाल

**'मस्जिद के अंदर जय श्री राम का नारा लगाना अपराध कैसे'**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक मामले की सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता से पूछा कि 'जय श्री राम' का नारा लगाना कैसे अपराध है। मीडिया सूत्रों के अनुसार सुप्रीम कोर्ट में कर्नाटक हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की गई थी, जिसमें मस्जिद के अंदर कथित तौर पर 'जय श्री राम' का नारा लगाने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ कार्यवाही रद्द करने का आदेश दिया गया था।

शिकायतकर्ता हैदर अली सी एम द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस पंकज मिथल और संदीप मेहता की पीठ ने पूछा, 'वे एक खास धार्मिक नारा या नाम चिल्ला रहे थे। यह कैसे अपराध है?' शीर्ष अदालत ने शिकायतकर्ता से यह भी पूछा कि कथित तौर पर मस्जिद के अंदर नारा लगाने वाले लोगों की पहचान कैसे की गई।

# देश में सर्दी ढा रही है सितम

- जम्मू-कश्मीर के बारामूला में झरना जमा
- म.प्र.के शहडोल में पारा 1 डिग्री, अयोध्या में 2.5 डिग्री, कानपुर में 4.5 डिग्री के साथ 13 साल का रिकॉर्ड टूटा, राजस्थान में पत्तों पर बर्फ जमी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के कारण देश के उत्तरी राज्यों में सर्दी तेज होती जा रही है। मध्य प्रदेश में 7 दिनों से शीतलहर चल रही है। सोमवार को भोपाल, जबलपुर समेत 37 जिलों में कोल्ड वेव का अलर्ट है। शहडोल में तापमान 1.0 डिग्री पहुंच चुका है।



उत्तर प्रदेश के अयोध्या में पारा 2.5 डिग्री पहुंच चुका है। कानपुर में 13 साल बाद न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यहां 2011 में 15 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 4.7 डिग्री दर्ज हुआ था।

राजस्थान में अगले चार दिन कड़ाके की ठंड पड़ने का अनुमान है। सीजन में पहली बार शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। फतेहपुर (सीकर) में तापमान माइनस में रिकॉर्ड किया गया। माउंट आबू में पत्तों पर बर्फ जम गई है।

मौसम विभाग ने बिहार-हरियाणा समेत 14 राज्यों में कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया है। पंजाब और म.प्र.में सीवियर कोल्ड वेव की चेतावनी जारी की गई है। माउंट आबू में तेज सर्दी पड़ रही है। यहां घर के बाहर रखे बर्तनों में पानी जमने लगा है। अजमेर में गाड़ियों पर बर्फ जम गई। यहां पत्तों पर भी ओस की जमी हुई बूंदें देखने को मिली। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में सुबह 7 बजे कोहरे के कारण विजिबिलिटी 50 मीटर रह गई।

## 'दिखाओ कैसे हैक किया जा सकता है'

**ईवीएम के मुद्दे पर बंटा विपक्ष**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम के मुद्दे पर विपक्षी पार्टियां आपस में ही बंटी नजर आ रही हैं। एक ओर जहां कांग्रेस समेत कुछ विपक्षी पार्टियां लगातार ईवीएम पर सवाल उठाती रही हैं तो वहीं आईएनडीआई गठबंधन में शामिल टीएमसी ने इस मुद्दे पर असहमति जताई है। तृणमूल कांग्रेस के सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने इस मुद्दे पर आरोपों को केवल बिना सोचा समझा बयान करार दिया। साथ ही मांग की कि ऐसे आरोप लगाने वालों को साबित करके दिखाना चाहिए कि ईवीएम को कैसे हैक किया जा सकता है। अभिषेक ने कहा, ईवीएम पर सवाल उठाने वाले लोगों के पास अगर कुछ है तो उन्हें चुनाव आयोग को डेमो दिखाना चाहिए।



**पीएम म्यूजियम का राहुल को लेटर-**

# नेहरू के डॉक्यूमेंट्स लौटाएं

- इसमें एडविना, जेपी, आइंस्टाइन को लिखी चिट्ठियां, 2008 में सोनिया ने म्यूजियम से मंगवाए थे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम म्यूजियम की ओर से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लेटर लिखा गया है, जिसमें उनसे नेहरू से जुड़े डॉक्यूमेंट्स वापस करने की मांग की गई है।

प्रधानमंत्री म्यूजियम और लाइब्रेरी सोसाइटी के सदस्य रिजवान कादरी ने सोमवार को कहा कि 2008 में 51 बक्सों में भरकर नेहरू के पर्सनल लेटर सोनिया गांधी के पास पहुंचाए गए थे। या तो सभी लेटर वापस किए जाएं, या फिर इन्हें स्कैन करने की इजाजत दी जाए, क्योंकि ये डॉक्यूमेंट्स पहले ही पीएम म्यूजियम का हिस्सा थे।




रिजवान ने कहा- सितंबर 2024 में भी मैंने सोनिया गांधी को लेटर लौटाने के लिए पत्र लिखा था, लेकिन उनसे कोई जवाब नहीं मिलने पर मैंने अब राहुल को पत्र लिखा है। राहुल गांधी को रिजवान ने 10 दिसंबर को लेटर लिखा था।

### डॉक्यूमेंट्स के फोरेंसिक ऑडिट कराने की भी मांग

1971 में पीएम म्यूजियम को नेहरू के लेटर दिए गए थे। कादरी ने सितंबर में बताया था कि परिवार की प्रतिनिधि के तौर पर 2008 में सोनिया ने लेटर वापस बुलवाए थे। एक बार डोनेट किया गया सामान वापस नहीं किया जाता, फिर भी इन लेटर को वापस ले लिया गया था। इन लेटर को वापस लेने के पीछे सोनिया की क्या मंशा थी, ये म्यूजियम को तब भी नहीं बताई गई थी। अब भी नहीं पता है। मुझे विश्वास है कि इन डॉक्यूमेंट्स की सुरक्षा के लिए सद्भावनापूर्वक ऐसा किया गया होगा, लेकिन मेरे जैसे इतिहासकार इन लेटर को खोजने में उत्सुक हैं।हम चाहते हैं कि ये लेटर सुरक्षित रहें।

### दिल्ली में फिर से ग्रेप-3 प्रतिबंध लागू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में सोमवार को ग्रेप-3 (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) प्रतिबंध फिर से लागू कर दिए गए। एनसीआर इलाकों में भी ये प्रतिबंध लागू होंगे। दोपहर करीब 2.30 बजे शहर का एक्यूआई 366 रिकॉर्ड होने के बाद कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने ये फैसला किया। एक्यूआई का यह लेवल हवा की बहुत खराब श्रेणी को दिखाता है।

### अखिलेश यादव ने अरविंद केजरीवाल को दिया समर्थन

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) उम्मीदवार नहीं उतारेगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिल्ली में आप को बिना शर्त समर्थन देने की बात कही है। आम आदमी पार्टी सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर चुकी है।

## शंभू बॉर्डर पर आंदोलन- हरियाणा में किसानों का ट्रैक्टर मार्च

**भाजपा अध्यक्ष बोले- कांग्रेस-आप सरकार एमएसपी की गारंटी दे; विज ने कहा- ट्रेन न रोकें**



**पटियाला (एजेंसी)।** शंभू-खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों के समर्थन में सोमवार (16 दिसंबर) को हरियाणा में ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। हिसार, सोनीपत, चरखी दादरी, सिरसा, फतेहाबाद, कैथल और अंबाला में किसानों ट्रैक्टर मार्च निकाल प्रदर्शन किया।

हांसी में किसान ट्रैक्टर पर रामायण टोल से मिनी सचिवालय तक गए। वहीं सोनीपत के खरखौदा में रोहणा बाइपास चौक से मार्च निकाला गया। पंजाब में मार्च निकालने का ऐलान नहीं हुआ था। यहां 18 दिसंबर को रेल रोको आंदोलन किया जाएगा।

# स्वस्थ माता और स्वस्थ बच्चे के लिए टीकाकरण आवश्यक : डीसी

**धनबाद (एप्र)।** स्वस्थ माता और स्वस्थ बच्चे के लिए टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करना चाहिए। सभी स्वास्थ्य केंद्र में नियमित रूप से टीकाकरण अभियान चलाया जाना चाहिए और उसका जमीनी स्तर पर उत्तम निष्पादन करना चाहिए।उपरोक्त बातें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा न्यूमोकोकल कॉन्जुगेट वैक्सीन के 14 वैलेंट की शुरूआत के लिए आयोजित एक समारोह में कहीं।उन्होंने कहा कि किसी भी टीकाकरण कार्यक्रम में एक भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए। इसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों को कड़ी मेहनत करनी होगी। लोगों के बीच जागरूकता लाकर बच्चों और उनकी माता को टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य केंद्र तक लाना होगा।माता एवं बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए उन्हें कुपोषण उपचार केंद्र (एम.टी.सी.) में लाकर कुपोषण से मुक्त करना होगा। बैठक में उपायुक्त ने नियमित टीकाकरण, टीकाकरण से रोके जाने वाली बीमारियां, टीकाकरण के बाद के प्रतिकूल प्रभाव (ए.ई.एफ.आइ.) सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की।इस अवसर पर वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के एसएमओ डॉ अमित कुमार ने बताया कि नवंबर 2024 तक टीकाकरण में धनबाद जिले की उपलब्धि लगभग 96% है। जबकि हेपेटाइटिस बी में 94% रही। उन्होंने टीकाकरण के बाद के प्रतिकूल प्रभाव, रिपोर्टिंग करने की पद्धति, ग्लोबल वैक्सीन एक्शन प्लान, ए.ई.एफ.आइ. के लिए क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम सहित अन्य विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला।कार्यक्रम के दौरान बच्चों को न्यूमोकोकल कॉन्जुगेट वैक्सीन के 14 वैलेंट का टिका लगाकर इसका शुभारंभ किया गया। साथ ही ए.ई.एफ.आइ. सर्विलांस एंड रिस्पांस नामक पुस्तक का विमोचन किया गया।समारोह में उपायुक्त माधवी मिश्रा,उत्तरी छोटानागपुर के क्षेत्रीय उप निदेशक डॉ सिद्धार्थ सनयाल, सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्रभानु प्रतापन, डीआरसीएचओ डॉ रोहित गौतम,डॉ रवि रंजन झा,डॉ सुनिल कुमार के अलावा बाघमारा, बलियापुर, धनबाद सदर, गोविंदपुर, झरिया, निरसा, तोपचांची, टुंडी के एमओआईसी तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी मौजूद थे।




# सीआईएसएफ ने जयरामपुर कोलियरी में छापेमारी कर 3 टन कोयला किया जब्त

**अलकडीहा (एप्र)।** जयरामपुर कोलियरी के पास पांच नंबर चानक के समीप सीआईएसएफ ने सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की, जिसमें लगभग 3 टन कोयला जब्त किया। छापेमारी के दौरान कोयला तस्कर मौके से भाग गए और जब्त किए गए कोयले को बागडिगी कोलियरी के डंप में गिरा दिया गया। इसके अलावा, जयरामपुर कोलियरी के ऑटो गैरेज के पास एक अवैध खदान खोली जा रही थी, जिस पर भी छापेमारी की गई और अवैध मुहाना बंद कर दिया गया। बताया जाता है कि इस समय जयरामपुर कोलियरी और आस-पास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर कोयला तस्करी चल रही है, जिसमें लक्ष्मी कोलियरी के एक भट्टे में कोयलें गिराए जा रहे हैं और रात में ट्रकों के माध्यम से भेजे जा रहे हैं। इससे पहले भी सीआईएसएफ ने जिनागोडा माड़ी गोदाम में छापेमारी कर काफी मात्रा में कोयला जब्त किया था,फिर भी तस्करी नहीं रुक रही,जिससे स्थानीय पुलिस और प्रबंधन की मिली भगत का संदेह बढ़ता जा रहा है।कहा जा रहा है कि एक सिंडिकेट के माध्यम से यह सब हो रहा है, जबकि लोदना क्षेत्रीय प्रबंधन इस समस्या पर नजरअंदाज कर रहा है। सीआईएसएफ की मजबूत उपस्थिति के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई



नहीं हो रही है, और प्रतिदिन लाखों का कोयला तस्करों के जरिए बाहर भेजा जा रहा है।

## एक नजर

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया विजय दिवस



**बाघमारा (एप्र)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,बाघमारा में विजय दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य संतोष कुमार झा द्वारा दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन किया गया। प्राचार्य ने भैया-बहनों के समक्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की जीत का वर्णन करते हुए उन वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा आप सभी किसी भी रूप में देश की सेवा कर सकते हैं।आप जिस भी क्षेत्र में काम करो पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करो यह भी एक देश भक्ति ही है। विद्या भारती के विद्यालयों मे इस प्रकार के कार्यक्रमों से भैया-बहनों में देशभक्ति का भाव विकसित किया जाता है। मुख्य वक्ता मोहन पांडेय आचार्य ने बताया कि 16 दिसंबर भारत के इतिहास में काफी अहम दिन है क्योंकि 1971 में इसी दिन भारत ने पाकिस्तान पर जीत हासिल की थी। इस महत्त्वपूर्ण दिन को भारत में विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। भैया-बहनों ने भी इस स्वर्णिम विजय दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा हमें अपने सशस्त्र बलों और उनकी उपलब्धियों पर गर्व है। हम सभी के मन में देशभक्ति का भाव सदैव विद्यमान रहना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय आचार्य राजेश कुमार, नवीन कुमार मिश्रा, देवव्रत साहानी, कृष्ण कुमार पाण्डेय आदि का सहयोग रहा।

### ईकार्ट ऑफिस चोरी मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला किया दर्ज



**बाघमारा (एप्र)।** ईकार्ट ऑफिस में शटर का ताला तोड़कर चोरी के मामले में बाघमारा पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कांड संख्या 94/24 बी एन एस धारा 334 (1), 303 (2), 3 (5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वही घटना के बाद पुलिस फ्रेंचाइजी ऑफिस का सीसीटीवी फुटेज को फिर से खंगालना शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस को इस घटना से जुड़े कोई अहम सुराग नहीं मिली है। विदित हो कि शनिवार रात डुमरा हरिना हीरक सड़क मार्ग के समीप केब तोपचांची ओडीएच ऑफिस में शटर का ताला तोड़कर चोरों ने 9 लाख 69 हजार 202 रुपए की चोरी कर फरार हो गया था। घटना के बाद पुलिस इस मामले में क्षेत्र के संदिग्ध लोगों को तलाश लगातार कर रही है।

### न्यायाधीश के साथ उपायुक्त, एसएसपी ने किया धनबाद मंडल कारा का निरीक्षण

**धनबाद (एप्र)।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) वीरेंद्र कुमार तिवारी, उपायुक्त सह उपाध्यक्ष डालसा माधवी मिश्रा, एसएसपी सह सदस्य डालसा हृदीप पी जनार्दनन, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राकेश रोशन, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी हेमंत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता सह प्रभारी जेल अधीक्षक विनोद कुमार, सिटी एसपी अजीत कुमार, डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम व एलएडीसीएस की टीम ने सोमवार की संध्या मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया।निरक्षण के दौरान टीम ने पांच ऐसे बंदियों को चिह्नित किया, जिनकी उम्र 70 वर्ष है। वहीं दो ऐसे बंदी भी मिले जिन्हें गंभीर बीमारी है। न्यायाधीश तिवारी के नेतृत्व में टीम ने कारागार के हर हिस्से का मुआयना किया। न्यायाधीश ने चिह्नित किए गए बंदियों को मुक्त कराने के लिए समुचित कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके बाद टीम ने बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली। कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजने का निर्देश मंडल कारा चिकित्सक को दिया।वहीं टीम ने चिकित्सा सुविधा, पुस्तकालय, रसोई घर, वहां तैयार हो रहे भोजन, व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र तथा ध्यान-सह-योग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बंदियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। न्यायाधीश ने बंदियों को जेल मैनुअल के तहत मिलने वाली सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आदेश जेल प्रशासन को दिया।

# विधायक ने तेलमच्चो जलापूर्ति योजना के स्थल पर पीएचडी विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक



**महुदा (एप्र)।** बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने सोमवार को तेलमच्चो में जलापूर्ति योजना के प्राथमिक स्थल पर पीएचडी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने जलापूर्ति की सभी मशीनों को जल्दी ठीक करने के लिए निर्देश दिए और सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। साथ ही, उन्होंने जलापूर्ति योजना को व्यवस्थित तरीके से शुरू करने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए, ताकि तेलमच्चो, लोहापट्टी और कांड्रा पंचायत के लोगों को पानी की कमी का सामना न करना पड़े। यह जलापूर्ति योजना पूर्व विधायक ढुल्लू महतो की अनुशंसा पर भाजपा सरकार के रघुवर दास के कार्यकाल में बनाई गई थी, लेकिन कमीशनखोरी के चलते इसमें घटिया सामग्री का उपयोग किया गया और पानी की टंकी में लीकेज भी शुरू हो गई। तीनों पंचायतों के पूर्व मुखियाओं ने तेलमच्चो पेट्रोल पंप के समीप लंबे समय तक धरना प्रदर्शन किया, जिसे पीएचडी विभाग ने आश्वासन देकर समाप्त करवाया। ठेकेदार को विभाग के आदेशानुसार तीन वर्षों तक योजना का संचालन करना था, लेकिन उसने अपना पल्ला झाड़ लिया है, जिससे इस योजना में कई घोटालों का मामला सामने आया है और विभाग के पैसों का दुरुपयोग किया गया है।

# डालसा ने किया जागरूकता शिविर एवं प्रभात फेरी कार्यक्रम का आयोजन



**बाघमारा (एप्र)।** झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकर (डालसा) द्वारा जागरूकता शिविर एवं प्रभात फेरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डालसा के द्वारा विद्यालय के छात्राओं को बाल शोषण बाल विवाह के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि जबतक लोग जागरूक नहीं होंगे तब तक अपने हक एवं अधिकार से वंचित रहेंगे।इस लिए सभी को जागरूक होना पड़ेगा। लोगों को जागरूक करने के लिए डालसा द्वारा आगामी 90 दिनों का जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। लोगो को अपने अधिकार के प्रति सजक रहने की जरुरत है। मौके पर विद्यालय के वार्डन सरोज कुमारी ,सहायक शिक्षक देवंती एवं सविता कुमारी, बाघमारा प्रखंड पीएलबी दिनेश कुमार महतो एवं बाघमारा प्रखंड के अंतर्गत सभी थाना के पीएलबी मौजूद रहे।

# लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी में 20 से 22 दिसंबर तक पौष पार्बन मेला का आयोजन



**धनबाद (एप्र)।** बंगाली संगठन लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी इस साल 20 दिसंबर से 22 दिसंबर 2024 तक क्लब परिसर में अपना प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम पौष पार्बन मेला आयोजित करने जा रहा है। 16 दिसंबर 2024 को क्लब परिसर में आयोजित एक प्रेस वार्ता में क्लब के अध्यक्ष और पूर्व निदेशक सीआईएमएफआर डॉ. अमलेंदु सिन्हा ने कहा कि वर्ष 2019 से क्लब का यह आयोजन बड़ी संख्या में धनबाद और आसपास के क्षेत्र से मनोरंजन प्रेमी और सांस्कृतिक रूप से प्रेरित लोगों को आकर्षित करता है। पत्रकारों से बातचीत में डॉ. सिन्हा ने बताया कि इस वर्ष हृदीप पी.जनार्दन, एसएसपी, धनबाद ने 20 दिसंबर 2024 को उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बनने की सहमति दे दी है और डॉ. शर्मिला रानी, प्राचार्या, एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय सह डीन, शिक्षा, बीबीएमकेयू इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। तीन दिवसीय महोत्सव में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होंगे। बंगाली संस्कृति के खाद्य स्टाल और बंगाल के बाउल और बंगाली बैंड जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।


**उपायुक्त का कार्यालय, साहेबगंज**
**(जिला योजना शाखा)**

**अति अल्पकालीन प्रस्ताव के लिए अनुरोध (RFP) आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष-2024-25 में साहेबगंज जिला के UPG Govt. HS Jamnagar, Block-Rajmahal, UDISE-20090400303 में वेलनेस सेन्टर के अधिष्ठापन हेतु निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित RFP में वर्णित शर्तों के अनुसार तकनीकी एवं वित्तीय बीड (दो अलग-अलग भागों में) सील बंद लिफाफा में दिनांक- 23.12.2024 के दिन के 12:00 बजे तक विकास भवन स्थित जिला योजना कार्यालय, जिला-साहेबगंज, झारखण्ड पिन कोड-816109 में हाथों-हाथ या डाक (रजिस्ट्रड/स्पीड पोस्ट) के माध्यम से समर्पित कर सकते है।

निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु साहेबगंज जिला के आधिकारिक वेबसाइट https://sahibganj.nic.in पर अपलोड की गई RFP विवरणी में देखी जा सकती है या कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

ह0/-
जिला योजना पदाधिकारी,
साहेबगंज

PR 342128 Planning and Development (24-25)_D

**उपायुक्त का कार्यालय, साहेबगंज।**
**(जिला योजना शाखा)**

**अति अल्पकालीन प्रस्ताव के लिए अनुरोध (RFP) आमंत्रण सूचना।**

वित्तीय वर्ष-2024-25 में साहेबगंज जिला के UPG Govt. HS Bara Talbona, Block-Taljhari, UDISE- 20090906001 में वेलनेस सेन्टर के अधिष्ठापन हेतु निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित RFP में वर्णित शर्तों के अनुसार तकनीकी एवं वित्तीय बीड (दो अलग-अलग भागों में) सील बंद लिफाफा में दिनांक-23.12.2024 के दिन के 12:00 बजे तक विकास भवन स्थित जिला योजना कार्यालय, जिला-साहेबगंज, झारखण्ड पिन कोड-816109 में हाथों-हाथ या डाक (रजिस्ट्रड/स्पीड पोस्ट) के माध्यम से समर्पित कर सकते है।

निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु साहेबगंज जिला के आधिकारिक वेबसाइट https://sahibganj.nic.in पर अपलोड की गई RFP विवरणी में देखी जा सकती है या कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

ह0/-
जिला योजना पदाधिकारी,
साहेबगंज।

PR 342100 (Planning and Development) 24-25 (D)

**उपायुक्त का कार्यालय, साहेबगंज**
**(जिला योजना शाखा)**

**अति अल्पकालीन प्रस्ताव के लिए अनुरोध (RFP) आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष-2024-25 में साहेबगंज जिला के UPG Govt. HS Aatapur, Block-Udhwa, UDISE-20090502001 में वेलनेस सेन्टर के अधिष्ठापन हेतु निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित RFP में वर्णित शर्तों के अनुसार तकनीकी एवं वित्तीय बीड (दो अलग-अलग भागों में) सील बंद लिफाफा में दिनांक-23.12.2024 के दिन के 12:00 बजे तक विकास भवन स्थित जिला योजना कार्यालय, जिला-साहेबगंज, झारखण्ड पिन कोड-816109 में हाथों-हाथ या डाक (रजिस्ट्रड/स्पीड पोस्ट) के माध्यम से समर्पित कर सकते है।

निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु साहेबगंज जिला के आधिकारिक वेबसाइट https://sahibganj.nic.in पर अपलोड की गई RFP विवरणी में देखी जा सकती है या कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

ह0/-
जिला योजना पदाधिकारी,
साहेबगंज

PR 342132 Planning and Development (24-25)_D

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, देवघर**
**(जिला सामान्य शाखा)**
दूरभाष संख्या- 06432-232680 , ईमेल- gensecdeoghar@gmail.com

**सूचना**

निदेशानुसार देवघर जिलान्तर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति परीक्षा के निमित्त सभी अभ्यर्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त नियुक्ति हेतु प्रवेश पत्र वितरण एवं लिखित परीक्षा की संभावित तिथि निम्नवत निर्धारित की जाती है:-

1. प्रवेश पत्र वितरण की तिथि - 16.12.2024 अपराह्न 12:00 बजे से दिनांक-21.12.2024 अपराह्न 05:00 बजे तक (सभी संबंधित अंचल कार्यालय से)
2. लिखित परीक्षा की तिथि - 22.12.2024 (रविवार) अपराह्न 01:00 बजे से अपराह्न 02:30 बजे तक

उपरोक्त तिथियों में संशोधन होने की स्थिति में इस संदर्भ में सूचना https://deoghar.nic.in पर प्रकाशित कर दी जायेगी।

ह०/-
अपर समाहर्त्ता,देवघर

PR 342170 Deoghar(24-25).D

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**DRINKING WATER & SANITATION DIVISION, PAKUR.**

**Very Short Urgent Term E-Procurement Notice (3rd Call)**
**Tender Notice Reference No. -DWSD/PKR/27/2024-25 Dated : 16.12.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi. |
| 2 | Name of the Advertiser | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation, Division, Pakur. |
| 3 | Date of publication of Tender on Web site | 18.10.2024/ 11.00 AM |
| 4 | Last date /Time for receipt of Bid | 23.12.2024/05.00 PM |
| 5 | Last date/time of Online submission of Earnest Money and Cost of BOQ(As per Letter No.-120, dated-03.10.2023 of Secretary to Govt., Information Technology & e-Governance Department, Govt. of Jharkhand) | 23.12.2024/ 05.00P.M |
| 6 | Date of opening of Tender | 24.12.2024/5.00 P.M |
| 7 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Pakur, Jharkhand. |
| 8 | Contact no of Procurement office | 9110073326 |

| Sl. No | Name of Work | Block | Group No. | Nos. of Toilet | Estimated Cost (In Rs.) | Earnest money (In Rs.) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत- चाँचकी के ग्राम पूर्वी टोला मे कुर्बान अली के दुकान के पूर्व दिशा (प्लॉट सं0-769 के उत्तर दिशा) में शौचालय का निर्माण। | Pakur | PKR-04 | 1 | 6,94,392.00 | 14000.00 | 1250.00 | 02 Months |
| 2 | पंचायत-अर्जुनदाहा के ग्राम उपरमहुलबोना में पूजा मुर्मु के घर से बगल में सार्वजनिक शौचालय निर्माण। | Pakur | PKR-05 | 1 | 6,94,392.00 | 14000.00 | 1250.00 | 02 Months |

- अन्य किसी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य देय होगा।
- परिमाण विपत्र की राशि लौटाई नहीं जायेगी।

Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation
Division, Pakur.

PR 342155 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

**E-Procurement cell Office of the Executive Officer**
**Nagar Panchayat Mahagama , Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**

**3rd Call**

**e-procurement Notice**
**Very short E-Tender notice**
**NIT No. – UDD/NPM/05/2024-25, Date:-16/12/2024**

| Sl. No | E-TENDER REF NO. | NAME OF WORK | TENDER VALUE | TIME OF COMPLETION | EARNEST MONEY DEPOSIT | BID DOCUMENT FEES |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDD/NPM/05/2024-25 | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 4 KLD at Mahagama town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years | Construction Cost: ₹ 1,95,75,938.00<br>Operation & Maintenance Cost: ₹ 85,75,397.00<br>Total: ₹ 2,81,51,335.00 | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP s | ₹ 2,81,500 | ₹ 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | Date of Publication of tender on website | 23-12-2024 |
| 3 | Closing date and time for receipt of tender on website | 30-12-2024 Up to 03:00 PM |
| 4 | Opening date and time of opening of technical bid | 31-12-2024 Up to 05:00 PM |
| 5 | Name and address of office inviting tender | Office of Executive Officer, Nagar Panchayat Mahagama. |
| 6 | Helpline number of e-procurement cell | +91 8210988835 |

NOTE: AUTHORITY RESERVES THE RIGHT TO CANCEL TENDER WITHOUT SIGHTING ANY REASON THEREOF. FURTHER DETAILS CAN BE SEEN ON WEBSITE http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Officer
Nagar Panchayat Mahagama

PR.NO.342136 Urban Development and Housing(24-25):D

## एक नजर

### जिले के 31 केंद्रों पर किसानों से धान की हो रही खरीदारी




**श्वेत पत्र/देवघर (का.प्र.)।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 धान अधिप्राप्ति को लेकर किसानों की सुविधा के साथ कुल 31 केन्द्र, पैक्स का चयन किया गया है, जहां कल 15 दिसम्बर से धान की अधिप्राप्ति की जा रही है। साथ ही संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में अधिप्राप्ति के चल रहे कार्यों का शत-प्रतिशत अनुश्रवण किया जा रहा है। यह जानकारी डीसी विशाल सागर ने दी। उन्होंने बताया कि धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य रुपये 23 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर व एक सौ रुपये बोनस के रूप में दिया जायेगा। इसके अलावा उपायुक्त ने बिचौलियों की सक्रियता पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया है, ताकि किसान धान बिचौलियों के माध्यम से न बेचकर अधिक से अधिक संख्या में अपने धान की बिक्री अपने नजदीकी केंद्र में कर सकें।

### पीएम को पत्र, कम दर का कॉलिंग प्लान उपलब्ध कराने की मांग



**देवघर (का.प्र.)।** भाजपा नेता चंद्रशेखर खवाड़े ने पीएम को पत्र लिखकर आम जनमानस तक मोबाइल की पहुंच और सदुपयोग को बरकरार रखने के लिए कम दर का कॉलिंग प्लान उपलब्ध कराने की मांग की है। खवाड़े का कहना है कि मोबाइल की पहुंच और उसका उपयोग गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली 37% आबादी कर रही है। डिजिटल क्रांति के युग में मोबाइल, लैपटॉप, टैबलेट जैसे संसाधनों में इंटरनेट से बातचीत, व्यापार, वीडियो कॉलिंग जैसी सुविधाओं के कारण जहाँ जन जीवन को शीघ्रता और सफलता मिल रही है। सभी मोबाइल कंपनी को एक लाइफ टाइम सिम जिसमें वार्षिक रिचार्ज कम से कम दर उपलब्ध कराए।

### वर्ल्ड एथलेटिक्स की लेवल-2 में कोच की परीक्षा में दीपक ने पाई सफलता




**देवघर (का.प्र.)।** खेलो इंडिया सेंटर कुमैठा के प्रशिक्षक दीपक कुमार ने नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान, पटियाला में 10 से 15 दिसंबर 2024 तक अयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स उएउर लेवल-2 कोचिंग कोर्स पास कर लिया है। यह पूरा कोर्स जर्मनी के कोच गुंटर लांगे द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। दीपक कुमार ने सभी विषयों में 100 प्रतिशत मार्क्स लाकर लेवल 3 के लिए क्वालिफाई किया। लेवल 3 की पढ़ाई विदेश में होती है। उम्मीद है 2025-26 में इसकी परीक्षा होगी। दीपक की सफलता पर जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े, जिला ओलंपिक संघ के सचिव चन्दना झा, जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव मनोज मिश्र, जिला प्राधिकरण के सचिव आशीष झा, जिला ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष नवीन शर्मा, रवि केशरी, सुरेश शाह, कोच आलोक राठौर, नीतीश सिंह, बंटी नन्दन सिंह, लाली, प्रभाकर शांडिल्य, आशीष दुबे, गौरव, चंदन, रजनी, कैफ ने बधाई दी।

### वरिष्ठ सदस्य ने निधन पर खुदरा दुकानदार संघ ने जताया शोक

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** जिला खुदरा दुकानदार संघ देवघर के वरिष्ठ सदस्य 79 वर्षीय चंद्रकांत पटेल का आकस्मिक निधन पर गणेश मार्केट स्थित संघ कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। मौके पर देवघर जिला खुदरा दुकानदार संघ के सचिव संजय बरनवाल ने कहा के स्व. पटेल मृदुभाषी स्वभाव के व्यक्ति थे और निरंतर समाज सेवा में अग्रसर रहते थे। उनके निधन पर देवघर जिला खुदरा दुकानदार संघ उनके परिवार के प्रति गहरा दुःख और शोक संवेदना व्यक्त करता है। साथ ही संघ के पदाधिकारी और सभी सदस्यों ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोक संतृप्त परिवार को दुःख सहने की शक्ति और साहस प्रदान करें। इस अवसर पर शोकसभा में सुरेश रुंगटा, विनय द्वारी, पप्पू सरावगी, राजेश केसरी, मनोज गुप्ता, संजय केसरी, अनूप केसरी, संजय बरनवाल ,अशोक बरनवाल, प्रदीप गुप्ता सहित काफी संख्या में अन्य दुकानदार उपस्थित थे।

### फाइलेरिया रोगियों के बीच किट का वितरण

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** शहरी क्षेत्र अंतर्गत के विभिन्न वार्डों में फाइलेरिया से ग्रसित लिम्फोडेमा के रोगियों को उनके प्रभावित अंगों की देखभाल एवं साफ सफाई और विकलांगता की रोकथाम (एमएमडीपी) के लिए किट सहित एमसीआर फाइलेरिया चप्पल निःशुल्क वितरण किया गया। कुल 26 लिंफोडेमा के रोगियों को एमएमडीपी किट सहित एमसीआर फाइलेरिया चप्पल निःशुल्क दिया गया। किट वितरण के साथ रोगियों को उपयोग करने की विधि, अपने प्रभावित अंगों की देखभाल करने के विभिन्न तरीकों के साथ उचित व्यायाम करने के लिए भी आवश्यक जानकारी दी गई। एमएमडीपी सह फाइलेरिया चप्पल का निःशुल्क वितरण 20 दिसंबर 2024 तक किया जाना है। इधर फाइलेरिया उन्मूलन के उद्देश्य से सदर अस्पताल में हाइड्रोसील ऑपरेशन मेगा कैंप में 22 मरीजों ने अपना निबंधन कराया है। इस अवसर पर जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ अभय कुमार यादव, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल डॉ प्रभात रंजन, जिला भीबीडी सलाहकार डॉ गणेश कुमार के साथ कांग्रेस मंडल, राकेश कुमार, नितीश कुमार उपस्थित थे।

### विजय सिंह के निधन पर पूर्व स्पीकर ने जताया शोक

**सारठ(एप्र)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा संथाल परगना प्रमण्डलीय संयोजक सह केन्द्रीय महासचिव झारखंड आंदोलनकारी दुमका निवासी विजय सिंह पर पूर्व स्पीकर शशांक शेखर भोक्ता ने शोक व्यक्त किया है। विजय सिंह के निधन की जानकारी पाकर शशांक भोक्ता दुमका स्थित उनके आवास पहुंचे और पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन किया। झामुमो के लिए यह अपूरनीय क्षति है। उधर, झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के पितृशोक पर शशांक भोक्ता उनके आवास पहुंच कर दिवंगत आत्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

# श्मशान घाट तालाब की होगी सफाई और विद्युत व्यवस्था भी सुधरेगी

## डीसी विशाल सागर ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिया निर्देश



**श्वेत पत्र/देवघर (का.प्र.)।** डीसी विशाल सागर ने नगर निगम देवघर द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान कचड़ा प्रबंधन, साफ-सफाई, वाटर सप्लाई, वाटर कनेक्शन, एमएसडब्ल्यूएम द्वारा किये जा रहे कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। डीसी ने नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत सभी 36 वार्डों में रोजाना के कचड़ा उठाव, साफ-सफाई को लेकर किये जा रहे कार्यों की वस्तुस्थिति से अवगत हुए। साथ ही उपायुक्त ने नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत अतिक्रमण को लेकर किये जा रहे कार्यों को लेकर नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी 36 वार्डों में विशेष निगरानी रखें और अतिक्रमण मुक्त निगम क्षेत्र को बनाने की दिशा में कार्य करें।

**सर्वजन पेंशन योजना से सफाई कर्मियों को जोड़ा जाएगा**

उपायुक्त ने नगर निगम के सभी सफाई कर्मियों को मिल रही सुविधा एवं सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की वस्तुस्थिति से अवगत हुए। साथ ही सफाई कर्मियों को राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना सर्वजन पेंशन योजना से आच्छादित करने का निर्देश उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने नगर क्षेत्र अन्तर्गत साफ-सफाई व्यवस्था को और भी बेहतर करते हुए वार्ड वाईज साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में श्मशान घाट के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिया। साथ ही उपायुक्त ने श्मशान परिसर स्थित तालाब की साफ-सफाई, पेयजल के अलावा विद्युत व्यवस्था व स्ट्रीट लाइट की सुदृढ़ व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

**एक दिन पहले मंत्री के साथ डीसी ने लिया था जायजा**

साफ-सफाई के साथ थर्मोकॉल व प्लास्टिक के उपयोग को नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने की दिशा में जमीनी स्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया। एक दिन पूर्व डीसी ने मंत्री हफीजुल हसन के साथ श्मशान घाट का निरीक्षण भी किया था। बैठक में उप विकास आयुक्त नवीन कुमार, नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, सहायक नगर आयुक्त, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## हिंदी विद्यापीठ में तीन दिनों के अवकाश की घोषणा

**देवघर (का.प्र.)।** हिंदी विद्यापीठ के व्यवस्थापक, बीएड कॉलेज के चेयरमैन व तक्षशिला विद्यापीठ के एमडी पूर्व मंत्री डॉ. कृष्णानंद झा के निधन पर विद्यापीठ परिसर स्थित तीनो संस्थानों में सोमवार को तीन दिनों के लिए अवकाश की घोषणा की गई। इससे पूर्व साढ़े 10 बजे हिंदी विद्यापीठ परिसर में तीनों संस्थानों के कुलसचिव व प्राचार्य समेत सभी कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने अपने अभिभावक स्व.झा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर संस्था के कुलसचिव कौशल किशोर ठाकुर, डॉ. संजय कुमार खवाड़े, हिन्दी विद्यापीठ बीएड कॉलेज की प्राचार्या डॉ. आशा मिश्रा, उप प्राचार्या डॉ. रीतू रानी तथा तक्षशिला विद्यापीठ के प्रभारी प्राचार्य शुभरो भट्टाचार्य ने तस्वीर पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात सभी कर्मचारीगण तथा छात्र-छात्राओं ने अपने संस्थान प्रमुख की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस बीच सबों ने दो मिनट का मौन धारण कर स्व.झा की आत्मा को शांति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। इस अवसर पर संस्थान के मीडिया प्रभारी शम्भू सहाय, साहित्य प्रेस प्रबंधक हिमांशु झा, कार्यालय अधीक्षक संजय कुमार व पंकज कुमार सिन्हा समेत सैकड़ों कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद थी। शोकसभा के अंत मे कुलसचिव ने विद्यापीठ द्वारा संचालित तीनो संस्थान में तीन दिनों की अवकाश की घोषणा किया।

**कृष्णानंद झा के निधन पर जताया शोक**



पूर्व मंत्री कृष्णानंद झा के निधन पर पंडा समाज जन कल्याण मंच के अध्यक्ष आशीष कुमार झा शोक व्यक्त किया है। शोक संदेश में आशीष कुमार झा ने कहा कि डॉ. कृष्णानंद झा के निधन से देवघर व्यथित है। हमने एक सम्मानित जन नायक खो दिया है। समाज के लिए उनकी सेवाओं को हमेशा याद रखा जाएगा। दुःख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों और शुभचिंतकों के साथ हैं। डॉ. कृष्णानंद झा ने सामाजिक प्रगति और शांति के लिए दशकों तक काम किया। सामाजिक कल्याण के लिए उनके लगाव तथा उनके नेतृत्व अनुभवों ने समाज का महत्व बढ़ाया। प्रेरणात्मक साहस दिखाने के लिए उनको हमेशा याद किया जाएगा।

**मिथिला मंच ने जताया शोक**

बैद्यनाथ मिथिला संस्कृति मंच के सभागार मे कृष्णानन्द झा के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। उपस्थित सदस्यों द्वारा एक मिनट का मौनव्रत धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई। मौके पर संस्था के अध्यक्ष ओम प्रकाश मिश्रा, सचिव हरि मोहन झा, अरुण कुमार झा, अश्विनी कुमार झा, योगेंद्र झा, बिनोद झा, हरेकृष्ण झा उपस्थित थे।

# 22 को होगी चौकीदार बहाली की परीक्षा

## डीसी ने चौकीदारों की सीधी नियुक्ति को लेकर की बैठक



**श्वेत पत्र/देवघर (का.प्र.)।** डीसी विशाल सागर की अध्यक्षता में सोमवार को चौकीदार नियुक्ति संबंधी बैठक का आयोजन समाहरणालय कक्ष में किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में चौकीदारों की सीधी नियुक्ति को लेकर आगामी 22 दिसंबर को लिखित परीक्षा होनी है। ऐसे में आयोजन की सभी आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अभ्यर्थियों की सुविधा, परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा, सभी केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने, फिजिकल टेस्ट आयोजन को लेकर आवश्यक सभी व्यस्थाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि किसी प्रकार की असुविधा या अव्यवस्था न हो।

**कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर कई निर्देश दिये गए**

डीसी ने संबंधित अधिकारियों को चौकीदार नियुक्ति से जुड़ी जानकारी के साथ परीक्षा केंद्रों के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। साथ ही केंद्राधीक्षक एवं वीक्षकों के चयन हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) निर्गत करने एवं उसे आवेदकों को भेजने के लिए संबंधित प्रखंड, अंचल का निर्धारण किया गया है। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा कराना हम सभी की जिम्मेवारी है। ऐसे में परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेंटर ऑब्जर्वर एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निर्देशों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन सुनिश्चित कराएं। उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों में ससमय प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने के लिए सभी तैयारी पूर्व में ही पूर्ण कर लेने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया, ताकि 22 दिसम्बर को जिले के कुल 10 केंद्रों पर चौकीदार के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा का सफल आयोजन किया जा सके।

**बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी**

साथ ही मेडिकल टीम, पेयजल, चलंत शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अलावा सभी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ प्रक्रिया सम्पन्न कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। आगे बैठक में विचार विमर्श करते हुए शारीरिक जांच, शारीरिक माप, दौड़ एवं शारीरिक जांच कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त नवीन कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमर प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी बिनोद कुमार, कोषागार पदाधिकारी राकेश कुमार, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

**Bf I ÐÕÛf§X Vife fSAff**

- आर मित्रा डिस्ट्रीक्ट सीएम एसओई देवघर
- आरएल सर्राफ उच्च विद्यालय देवघर
- मातृ मंदिर बालिका विद्यालय देवघर
- गोवर्धन साहित्य हाई स्कूल देवघर
- दीनबंधु मिडिल स्कूल देवघर
- एमएलजी उच्च विद्यालय मधुपुर
- अंची देवी सर्राफ बालिका उच्च विद्यालय मधुपुर
- श्यामा प्रसाद मुखर्जी उच्च विद्यालय मधुपुर
- संत जोसेफ उच्च विद्यालय मधुपुर
- न्यू संत जेवियर हाई स्कूल मधुपुर

## मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित



**बैद्यनाथधाम (निसं)।** केंद्रीय कारा में एनसीडी कार्यक्रम के तहत मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय कारा के कैदियों एवं कर्मियों के लिए एक मानसिक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमे मानसिक रोगों से निपटने की विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर डॉ. राजीव रंजन राज, जेल अधीक्षक, रवि चन्द्र मुर्मू, मो. शरीफ मौजूद थे।

## विशनपुर उत्क्रमित प्रावि में सुबह 10.30 बजे तक लटका था ताला




**बैद्यनाथधाम (निसं)।** मोहनपुर प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय विशनपुर का सोमवार को नहीं खुला। सुबह 9 बजे सारे बच्चे स्कूल पहुंच गए, लेकिन 10.30 तक विद्यालय में ताला लटका हुआ था। नतीजतन, सारे बच्चे घर लौट गए। मोहनपुर के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संत मर्सी टुडू ने कहा कि सभी स्कूल में आने का समय निर्धारित किया गया है। शिक्षकों को समय पर आना चाहिए अगर शिक्षक समय पर स्कूल नहीं आ रहे हैं। इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्पष्टीकरण भी पूछा जाएगा।

## ई-नाम योजना की दी गई जानकारी



**बैद्यनाथधाम (निसं)।** कृषि उत्पादन बाजार समिति में पणन सचिव राहुल कुमार ने एफपीओ के साथ बैठक की। इसमें भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना ई-नाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। किसानों के हितकारी कार्य के लिए ई-नाम से जोड़ने एवं व्यापार का बढ़ावा देने और लेन-देन को पारदर्शी रूप में करने के साथ किसानों के उपज का सही मुल्य सीधे उनके खाते में पहुंचाने आदि के बारे में बताया गया। किसानों को अपने उपज बेचने के लिए कृषि उत्पादन बाजार समिति, देवघर में लाने एवं व्यापार करने के लिए किसानों के साथ बैठक कर बाजार समिति, देवघर में ई-नाम पोर्टल से जाड़ने के लिए कार्य करने की सहमति दी गई। मौके पर स्टेट को-ऑडिनेटर संतोष कुमार मौजूद थे।

## क्रांतिकारी सखाराम गणेश देउस्कर की 155 वीं जयंती पर विशेष

# सखाराम की देशेर कथा प्रकाशित होने पर हिल गई थी अंग्रेजी सरकार



**करौं (एप्र)।** भारत स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी, पत्रकार, लेखक व स्तभंकार पंड़ित सखाराम गणेश देउस्कर का करौं से जुड़ाव रहा है। भले ही वे मराठी मानुष थे, लेकिन करौं उनका कार्यक्षेत्र रहा है। करौं निवासी व वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल बताते हैं कि सखाराम गणेश देउस्कर को करौं ग्रामवासी प्यार से सखाराम बाबू कहकर बुलाते थे। इनका जन्म 17 दिसम्बर1869 करौं ग्राम में हुआ था। इनके पूर्वज मराठी मूल के थे। महाराष्ट्र के देउस गांव में इनका परिवार रहता था। कालान्तर में अठ्ठारह सदी में मराठा के विस्तार के फलस्वरूप सखाराम बाबू के सपरिवार करौं ग्राम आकर बस गए। सखाराम जब पांच बर्ष के थे, तभी इनकी माता का देहान्त हो गया । इनका लालन-पालन-पोषण उनकी बुआ ने किया। उनके उपदेश से प्रेरण ग्रहण करते हुए सखाराम ने वेद-पुराण, दर्शन इतिहास, राजनीति शास्त्र आदि पुस्तकों का गहन अध्ययन किया । इनके राजनीतिक गुरु बाल गंगाधर तिलक थे। सखाराम देवघर स्थित आरमित्रा विद्यालय से 1891 ई. मैट्रिक पासकर इसी विद्यालय में शिक्षक के पद पर1893 में आसीन हए। अध्यापन के साथ राजनैतिक व सामाजिक गतिविधियों पर चिंतन- मनन करते रहे। क्रांतिकारी राजनारायण बसु से इनका रिश्ता बना। अपनी अभिव्यति को प्रकट करने के लिए इन्होंने बांग्ला की विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में आलेख लिखते थे। 1894 में हार्ड नामक अंग्रेज मजिस्ट्रेट देवघर में उनके अत्याचारों से लोग परेशान थे। सखाराम बाबू नियमित रूप से हार्ड के खिलाफ लिखते थे। हितवादी पत्रिका के लेख के कारण हार्ड ने इन्हें आर मित्रा स्कूल से निकालने की धमकी तक दे डाली थी। उन्होंने शिक्षक पद से त्यागपत्र देकर कलकता आकर हितवादी पत्रिका जुड़ गए। 1907 में सूरत में कांग्रेस के अधिवेशन को लेकर हितवादी के मालिक ने सखाराम बाबू को गरम दल व तिलक के विरुद्ध सम्पादकीय लिखने का आदेश दिया। लेकिन सखाराम बाबू ने इनकार करते हितवादी पत्रिका से त्याग पत्र देकर कलकता के ही राष्ट्रीय शिक्षा परिषद में योगदान किये ।इतिहास के शिक्षक बने। इसके बाद ये भारतीय नव जागरण में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते रहे । अरविन्द घोष सरीखे लोगों के साथ रहकर कई पुस्तकों का प्रकाशन किया, जिसमें महमति रानाडे, झासीर राजकुमार, बाजी राव, आनन्दी बाई, शिवाजीर शिक्षा, शिवाजीर महत्व, देशेर कथा आदि शामिल हैं। 1904 में देशेर कथा पुस्तक बंगला में प्रकाशित होने से अंग्रेज सरकार की चुलें हिल गई। पुस्तक में ब्रिटिश सरकार के अत्याचार, शोषण, अन्याय का आलेख था। अंग्रेजी सरकार इस पुस्तक को जब्त कर लिया था। सखाराम करौं छात्र-छात्राओं को नियमित पढ़ाते थे। आज यहां शिशु मंदिर में चल रहा है। 1912 इनका निधन हो गया।

## पुस्तक मेला समिति ने चुन्ना और सुरेश का किया नागरिक अभिनंदन

### आमंत्रण पत्र और रश्मिरथी पुस्तक भेंट की



**बैद्यनाथधाम (निसं)।** पुस्तक मेला समिति के सदस्यों ने सारठ के नव निर्वाचित विधायक उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह और देवघर विधायक सुरेश पासवान का नागरिक अभिनंदन किया। स्थानीय दून पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग मौजूद थे। मौके पर 11 जनवरी 2025 से 21 जनवरी 2025 तक चलने वाले पुस्तक मेला के लिए आमंत्रण पत्र और रश्मि रथी पुस्तक के साथ विधायक को स्मारिका भेंट की गई। विधायक को पुस्तक मेला का संरक्षक भी बनाया गया। मौके पर स्कूल के निर्देशक सर्वेश्वर प्रसाद सिंह, पुस्तक मेला संयोजक डॉ सुभाष चंद्र राय, मेला प्रभारी आलोक मल्लिक, दीपक कुमार, बीरेंद्र सिंह, डॉ विजय शंकर, राजेश कुमार, राकेश राय, राम किशोर, अंजनी किशोर, जिम्मी, अभिषेक सूर्या, अंजनी सिंह के द्वारा विधायक को माला और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

# बंगाल से बदमाशों को लाकर गुंडागर्दी करते हैं हेडमास्टर




**पाकुड़ (एप्र)।** सदर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय फरसा में प्रबंध समिति को दरकिनार कर प्रभारी प्रधान शिक्षक मासुद हुसैन खुद एमडीएम चला रहे हैं। प्रबंध समिति के अध्यक्ष और सदस्यों को स्कूल में घुसने तक नहीं देते हैं। अध्यक्ष और सदस्यों के साथ-साथ संयोजिका को भी स्कूल में घुसने की इजाजत नहीं है। इतना ही नहीं काम के बहाने बंगाल से अपरादी किस्म के लोगों को लाकर स्कूल में गुंडागर्दी करते हैं। यह आरोप प्रबंध समिति के अध्यक्ष और कई सदस्यों के साथ-साथ संयोजिका एवं अन्य लोगों ने प्रभारी प्रधान शिक्षक मासुद हुसैन पर लगाया है। पिछले कई दिनों से प्रबंध समिति और प्रधान शिक्षक के बीच लगातार विवाद की सूचना पर शिक्षा विभाग के अधिकारी स्कूल पहुंचते हैं। फिर भी कोई हल नहीं निकल रहा है। इधर विद्यालय में प्रधान शिक्षक की मनमानी को लेकर सोमवार को प्रबंध समिति अध्यक्ष नुतफन निशा एवं सदस्यों तथा संयोजिका नासिमा बीवी के साथ-साथ मुखिया पति जियाउल शेख, युवा सामाजिक कार्यकर्ता हबीबुर शेख सहित दर्जनों लोग प्रधान शिक्षक से मिलने और समस्याओं के समाधान को लेकर बात करने के लिए स्कूल पहुंचे। लेकिन प्रधान शिक्षक मासुद हुसैन स्कूल में मौजूद नहीं थे। इसलिए उनसे बात नहीं हो पाई। इस दौरान इन सभी लोगों ने प्रधान शिक्षक एवं स्कूल के एक अन्य शिक्षक पर कई गंभीर आरोप लगाया है। प्रबंध समिति के अध्यक्ष नुतफन निशा, संयोजिका नसीमा बीवी, समिति के सदस्य आजिद शेख, युवा सामाजिक कार्यकर्ता हबीबुर शेख सहित अन्य लोगों ने प्रधान शिक्षक एवं स्कूल के अन्य शिक्षक पर मनमानी करने एवं कई गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें स्कूल से हटाने की मांग की। अध्यक्ष नुतफन निशा ने बताया कि दो महीने हो गए, मुझे एमडीएम से अलग कर-के रखा है। मैं जब भी एमडीएम योजना चलाने की बात करती हूं, मुझे स्कूल से भगा दिया जाता है। आज भी आई थी, पर कोई तरजीह नहीं दिया जा रहा है। प्रधान शिक्षक मासुद हुसैन खुद से एमडीएम चला रहे हैं। मैं जब अपनी अधिकार की बात करती हूं, तो साफ तौर पर कहा जाता है कि मैं स्कूल का हेडमास्टर हूं और मैं ही एमडीएम चलाऊंगा। यहां किसी की भी जरूरत नहीं है। किसी को कोई अधिकार नहीं है। प्रबंध समिति के मेंबर आजिद शेख ने भी कहा कि मैं या कोई भी किसी भी काम से स्कूल आता हूं, तो सीधा भगा दिया जाता है। प्रधान शिक्षक एवं अन्य शिक्षक के द्वारा कहा जाता है कि यहां आप लोगों का कोई काम नहीं है। युवा सामाजिक कार्यकर्ता हबीबुर शेख ने कहा कि इस स्कूल में कभी एमडीएम योजना तो कभी किसी बात को लेकर हमेशा माहौल खराब होता रहता है। इससे बच्चों का पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। इस स्कूल में जो भी भ्रष्ट शिक्षक हैं और दोषी हैं, उन्हें प्रशासन जांच कर स्कूल से हटाए और उनके खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई करें। युवा सामाजिक कार्यकर्ता हबीबुर शेख ने कहा कि स्कूल में प्रधान शिक्षक और अन्य शिक्षक की मनमानी के खिलाफ ग्रामीण डीसी साहब से मंगलवार को मिलेंगे। इस संबंध में आवेदन देकर जांच और कार्रवाई की मांग करेंगे। इस दौरान लोगों ने कहा कि हेड मास्टर मासुद हुसैन स्कूल में गुंडागर्दी करते हैं। बंगाल से अपराधी किस्म के व्यक्ति को साथ लेकर आते हैं। यह भी कहा कि हम लोग जब भी स्कूल आते हैं, इस अपराधी किस्म के व्यक्ति के द्वारा धमकाया जाता है। इधर प्रधान शिक्षक मासुद हुसैन से उनके मोबाइल पर संपर्क कर पक्ष लेने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने अपनी मां की तबीयत खराब रहने की बात कह कर बाद में बात करने को कहा।

### डीएसई ने कहा

इधर डीएसई नयन कुमार ने कहा कि उक्त स्कूल के संबंध में कुछ मामले सामने आए हैं। इसको लेकर जांच टीम बनाई गई है। इन मामलों में कार्रवाई तो जरूर होना है। यह जांच के बाद तय किया जाएगा कि किस स्तर की कार्रवाई की जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### लिट्टीपाड़ा प्रशासन द्वारा दुकानदारों को दी गई नोटिस



**हिरणपुर (एप्र)।** अंचल प्रशासन लिट्टीपाड़ा के द्वारा सोमवार को हिरणपुर बाजार के अन्य जगहों में अतिक्रमण को लेकर दुकानदारों को नोटिश थमाया। अतिक्रमण को लेकर बीते रविवार को प्रशासन द्वारा बाजार स्थित सुभाष चौक से वन विभाग कार्यालय तक सड़क दोनों ओर सहित दामिन डाक बंगला परिसर के अतिक्रमण को दो बुलडोजर से हटाया गया। सोमवार को अंचल निरीक्षक अनिल पहाड़िया के नेतृत्व में कर्मियों ने मिशन पथ , बाजार के सभी गलियों में स्थित दुकानों में जाकर दुकानदारों को सख्त निर्देश देते हुए दिया व कहा कि 24 घण्टे के अंदर की गई अतिक्रमण को हटा लें , अन्यथा प्रशासन के द्वारा हटा दिया जाएगा। उधर सरकारी नाला के ऊपर बनाये गए अतिक्रमण को भी हटाने का निर्देश दिया गया। बहरहाल प्रशासन की इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कम्प मची हुई है। हिरणपुर बाजार को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त किये जाने से लोगो को आवागमन में काफी सुविधा होगी।

### बीआरसी में की गई एमडीएम की अंकेक्षण



**हिरणपुर (एप्र)।** प्रखंड संसाधन केंद्र हिरणपुर में सोमवार से सभी विद्यालयों की मध्यान्ह भोजन की अंकेक्षण कार्य प्रारंभ की गई। रांची से आये अंकेक्षण दल द्वारा वर्ष 2020 - 21 , वर्ष 2021 -22 व वर्ष 2022 -23 में एमडीएम राशि की आय व व्यय की लेखा की जांच की गई। सोमवार को हिरणपुर , हाथकाठी , बरमसिया सहित 24 विद्यालयों की जांच की गई। जिसमें एमडीएम पँजियो में अंकित आय - व्यय का मिलान किया गया। बीईईओ रफीक आलम ने कहा कि बीते तीन वर्षों की एमडीएम मद की राशि की अंकेक्षण की जा रही है। इसमें सभी विद्यालयों की अंकेक्षण होगी।

### जिले के साढ़े आठ लाख कार्डधारियों को सरकार द्वारा तय मात्रा में मिलेगा राशन



**पाकुड (एप्र)।** रविन्द्र भवन टाउन हॉल में जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त मनीष कुमार ने किया.जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने कहा लाभुक एवं डीलर को किसी भी प्रकार की समस्या हो वह सीधे मुझसे संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लाभुकों को मिलने वाली अनाज की मात्रा का सही वितरण।कम भी वितरण नहीं,ना अधिक वितरण करें।उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि ईश्वर दो लोगों को नेक कार्य करने के लिए बनाया है,एक है डॉक्टर और दूसरा जन वितरण प्रणाली विक्रेता।सभी जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं को निर्देश देते हुए कहा कि खाद्यान्न का वितरण पारदर्शी तरीके से किया जाए।पीडीएस डीलरों को कहा कि सरकार द्वारा तय मात्रा में ही सभी कार्डधारियों को राशन मिले यह सुनिश्चित करें। साथ ही राशन के साथ अनिवार्य रूप से पर्ची भी लाभुकों को देने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही सभी पीडीएस डीलरों को शत प्रतिशत राशन वितरण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने बताया कि सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों में पोस मशीन से राशन वितरण करें। सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदार लाभुकों के बीच ससमय राशन का वितरण करें। खाद्यान्न वितरण में कटौती तथा लाभुकों के साथ लापरवाही बरतने पर वैसे दुकानदारों से सख्ती के साथ निपटा जाएगा। राशन की कालाबाजारी करने और लाभुकों को कम सामग्री देनेवाले जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) डीलरों को बख्शा नहीं जाएगा। इस तरह के मामलों में शिकायत सही पाये जाने पर उनका लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जिनका अंगूठा काम नहीं कर रहा है उनका राशन नहीं कटेगा। उनका आंख के रेटिना के माध्यम से पहचान लिया जाएगा।मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी श्री त्रिभुवन कुमार सिंह, एपीआरओ पवन कुमार, सभी एमओ एवं जिले के सभी डीलर उपस्थित थे।

### मनीरामपुर पंचायत के मुखिया ने व्यक्तिगत फंड से 550 गरीबों में बांटें गर्म वस्त्र

**पाकुड़ (एप्र)।** सदर प्रखंड अंतर्गत मनीरामपुर पंचायत के मुखिया मजिबूर रहमान ने अपने व्यक्तिगत फंड से करीब 550 जरूरतमंद एवं असहाय गरीबों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया। मुखिया ने बढ़ती ठंड से असहाय लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए चादर का वितरण किया। उन्होंने बताया कि मैं हमेशा से गरीब और असहाय लोगों को गर्म वस्त्र का वितरण करता रहा हूं। इस साल भी कड़ाके की ठंड को देखते हुए चादर का वितरण किया। पंचायत के लगभग 550 जरूरतमंद लोगों को चादर दिया गया। उन्होंने बताया कि मैं अपने व्यक्तिगत फंड से गरीबों को चादर दिया। अगर जरूरत पड़ी तो और भी लोगों को चादर दिया जाएगा। मुखिया मजिबूर रहमान ने बताया कि इस कड़ाके की ठंड में पंचायत के गरीब और असहाय लोगों को थोड़ी सी राहत दिलाने का प्रयास किया गया। इस ठंड में वैसे लोग, जिनके पास गर्म कपड़े खरीदने के पैसे नहीं है और रात को ठंड के चलते नींद भी नहीं ले पाते हैं, उन्हीं लोगों को मदद पहुंचाने के उद्देश्य से मैं हमेशा कुछ ना कुछ गर्म वस्त्र के रूप में देने का प्रयास करता हूं।

## ट्रेन के चपेट में आने से रेल कर्मी की मौत



**पाकुड़ (एप्र)।** प्रतिनिधि। मुरारई-चतरा रेलखंड पर सोमवार की अहले सुबह 5:30 बजे एक रेलकर्मी की मौत हो गई। रेलकर्मी, वरिष्ठ अनुभव अभियंता (रेल पथ) नलहटी के अधीन विक्रम कुर्मी उम्र 57 वर्ष, ट्रैकमैन के पद पर कार्य कर रहा था। बताया जाता है कि वह बिहार के छपरा जिला का निवासी था। घटना की सूचना परिवारजनों को दे दी गई है। बताते चलें कि मृतक रेल पटरी की सुरक्षा हेतू लगाए गए गश्ती दल का सदस्य था, जो सुबह अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए ट्रेन की चपेट में आ गए। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। वहीं सुबह 7:00 बजे रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेल पुलिस नलहटी ने शव को अपने नियंत्रण में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामपुरहाट सदर अस्पताल भेज दिया। इस मौके पर वरिष्ठ अनुभव अभियंता (रेल पथ) उज्जवल कुमार, सहायक अभियंता, रामपुरहाट एवं ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के शाखा सचिव संजय ओझा, अमर कुमार मल्होत्रा, गौतम यादव मौजूद थे।

## ईआरएमसी ने रेल कर्मी की दुर्घटना में मौत पर जताया दु :ख



**पाकुड़ (एप्र)।** पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान रेल कर्मी विक्रम कुर्मी की दुर्घटना में मौत पर ईआरएमसी ने दुःख जताया है। ऐसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो, इसके लिए अधिकारियों से वार्ता भी किया है। इस संबंध में ईआरएमसी के मो. फाजले रहमान ने कहा कि अत्यंत दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि आज हमारे ट्रैकमैन के एक साथी विक्रम कुर्मी पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान सुबह 5:30 बजे रन ओवर हो गया। इस घटना के पश्चात सुबह से ही ईआरएमसी रामपुरहाट शाखा पाकुड़ के अध्यक्ष शंकर प्रसाद गांगुली, सचिव संजीव शेखर, सहायक सचिव भोपाली कुमार यादव और सेंट्रल सचिव पुलक राय जी तुरंत घटना-स्थल पर पहुंचे और घटना के बारे में वहां के कर्मचारियों से बात की।

उन्होंने बताया कि विक्रम कुर्मी के पास जीपीएस होने के बावजूद भी पीडब्लयूआई के अधिकारी सेल्फी कैमरा से फोटो क्लिक कर भेजने को कहते है।

इसी कार्य के दरमियान विक्रम कुर्मी रन ओवर हो गए, जो कि पीडब्लयूआई के अधिकारी के द्वारा स्टाफ पर दवाब बनाया जाता है और यह सरासर जुल्म है। आए दिन जो भी घटना हो रही है, इसका जिम्मेदार सिर्फ अधिकारी है। इस बारे में पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने रेलवे अधिकारियों से बात किया और ऐसी घटना न हो, इसके लिए रेलवे के उच्च अधिकारियों से भी वातार्लाप किया। इस तरह की घटना को रोकने का समाधान करने को कहा है और ईआरएमसी के सदस्यों ने पीडब्लयूआई के अधिकारियों का भी घेराव किया। ईआरएमसी के सदस्यों के द्वारा पार्थिव शरीर को रामपुरहाट मेडिकल कॉलेज पोस्टमार्टम के लिए ले कर गया। इस दौरान पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस पाकुड़ शाखा रामपुरहाट के लगभग 50 से 100 सदस्य उपस्थित थे।

## डीपीएस वार्षिक खेलकूद "स्पोर्टसोविटा -24" सप्ताह का हुआ भव्य आगाज"






**पाकुड़ (एप्र)।** डीपीएस,पाकुड़ में सोमवार को एक सप्ताह चलने वाले 'स्पोर्टसोविटा -24' खेल समारोह के सुबह की शुरूआत क्रॉस कंट्री रेस से हुई। खेल समारोह का सुभारम्भ विद्यालय के निदेशक एवं मुख्य अतिथि अरुणेंद्र कुमार द्वारा प्रज्वलित क्रीडा मसाल (जो सद्भाव और सद्भावना तथा खेलों के आदर्शों का प्रतिनिधित्व करता है ) को क्लस्टर -क्क्क 2024 बैडमिंटन जूनियर वर्ग की स्वर्ण पदक विजेता परिधि कुमारी,समृद्धि कुमारी और खेल कैप्टन कामरान अकमल को सौपने के साथ हुआ।तत्पश्चात विद्यालय के निदेशक, प्रधानाचार्य जे के शर्मा, कोर मेंबर सुश्री नेहा चक्रवर्ती तथा अन्य गणमान्य अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। एनसीसी कैडेट के अगुवाई में चारों सदनों द्वारा प्रस्तुत कदमताल ने अद्भुत समा बांध दिया इस अवसर पर कक्षा प्रथम से लेकर द्वितीय एवं तृतीय के विद्यार्थियों द्वारा पोम पोम तथा डंबल के साथ किए गए नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यालय के निदेशक अरुणेंद्र कुमार ने अपने प्रेरक भाषण में सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए समस्त खिलाड़ियों को जीत-हार की भावना से ऊपर उठकर पवित्र खेल भावना से खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में धैर्य के साथ अनवरत प्रयास करते रहने के लिए विद्यार्थियों का आह्वान किया।विद्यालय के प्राचार्य जे के शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक खेल रिपोर्ट को प्रस्तुत करते हुए बताया कि डीपीएस पाकुड़ के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने जिले,राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में पदक जीतकर कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं।उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए समस्त विद्यार्थियों को खेलों में उत्साह पूर्वक भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।त्रएक सप्ताह तक चलने वाले खेल के 'स्पोट्र्सो विटा -24' कार्यक्रम के पहले दिन कक्षा नर्सरी से पंचाम तक के बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिता जैसे म्यूजिकल चेयर ब्रस्टिंग द बैलून,बैलेंस द बुक आदि में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## कांग्रेसियों ने आम जनता को संविधान की रक्षा के लिए किया जागरूक



**महेशपुर (एप्र)।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निदेर्शानुसार महेशपुर प्रखंड कांग्रेस कमिटी के प्रखंड अध्यक्ष कलीमुद्दीन शेख के नेतृत्व में सोमवार को महेशपुर प्रखंड के लखीपुर गांव में पांचवें चरण में भारतीय संविधान रक्षा के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया गया। उन्होंने अभियान के तहत बताया कि आम जनताओं को भाजपा के द्वारा भारत के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला, बुजुर्गों का हक छिनने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा सरकार भेदभावपूर्ण विचार धारा की पार्टी है। यह भाजपा सरकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता छीन रही है। साथ ही केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर लोकतंत्र की हत्या कर रही है। इसलिए पूरे भारत वर्ष में भारतीय कांग्रेस पार्टी संविधान की रक्षा के लिए सभी जिलों तथा प्रखंडों में पंचायत से लेकर गांवों में घर-घर जाकर संविधान रक्षा के लिए तमाम आम जनता को जागरूक किया जा रहा है।

## ईशाकपुर रेल फाटक से गुजरने वाले लाखों लोगों में जगी उम्मीद, ओवरब्रिज निर्माण के लिए डीसी को लिखा पत्र



**पाकुड़ (एप्र)।** सदर प्रखंड अंतर्गत ईशाकपुर रेलवे फाटक से होकर गुजरने वाले लाखों लोगों को जाम की परेशानी से निजात दिलाने के लिए पहल शुरू हो चुका है।लाखों लोगों में उम्मीद की एक नई किरण जगाने का प्रयास शुरू हो गया है। आम लोगों की परेशानियों को हमेशा से उठाते आ रहे सामाजिक कार्यकर्ता हिसाबी राय ने ईशाकपुर रेलवे फाटक के बंद रहने से परेशानी से जुझते लाखों लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से ओवरब्रिज निर्माण के लिए पाकुड़ डीसी मनीष कुमार को पत्राचार किया है। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी हिसाबी राय ने ईशाकपुर रेलवे फाटक से होकर गुजरने वाले उत्तर छोर पर बसे दर्जनों गांव के लाखों लोगों को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए रोड ओवर ब्रिज निर्माण के लिए जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने उपायुक्त को पत्राचार कर इस मार्ग से आवागमन करने वाले लाखों लोगों की परेशानियों से अवगत कराते हुए ओवर ब्रिज निर्माण की दिशा में ठोस पहल करने का अनुरोध किया है। उपायुक्त मनीष कुमार को पत्र के जरिए कहा है कि ईशाकपुर रेलवे एलसी गेट नंबर 39/ए/टी काफी व्यस्ततम रेलवे गेटों में शामिल है। ईशाकपुर रेलवे गेट उत्तरी छोर पर बाईपास रिंग रोड पर स्थित है। यह मार्ग पाकुड़ से होकर पश्चिम बंगाल को झारखंड से जोड़ता है। इस मार्ग से अनवरत छोटी बड़ी वाहनों का आवागमन होता है। इस रेलवे गेट के एक छोर पर पाकुड़ का व्यस्ततम रेलवे यार्ड भी मौजूद है। यहां 24 घंटे रेलवे मालगाड़ियों का शंटिंग होता रहता है। दूसरी ओर एक वेस्ट केबिन भी हैं। इस रेल गेट से ट्रेन एवं मालगाड़ियों का बहुत ज्यादा मूवमेंट है। पैसेंजर से लेकर मेल एक्सप्रेस और मालगाड़ियों का अत्यधिक आवागमन होता है। जिस वजह से अधिकतर समय रेल गेट बंद रहता है। इसी में छात्रों से लेकर शिक्षक, सरकारी कर्मचारी, मरीज, न्यायालय आने वाले लोग तथा आम लोग फंस जाते हैं। इस रेल गेट से होकर ईशाकपुर, रहसपुर, ईलामी, नवादा, जयकिस्टोपुर, लखीनारायणपुर, मनिरामपुर, संग्रामपुर, कुमारपुर, विक्रमपुर, बरमसिया, गंधाईपुर, हरिहरा इत्यादि गांवों के लोगों का आवागमन होता है। इन गांवों के लोगों को रेल फाटक में जाम में फंस जाने की वजह से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए यहां ओवरब्रिज का निर्माण अति आवश्यक है। अगर ओवरब्रिज का निर्माण होता है, तो इन गांवों के हजारों लाखों लोगों को जाम की समस्या से मुक्ति मिल जाएगी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय ने यह भी कहा है कि शहर के बीचों-बीच रेलवे फाटक पर भी जाम की समस्या से लोगों को काफी ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता था। तत्कालीन उपायुक्त डॉ सुनील कुमार सिंह के पहल पर एलसी गेट नंबर 38/ए/टी पर भूमिगत पथ का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार और रेलवे के संयुक्त सहयोग से भूमिगत पथ के निर्माण में ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर एसोसिएशन ने भी पहल किया था। ईशाकपुर रेलवे फाटक के पास ओवरब्रिज बन जाने से ना सिर्फ लोगों को जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी, बल्कि यह लोगों के लिए वरदान भी साबित होगा। इधर समाजसेवी हिसाबी राय ने कहा कि उपायुक्त महोदय ने इस विषय को गंभीरता से लिया है। उपायुक्त ने इसे आम जनता की समस्या बताते हुए शीघ्र ही जांच कराने की बात कही है। इसके लिए सिविल एसडीओ को जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है। उल्लेखनीय है कि इस मुद्दे को प्रभात मंत्र अखबार में प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। जिसे समाजसेवी हिसाबी राय ने गंभीरता से लेते हुए आम जनता के हित में पहल शुरू किया है और डीसी मनीष कुमार को पत्राचार कर ओवरब्रिज निर्माण की दिशा में पहल करने की मांग की है।

## आमने-सामने टक्कर में बाइक चालक घायल, साइकिल चालक को भी आई चोट



**महेशपुर (एप्र)।** पाकुड़िया मुख्य सड़क पर नारायणगढ़ गांव के समीप सोमवार को बाइक और साइकिल के आमने-सामने टक्कर में बाइक चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी बाइक चालक की पहचान पाकुड़िया थाना क्षेत्र के दलदली गांव निवासी 30 वर्षीय जुनास हेंब्रम के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने जख्मी को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर भेजा गया। जहां डॉ. अपूर्वा हर्ष ने स्वास्थ्य कर्मी जोतिष पासवान एवं अजय कुमार के साथ जख्मी व्यक्ति का प्राथमिक उपचार कर सर में लगी चोट की गंभीरता को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बंगाल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही महेशपुर पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की छानबीन की। जख्मी के स्वजनों से मिली जानकारी के अनुसार जुनास हेंब्रम अपने घर से बाइक से पाकुड़ जा रहा था। इसी दौरान नारायणगढ़ के पास एक साइकिल चालक के साथ आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गया। जिससे बाइक चालक सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इस घटना में साइकिल चालक को भी हल्की चोट लगी है।

## आपदा मित्रों के 11 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

**पाकुड़ (एप्र)।** जिला प्रशासन द्वारा सूचना भवन स्थित सभागार में आपदा मित्रों का 11 दिवसीय प्रशिक्षण कराया जा रहा है। इसी कड़ी में आज उपायुक्त मनीष कुमार,अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन,विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभूवन कुमार सिंह,एसडीआरएफ के टीम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त मनीष कुमार ने प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कराया गया जा रहा है,आप सभी प्रशिक्षु विपदा के समय धैर्य रखते लोगों को बचाने का उपाय सीखें तथा आम जनों तक इसका प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आप सभी प्रशिक्षुओं से यह अपेक्षा करता है कि आपदा से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त कर आप जिला प्रशासन एवं जिलेवासियों की मदद करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को ड्रेस आपदा किट एवं प्रशस्ति पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि कई मौकों पर जलाशय में डूबने या आग लगने या अग्निशामक यंत्र को ना खोल पाने आदि की समस्या से जान जाती रही है,परंतु आपदा मित्रों के प्रशिक्षण का उद्देश्य यही है कि आप सभी ऐसी किसी भी परिस्थिति में सक्षम हो कि लोगों की जान बचा सके। साथ ही कहा कि सीपीआर की पद्धति भी अवश्य सीखें ताकि समय रहते किसी की जान बच सके।

## एक नजर

### कर्मचारी हित हमारी पहली प्राथमिकता : दीपिका




**गोड्डा (एप्र)।** रविवार को झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एम्पलाइज फेडरेशन के महागामा इकाई के तत्वावधान में यहां की विधायक सह ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह को उनके आवास खिरौंधी में मंत्री बनने पर पहली बार अपने क्षेत्र में पहुंचने पर स्वागत सह अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में झारोटेफ के महागामा अनुमंडल प्रभारी सह संयुक्त जिला सचिव मुरारी प्रसाद शर्मा एवं अनुमंडलीय प्रवक्ता सह जिला उपाध्यक्ष रीतेश रंजन विशेष रूप से मौजूद थे। झारोटेफ के प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान हाशमी ने मंत्री का स्वागत बुके देकर किया। वहीं प्रखंड सचिव गंगेश गुंजन ने शॉल एवं प्रखंड कमिटी ने सामूहिक रूप से पुष्प गमला देकर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि कर्मचारी हित हमारी पहली प्राथमिकता है। कर्मचारी हमारे अभिन्न अंग हैं, यही हमारी योजनाओं को धरातल पर उतारते हैं। मौके पर नियाज अहमद, शहजाद अनवर, निलेश कुमार, राजेंद्र पंडित, सुनील पंडित, असलम आजाद, असलम आलम, ताहिर, सनातन कुमार दास, समेत दर्जनों कर्मी उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को सड़ा हुआ अंडा परोसे जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश



**रानीश्वर (एप्र)।** देश में कुपोषण मुक्त भारत बनाने की तस्वीर देश के मुखिया से लेकर राज्य के अधिकारियों तक जिम्मेदारी ले रखी है, वहीं इसके विपरीत तस्वीर दुमका जिला के रानेश्वर प्रखंड में देखने को मिला। सुबह होते ही आंगनवाड़ी में बच्चों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। बच्चों के खाने के लिए भोजन बनाने की तैयारी चल रही थी। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों को इसकी भनक लग गई। स्थानीय ग्रामीण भोजन बनाने के बाद परोसी जा रही बच्चों के बीच भोजन को देखकर आग बबूला हो गए। आग बबूला होने का कारण यह था कि परोसी जा रही अंडे सड़े हुए थे, जिस कारण स्थानीय ग्रामीण इसका विरोध करने लगे। यह तस्वीर प्रखंड क्षेत्र के पाटजोड़ा पंचायत अंतर्गत डोड़ला आंगनबाड़ी केंद्र का है। स्थानीय ग्रामीण और आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका के बीच तू तू मैं मैं की तस्वीर सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रही है। स्थानीय लोगों का विरोध है कि ऐसे ही सड़े अंडे खाने से बच्चे बीमार हो जाएंगे। जहां बच्चों को कुपोषण मुक्त या रोग मुक्त बनाने को लेकर सरकार या आला अधिकारी काम कर रही हैं, वहीं आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका के वजह से यह सपना सरकार का पूरा नहीं हो पाएगा। विरोध के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को ग्रामीण लिखित आवेदन देकर शिकायत करेंगे। अब देखना होगा कि इस तरह की तस्वीर बदलती है या प्रखंड क्षेत्र में ऐसे ही आंगनबाड़ियों में तस्वीरें देखने को मिलेंगी।

### नहीं रहे झामुमो के केन्द्रीय महासचिव विजय कुमार सिंह



**दुमका।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय महासचिव व वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कुमार सिंह का सोमवार की सुबह दुमका के न्यू केयर हॉस्पिटल में निधन हो गया। उनके निधन से पूरे शहर व झामुमो में शोक की लहर दौड़ गई। बताते चलें कि वे पिछले चार-पांच महीने से बीमार चल रहे थे। उनके मौत की खबर सुनकर कुम्हार पाड़ा स्थित उनके आवास पर उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत झामुमो के सांसदों, विधायकों, नेताओं व कार्यकताओं ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है। उनका अंतिम दर्शन करने पहुंचे दुमका सांसद नलिन सोरेन ने बताया कि अलग झारखंड राज्य निर्माण के लिए चलाए गए आंदोलन में विजय कुमार सिंह ने गुरु जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर राज्य निर्माण के लिए लड़ाई लड़ी। आखिरकार अलग झारखंड राज्य का निर्माण हुआ। इसके बाद झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के कहने पर उन्होंने राजनीति में कदम रखा, लेकिन कभी भी पद की लालसा नहीं की। इसके बावजूद पार्टी ने उन्हें केन्द्रीय महासचिव बनाया और आज भी वे झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय महासचिव थे।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी नेता व कार्यकर्ता उन्हें चाचा कहकर बुलाते थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक बसंत सोरेन सहित सोरेन परिवार के लोग भी उन्हें चाचा कहकर संबोधित करते थे। भविष्य में जब भी दिशोम गुरु शिबू सोरेन के विश्वासपात्रों का जिक्र होगा तो उसमें सबसे ऊपर विजय कुमार सिंह का नाम होगा। दिशोम गुरु शिबू सोरेन के दुमका प्रवास के दौरान विजय कुमार सिंह साये की तरह उनके साथ रहते थे। झामुमो नेता सह वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कुमार सिंह समय के पाबंद थे। वे काफी मिलनसार व अनुशासनप्रिय थे। वे सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे। कई खेल संगठनों से जुड़कर खेल के क्षेत्र में दुमका का नाम कैसे रोशन हो इसके लिए प्रयासरत रहते थे। उनके नहीं रहने से राजनीतिक, सामाजिक व खेल जगत में एक बड़ा सन्नाटा छा गया है। चाहे आम आदमी हो या खास, सबों को उनकी कमी खल रही है।

### जरूरतमंद लोगों के बीच बांटा कंबल

**रानेश्वर (एप्र)।** बढ़ते ठंड को देखते हुए स्वामी प्रणवानंद सेवा मिशन की ओर से जरूरतमंद लोगों के लिए कंबल का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम प्रखंड क्षेत्र के बास्कुली, बिलकुंडी, गोविंदपुर, मैसेज सुख जोड़ा, कुमीरदहा, पथरा पंचायत में वितरण किया गया। कुल 500 कंबल का वितरण प्रखंड क्षेत्र में किया गया। इसको लेकर जिला परिषद सदस्य ने बताया कि यह पूरा वितरण बढ़ते ठंड को देखते हुए किया गया है ताकि ये लोग भी ठंड अच्छे से काट सकें।

## उपायुक्त ने की जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक, कहा

# जिले में किसी भी कीमत पर नहीं अवैध खनन




**दुमका।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि खनन विभाग की समीक्षा प्रत्येक माह की जाती है, इसलिए यह आवश्यक है कि सभी अधिकारी गंभीरता पूर्वक अपने कार्यों का निष्पादन करें। इस दौरान उन्होंने परिवहन विभाग, खनन विभाग, प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों से अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा की तथा सघन कार्रवाई जारी रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित किया कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन नहीं हो, इसे सुनिश्चित करें एवं अवैध कारोबारियों पर पैनी नजर रखते हुए कार्रवाई करें। उपायुक्त ने जिले में कोयला, बालू व पत्थर के अवैध कारोबार पर पूर्णतः रोक लगाने के लिए सभी अंचलाधिकारी को नियमित रूप से क्षेत्र में जांच करने एवं वाहनों की सख्ती से जांच करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त यह भी निर्देशित किया कि जहां भी अवैध तरीके से कोयला, बालू एवं पत्थर खनन करने को लेकर अवैध कारोबारियों के द्वारा गड्ढे बनाए गए हैं, उन्हें अविलंब जेसीबी से भरवाना सुनिश्चित करें एवं इसी महीने रिपोर्ट समर्पित करें। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को अपने क्षेत्र का लगातार निरीक्षण करने का निर्देश दिया। बालू घाटों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि कैटकरी 1 बालू घाट का संचालन किया जा रहा है, वहीं कैटकरी 2 बालू घाट के संचालन को लेकर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जबकि 6 बालू घाटों में बालू उठाव को लेकर कार्रवाई की जा रही है। जिस पर उपायुक्त ने खनन एवं प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय निदेशक को अविलंब सभी बालू घाटों के संचालन में आ रही समस्या का निराकरण करते हुए आरंभ करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले के विकास कार्य में बालू बाधक नहीं बने, अधिकारी इसे सुनिश्चित करें एवं जिले में बालू की कमी नहीं हो, इसका ख्याल रखें। बैठक में अपर समाहर्ता, जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### चिलकारा पैक्स में धान अधिप्राप्ति क्रय केंद्र का उद्घाटन



**पथरगामा (एप्र)।** रविवार को पथरगामा प्रखंड अंतर्गत चिलकारा पैक्स में धान अधिप्राप्ति क्रय केंद्र का उदघाटन गोड्डा अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू, अंचल अधिकारी कोकिला कुमारी, प्रखंड सहकारिता प्रसाद पदाधिकारी पुष्पा कुमारी एवं चिलकारा मुखिया प्रकाश दास ने संयुक्त रूप से किया। पैक्स प्रबंधक राधाकांत रमानी ने अपर समाहर्ता को फूल का पौधा देकर उन्हें सम्मानित किया। अपर समाहर्ता ने किसान को 12 हजार रूपये का चेक देकर अग्रिम भुगतान किया। मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार 2400प्रति क्विंटल के दर से धन अधिप्राप्ति की जाएगी। धान अधिप्राप्ति केंद्र पथरगामा में खुल जाने से किसानों को बड़ी राहत मिली है। मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अजय कुमार जायसवाल, ग्राम प्रधान नंदलाल मोदी, हरेकृष्ण मंडल, अशोक मंडल, शंकर मंडल, नीमचंद दास, मनीष मोदी समेत काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

### कृषक मित्र महासंघ की जिला स्तरीय बैठक आयोजित



**पथरगामा (एप्र)।** सोमवार को गोड्डा के गांधी मैदान में कृषक मित्र महासंघ की जिला स्तरीय बैठक जिला अध्यक्ष अक्षय दे के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार रौनियार मौजूद रहे। बैठक में कृषक मित्रों ने प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार रौनियार का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान संगठन की मजबूती और सरकार से वार्ता करने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। जिला अध्यक्ष अक्षय दे ने कहा कि जिले में दो कैबिनेट मंत्री हैं, और हम उनसे मिलकर अपनी मांगों को मजबूती से उठाने का प्रयास करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार रौनियार ने बताया कि उन्होंने कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से बातचीत की है और मंत्री ने कृषक मित्रों के प्रतिनिधिमंडल से जल्द ही वार्ता करने की बात कही है। बैठक की तिथि जल्द ही तय की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व कृषि मंत्री श्रीमती दीपिका पांडे सिंह ने कृषक मित्रों को आश्वासन दिया था कि सरकार बनने के बाद कृषक मित्रों को मानदेय दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। माननीय मंत्री दीपिका पांडे सिंह से मिलकर कृषक मित्र उनके द्वारा किये गये वादे को याद दिलाएंगे। बैठक में जिला सचिव गुलशन कुमार, संतोष सिंह, दीपक ठाकुर, प्रफुल्ल ठाकुर, रामानंद साह, रोहित कुमार, नीरज राउत, मो. गुलजार, मो. खुर्शीद आलम समेत बड़ी संख्या में कृषक मित्र मौजूद थे।

## पोषण भी, पढ़ाई भी योजना के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन






**गिरिडीह (निसं)।** पोषण भी पढ़ाई भी योजना के तहत आज स्थानीय होटल श्याम सरोवर में स्नेह कश्यप, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गिरिडीह की अध्यक्षता में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही सुशाना कैरकेट्टा, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, गिरिडीह ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि नवचेतना पाठ् ?यक्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जन्म से 3 वर्ष के लिए बच्चों को लिए तैयार किया गया है। इस पाठ् ?यक्रम आधारशिला तैयार किया गया है जिसमें 03 वर्ष से 6 बर्ष के बच्चों के लिए बनाया गया है। जिसमें प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यक्रम 2024 में तीन वर्ष से 06 वर्ष तक के बच्चों के लिए कैलेंडर आधारित तैयार किया किरण प्रसाद, मास्टर ट्रेनर्स-सह-महिला पर्यवेविका, द्वारा बताया गया कि नवचेतना पाठ्यक्रम में प्रारंभिक बाल्यावस्था उत्प्रेरण के लिए राष्ट्रीय रूपरेखा 2024 में जन्म से 3 वर्ष तक के बच्चों के लिए है। इसी पाठ्यक्रम पर बच्चों को शिक्षा दिया जाना है। अनुज कुमार वर्मा, जिला परियोजना सहायक, पोषण अभियान के द्वारा आधारशिला पाठ्यक्रम पर चर्चा करते हुए कहा कि 03 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चो के सर्वांगीण विकास, संज्ञानात्मक विकास, भौतिक विकास, रचनात्माक विकास और सौंदर्य विकास, भाषा एवं साक्षरता विकास इत्यादि। उक्त प्रशिक्षण में निरूपा सिन्हा, सुचिता वीणा सोरेन, मास्टर ट्रेनर्स-सह-महिला पर्यवेक्षिका के द्वारा भी प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उक्त प्रशिक्षण लगातार तीन दिनों तक चलेगा। जिसमें जमुआ एवं धनवार की कुल-70 सेविकाओं ने भाग लिया। विदित हो कि उक्त प्रशिक्षण का प्रारंभ तिसरी प्रखण्ड में भी संचालन किया जा रहा है। जिसमें गावाँ, तिसरी एवं देवरी परियोजाना का कुल-108 सेविकाओं की भागीदारी रही। जिसमें इंदू देवी, शीतल कुमारी एवं सुचिता वीणा सौरेन विनीता कुमारी, मास्टर ट्रेनर्स-सह-महिला पर्यवेक्षिका के द्वारा पोषण भी, पढ़ाई भी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जो लगातार 18 दिसम्बर 2024 तक संचालित किया जायेगा।

### योजनाओं के क्रियान्वयन में विभागीय निर्देशों का करें अनुपालन : बीडीओ

**रानीश्वर (एप्र)।** उपराजधानी दुमका अंतर्गत रानीश्वर प्रखंड में उपायुक्त के निर्देशानुसार सोमवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने प्रखंड के सभी मुखिया, पंचायत सचिव एवं सभी रोजगार सेवकों के साथ समीक्षा बैठक किया। समीक्षा के दौरान अबूआ आवास योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण मनरेगा के तहत विभिन्न योजनाओं तथा 15वीं वित्त से संबंधित योजनाओं के विषय में चर्चा करते हुए विभागीय निदेर्शों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में पंचायतों के निरीक्षण के दौरान यह जानकारी प्राप्त हुई कि विभागीय निर्देशों का उल्लंघन करते हुए 15वीं वित्त योजनाओं में भुगतान किया गया है। इसके लिए सभी को निर्देशित किया गया कि सभी प्रकार के योजनाओं के क्रियान्वयन में विभागीय निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री माईया सम्मान योजना के विषय में भी निर्देश दिया गया कि योग्य लाभुकों का जांच पड़ताल के उपरांत ही पंचायत स्तर से स्वीकृति प्रदान करेंगे। बैठक में दौरान प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, सहायक अभियंता, पंचायत सचिव, पंचायत के मुखिया, रोजगार सेवक और कार्यालय कर्मी भी उपस्थित रहे।

### विश्वविद्यालय में तालाबंदी को लेकर कुलपति ने की बैठक

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में शिक्षकेतर कर्मचारियों की चल रही तालाबंदी और हड़ताल को लेकर सोमवार को कुलपति के आवासीय कार्यालय में विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों, विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के संकायाध्यक्षों एवं विभागाध्यक्षों की एक बैठक बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह ने की। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि कर्मचारियों की सातवें वेतनमान के तहत वेतन निर्धारण एवं भुगतान की मांग बिल्कुल जायज है, जो उन सभी को मिलनी चाहिए। कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने स्तर पर लगातार प्रयास कर रहा है कि उच्च शिक्षा निदेशालय से कर्मचारियों का वेतन निर्धारण यथाशीघ्र हो जाए। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि चूंकि मामला सरकार के स्तर पर लंबित है, इसलिए विश्वविद्यालय कर्मचारियों के साथ मिलकर यथाशीघ्र वेतन निर्धारण कराकर उन सभी को लाभ पहुंचाने का प्रयास करें। विश्वविद्यालय में शिक्षकेतर कर्मचारियों की चल रही हड़ताल को देखते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मंगलवार को 11 बजे सभी पदाधिकारी, डीन एवं सभी विभागाध्यक्ष हड़ताल स्थल पर जाकर शिक्षकेतर कर्मचारियों से वार्ता करेंगे तथा हड़ताल एवं तालाबंदी समाप्त कराने का प्रयास करेंगे। बैठक में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह, कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. जयकुमार साह, डॉ. नीलेश कुमार, डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. संजय कुमार सिन्हा, डॉ. कलानंद ठाकुर, डॉ. राजीव रंजन सिन्हा, स्वेता मरांडी, डॉ. पूनम हेम्ब्रम, डॉ. अजय सिन्हा, डॉ. संजीव कुमार सिन्हा, डॉ. अनिल कुमार वर्मा, डॉ. बिनय कुमार सिन्हा, डॉ. राजेश कुमार यादव, संजीव कुमार एवं दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

## महिला सशक्तिकरण से ही कुप्रथा पर लगेगा लगाम : डा. प्रदीप




**विधान से समाधान कार्यक्रम के तहत महिला जागरुकता कार्यक्रम आयोजित**

**गोड्डा (एप्र)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा संचालित विधान से समाधान कार्यक्रम के तहत सोमवार को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट महिला उच्च विद्यालय सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से महिला विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डा. प्रदीप कुमार ने महिलाओं के शक्तिकरण की दिशा में कानूनी सहित विविध जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण से ही समाज में व्याप्त कुरीतियों का सफाया हो सकेगा। महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को शिक्षित होने की जरुरत है। महिला शिक्षा की दिशा में सरकार द्वारा भी अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। बावजूद जिले की साक्षरता दर की स्थिति दयनीय बनी हुई है। स्थानीय स्तर पर ही शिक्षा की बेहतर सुविधा मौजूद हैं इसलिए गरीबी व लाचारी के कारण बालक- बालिकाओं को कम उम्र में पढ़ने व काम के लिए बाहर नहीं भेजें। महिला जागरुकता से ही बाल तस्करी, मानव तस्करी, बाल विवाह, बाल श्रम सहित अन्य कुरीतियों पर लगाम लगा सकेगा। रिसोर्स पर्सन एलएडीसी लीली कुमारी ने कहा कि सही उम्र में ही करें शादी। शादी की उम्र लड़की के लिए 18 एवं लड़कों के लिए 21 वर्ष निर्धारित है। इससे पहले शादी करना कानूनी जुर्म है। पढ़ने की उम्र में किसी लोभ में पड़क र कोई गलत निर्णय लेना भविष्य के लिए घातक साबित हो सकता है। नाबालिग लड़की का एक गलत निर्णय लड़का की जिंदगी बर्बाद कर सकता है। कानूनी प्रावधानों के तहत लड़की का पुनर्वास तो हो जाएगा लेकिन लड़का जेल में होगा। ऐसा कदम कदापि नहीं उठायें। इसके अलावा पोक्सो, महिला हिंसा अधिनियम सहित अन्य महिला कानूनों की विस्तृत जानकारी दी। एलएडीसी अजीत कुमार नेकहा कि कानून में महिलाओं की रक्षा के लिए अनेक कानून बनाये गये हैं ताकि महिलाओं को भी समाज में बराबरी का दर्जा प्राप्त हो। आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। कहा कि कानून की नजर में स्त्री की लज्जा भंग करना एक गंभीर अमानवीय अपराध है। ऐसा अपराध नारी की स्वतंत्रता एवं निजी जीवन और निजता पर हमला है चाहे वह महिला किसी भी उम्र की हो सकती है। कई ऐसे कृत्य हैं जिससे स्त्री की लज्जा भंग होती है। इसमें सार्वजनिक स्थल पर महिलाओं को गाली देना, अश्लील बातें या हरकत करने, शरीर के किसी हिस्से को स्पर्श करने, पकड़ लेने, सार्वजनिक स्थल पर किसी स्त्री को निर्वस्त्र करने के लिए उसपर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग करने, छेड़छाड़ करने आदि शामिल हैं। लज्जा भंग करने के आरोप में व्यक्ति को एक से पांच वर्ष कारावास तक की सजा का प्रावधान है।संचालन अधिकार मित्र नवीन कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की प्रचार्य नूतन कुमारी ने किया। मौके पर अधिकार मित्र तबरेज, मो. हसीब सहित विद्यालय की शिक्षिक- शिक्षिका व छात्राएं उपस्थित थीं। इस दौरान महिलाओं के बीच टीएलएम का भी वितरण किया गया।

### पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने पर्यटन स्थल वाटर फॉल व खंडोली डैम का किया दौरा

**गिरिडीह (निसं)।** गिरिडीह के वाटर फॉल में पर्यटकों के लिए अच्छी खबर है। झारखंड सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही है। इसी क्रम में झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने गिरिडीह जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल वाटर फॉल और खंडोली डैम का दौरा किया। यह दौरा बेहतर पर्यटन सुविधाओं के विकास पर केंद्रित था। मंत्री के साथ उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, डीडीसी स्मिता कुमारी, डीएफओ मनीष तिवारी समेत कई अधिकारी भी थे। स्थानीय लोगों ने पारंपरिक नृत्य से मंत्री का स्वागत किया। मंत्री ने स्थानीय लोगों और पर्यटकों से बातचीत की और वाटर फॉल क्षेत्र का निरीक्षण किया। इसके बाद अधिकारियों और स्थानीय वन समिति के साथ बैठक हुई, जिसमें वाटर फॉल को प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाने का फैसला लिया गया। यहाँ टूरिस्ट हट्स, शौचालय और पार्क भी बनेंगे। वहीं इस मामले को लेकर पदाधिकारियों के साथ बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। वाटर फॉल को प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र घोषित किया जाएगा। इससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटकों के लिए टूरिस्ट हट्स बनाए जाएँगे। साथ ही, शौचालय और पार्क का भी निर्माण होगा। इन सभी सुविधाओं से पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिलेगा। मंत्री ने कहा कि अधिकारियों और स्थानीय वन समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर कई निर्णय लिए गए। इसके तहत वाटर फॉल को टूरिस्ट हट्स बनाया जायेगा, साथ ही यहां शौचालय बनाये जायेंगे, पार्क बनाये जायेंगे और सबसे महत्वपूर्ण चीज इस खूबसूरत स्थान को प्लास्टिक फ्री जोन बनाया जाएगा।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल पिन-713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण इस प्रकार है: **नीलामी की कैटेगरी:** एटीएम। **ई-नीलामी कैटलॉग सं.:** एएसएन-एटीएम-30-12, **नीलामी शुरू होने का विवरण:** दिनांक 30.12.2024, 11.30 बजे। **स्टेशन/स्थान का नाम/ट्रेन नं. एवं एसएलआर:** 02 स्टेशनों-सीतारामपुर, सिमुलतला (02 एटीएम) के निम्नलिखित 03 स्थानों पर एटीएम का संस्थापन। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को उपर्युक्त सूची के अनुसार उक्तउक्त ई-नीलामी हेतु संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

ASN-272/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## सुभाषितम्

बुद्धि के सिवाय विचार प्रचार का कोई दूसरा शास्त्र नहीं है, क्योंकि ज्ञान ही अन्याय को मिटा सकता है। - शंकराचार्य

## आपातकाल से भी ज्यादा भय ईड़ी और साइबर क्राइम पुलिस का

**1975 में जो आपातकाल लगाया** गया था उसका भय आज भी लोगों को दिखाया जाता है। आपातकाल इंदिरा गांधी की सरकार ने लगाया था। उस समय देश में हजारों की संख्या में आंदोलन हो रहे थे। महंगाई बेतहाशा थी। 1971 के युद्ध के बाद अमेरिका ने भारत पर प्रतिबंध लगा रखा था। अंतरराष्ट्रीय सहायता प्रतिबंधित थी। पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस का भारी संकट था। इसी बीच इंदिरा गांधी का चुनाव केवल इस कारण अवैध घोषित हुआ था उत्तर प्रदेश सरकार ने उनकी चुनावी सभा के लिए जो मंच बनाया था उसका भुगतान कांग्रेस पार्टी ने नहीं किया था। उनके एक निजी सचिव चुनावी सभा में मौजूद थे। देश में हर जगह आंदोलन हो रहे थे। लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने जिस दिन आपातकाल लगा था उस दिन सार्वजनिक मंच से सेना और पुलिस से सरकार के आदेश नहीं मानने का ऐलान किया था जिसके कारण आंतरिक विद्रोह की स्थिति पैदा हो गई थी, जिसके कारण आपातकाल लगाया गया था। इसमें प्रावधान किया गया था। आंदोलन करने वाले और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों को 1 साल तक के लिए जेलों में निरुद्ध करके रखा जाएगा। आपातकाल के दौरान विपक्षी राजनीतिक दलों के नेता ट्रेड यूनियन के नेता और छात्र यूनियन के नेता आपातकाल में बिना किसी आरोप के जेलों में बंद कर दिए गए थे। आपातकाल के दौरान तस्कर, गुंडे, बदमाश, नशीले पदार्थों का कारोबार करने वाले, जमाखोरी और मुनाफाखोरी करने वालों को जेलों में बंद किया गया था। राजनेताओं, ट्रेड यूनियन के पदाधिकारियों और आंदोलनकारी छात्र नेताओं को राजनीतिक बंदी के रूप में जेल में बंद रखा गया था। जिन लोगों ने आंदोलन नहीं करने का बांड भरा था, उन्हें कुछ दिनों के बाद ही छोड़ दिया गया था। जैसे ही आपातकाल समाप्त हुआ। मीशा में बंद सभी आरोपियों को जेल से रिहा कर दिया गया था। उस समय आम जनता में कोई भय नहीं था। सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों और सरकार के महत्वपूर्ण पदों पर बैठे हुए लोग जरूर भयभीत रहते थे। तस्कर, गुंडे, बदमाश आपातकाल के डर से भूमिगत हो गए थे। आपातकाल के दौरान देश की कानून व्यवस्था स्वतंत्रता के पश्चात सबसे बेहतर थी। उस समय भी कुछ लोगों ने आपातकाल के भय का राजनीतिक एवं व्यक्तिगत हितों के लिए इस्तेमाल किया। सरकारी कर्मचारियों ने जनसंख्या नियंत्रण के लिए जो कार्यक्रम सरकार द्वारा संचालित किया जा रहा था, उसमें आम लोगों के साथ ज्यादति की थी। जब आपातकाल खत्म हुआ तो जनता ने कांग्रेस को इसका माकूल जवाब दिया। पहली बार कांग्रेस चुनाव में बुरी तरीके से पराजित हुई। केंद्र में पहली बार विपक्षी जनता दल की सरकार बनी। विपक्ष की सरकार ढाई साल के अंदर अव्यवस्था के कारण गिर गई और एक बार फिर भारी बहुमत के साथ इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बन गईं। यहां आपातकाल का इसलिए उदाहरण देना पड़ रहा है, क्योंकि उससे कहीं ज्यादा भय पिछले 10 सालों में जो अघोषित आपातकाल है उसमें देखने को मिल रहा हैं। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय ईडी को जो अधिकार नशीले पदार्थों के कारोबार को रोकने के लिए तथा अवैध रूप से आतंकी गतिविधियों और नशीले पदार्थ के कारोबार में जो लेन-देन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रहे थे उसके लिए अंतरराष्ट्रीय संस्था द्वारा प्रत्येक देश में विशेष अधिकार दिए गए। भारत में ईड़ी को यह अधिकार मिले। पिछले वर्षों में ईड़ी ने नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार को रोकने और आतंकी गतिविधियों के लेन-देन को रोकने के लिए विशेष अधिकारों का उपयोग किया हो ऐसा देखने में नहीं मिलता है। ईड़ी का उपयोग राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई करने, भ्रष्टाचार और रिश्वत के मामलों में ईडी का उपयोग किया गया है। बड़े-बड़े राजनेता और बड़े-बड़े अधिकारी जेल में बंद किए गए। कई महीने और वर्षों उनकी जमानत नहीं हुई। जिसके कारण ईड़ी का भय समाज के सभी वर्गों पर पड़ा। पिछले 10 सालों में साइबर क्राइम भी बड़ी तेजी के साथ बढ़े। साइबर क्राइम की पुलिस को भी विशेष अधिकार से सुसज्जित किया गया जिसके कारण अब देश में आम लोगों में ईड़ी और साइबर क्राइम पुलिस का सबसे ज्यादा भय देखने को मिल रहा है।

## चिंतन-मनन

### प्रकृति की तीन शक्तियां

**प्रकृति में तीन शक्तियां हैं- ब्रह्म शक्ति**, विष्णु शक्ति और शिव शक्ति। प्रायः तुममें कोई भी एक शक्ति अधिक प्रबल होती है। ब्रह्म शक्ति वह ऊर्जा है जो नव-निर्माण करती है; विष्णु शक्ति ऊर्जा का पालन करती है और शिव शक्ति वह ऊर्जा है जो रूपांतरण करती है- नया जीवन देकर या संहार कर। तुममें से कुछ हैं जिनमें ब्रह्म शक्ति प्रबल है। तुम सृष्टि तो कर सकते हो, पर अपनी रचना को सुरक्षित नहीं रख पाते। हो सकता है तुम तुरंत ही नए मित्र बना लो, परंतु वह मित्रता अधिक समय तक टिकती नहीं। तुममें कुछ और लोग हैं जिनमें विष्णु शक्ति है। तुम रचना नहीं कर सकते, परंतु जो है उसे अच्छी तरह संभालकर रखते हो। तुम्हारी सभी पुरानी दोस्ती बहुत स्थायी होती है, परंतु तुम नए मित्र नहीं बना पाते। और तुममें कुछ ऐसे भी लोग हैं जिनमें शिव शक्ति प्रबल है। वे नव-जीवन लाते हैं या रूपांतरण, या जो है उसे खत्म करते हैं। गुरु शक्ति में ये तीनों शक्तियां पूर्ण रूप से प्रफुल्लित हैं। पहले यह पहचानो कि तुममें कौन-सी शक्ति प्रबल है और फिर गुरु शक्ति की आकांक्षा करो, प्रार्थना करो। संपूर्ण सृष्टि सरलता और बुद्धिमत्ता के मंगलमय लय से प्रकृति के नियमों पर चल रही है। यही मंगल ही दिव्यता है। शिव वह सामंजस्यपूर्ण सरलता है जो कोई नियंत्रण नहीं जानती। शिव का विपरीत है वशी, यानी नियंत्रण। नियंत्रण मन का होता है। नियंत्रण का अर्थ है दो, द्वैत, कमजोरी। वशी का अर्थ है स्वाभाविकता से कुछ करने के बजाए दबाव द्वारा कुछ करना। प्रायः लोग समझते हैं कि उनका जीवन, परिस्थितियां उनके नियंत्रण में, उनके वश में हैं; परंतु नियंत्रण एक भ्रम है, मन में क्षणिक ऊर्जा का दबाव नियंत्रण है। यह है वशी।

# विश्व हिन्दू परिषद् : कल आज और कल

तनवीर जाफरी

**इलाहबाद कभी न केवल** कांग्रेस बल्कि समाजवादी व आर एस एस व विश्व हिन्दू परिषद् के भी वरिष्ठ व राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का गढ़ हुआ करता था। नेहरू-गाँधी परिवार की तो यह कर्मस्थली थी ही इसके अतिरिक्त पुरषोत्तम दस टंडन,मदन मोहन मालवीय जैसी अनेक विभूतियाँ भी इसी शहर से सम्बद्ध रहीं। इसी तरह दक्षिणपंथी विचारधारा के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख रहे राजेंद्र सिंह उर्फ रज्जु भैय्या का नाम भी इलाहाबाद से ही जुड़ा हुआ है। ऐसा ही एक नाम था जस्टिस शिव नाथ काटजू का जोकि 1980 के दशक में विहिप के अध्यक्ष भी चुने गये थे । जस्टिस काटजू ने अयोध्या में विवादित बाबरी मस्जिद की जगह पर राम मंदिर के निर्माण के लिए शुरूआती अभियान चलाया था। और इसी दौरान उन्हें नजरबंद भी कर दिया गया था। चूँकि मेरी भी औपचारिक शिक्षा इलाहाबाद में ही हुई इसलिये उस दौर के अनेक विशिष्ट जनों के साथ संबंध रखने का भी सौभाग्य मिला। जस्टिस काटजू भी उन्हीं में एक थे जिनके पास अक्सर मेरा आना जाना रहता था। जस्टिस काटजू विहिप के अध्यक्ष तो जरूर थे परन्तु वे पूर्णतयः धर्मनिर्पेक्ष थे। इस्लामी इतिहास का भी उन्हें जबरदस्त ज्ञान था। शिया -सुन्नी विवाद और करबला की घटना जैसे विषयों पर तो वे अक्सर मेरे साथ बातें किया करते और मेरा ज्ञान वर्धन किया करते थे। बात 1977-78 की है उस दौरान मैं इलाहबाद के मुहल्ला दरियाबाद के इमामबाड़ा सलवात अली खान नामक एक ट्रस्ट से परिवारिक रूप से जुड़ा हुआ था। यहाँ अनेक धार्मिक आयोजन हुआ करते हैं। इन्हीं में एक चालीसवें का जुलूस (मुहर्रम के चालीस दिन बाद ) भी इसी इमामबाड़े से निकला जाता है। इसी जगह से निकलने वाले चालीसवें के जुलूस का प्रारंभिक संबोधन करने के लिये जब मैंने जस्टिस काटजू से निवेदन किया तो वे खुशी खुशी तैयार हो गये। हालांकि उन्होंने अयोध्या में मंदिर के निर्माण के लिए शुरू हुये विहिप आंदोलन तथा दरियाबाद की घनी मुस्लिम आबादी को भी रेखांकित किया। परन्तु मेरे संपूर्ण सुरक्षा व शांतिपूर्ण आयोजन के आश्वासन के बाद वे कार्यक्रम से पूर्व स्वयं अपनी एम्बेसडर कार चलाकर बिल्कुल अकेले ही दरियाबाद पधारे। यहाँ दरियाबाद चौराहे पर मौजूद मेरे साथियों ने उनका स्वागत किया व पूरे सम्मान के साथ उन्हें इमामबाड़ा सलवात अली खान लेकर गये। यहाँ मौजूद समूह के बीच जस्टिस काटजू ने कर्बला की घटना का जिक्र करते हुये न केवल अपनी तरफ से बल्कि विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष होने की हैसियत से विहिप की तरफ से भी हजरत इमाम हुसैन व करबला के शहीदों को बड़े ही भावपूर्ण शब्दों में श्रद्धांजलि अर्पित की। शेरवानी,टोपी और चूड़ीदार पैजामा जैसा परिधान प्रायः धारण करने वाले काटजू साहब सभी धर्मों का पूरा ज्ञान रखते थे तथा उन्हें सम्मान भी देते थे। वे विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष होने के बावजूद सभी धर्मों में परस्पर मेल जोल व सद्भाव के पक्षधर थे। उन्हें उर्दू आरबी फारसी का भी पूरा ज्ञान था। यह था उस दौर के विश्व हिंदू परिषद का वह चेहरा जिससे भारत का गैर हिन्दू समाज कभी भयभीत नहीं होता था। उसके बाद जबसे गुजरात को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की प्रयोगशाला कहा जाने लगा तब से इसी विश्व हिंदू परिषद ने खुलकर इस्लाम व अल्पसंख्यकों के प्रति अपनी आक्रामकता दिखानी शुरू कर दी। इसी विश्व हिंदू परिषद में बजरंग दल नामक एक और संगठन तैयार हो गया जो समय समय पर आक्रामक होते नजर आया। आज पूरे देश में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल पर अनेक आपराधिक मुकददमे चल रहे हैं। इसी विश्व हिंदू परिषद ने योजनाबद्ध तरीके से गुजरात से शुरू कर कॉरोनकाल के दौरान देश के कई राज्यों में मुस्लिम दुकानदारों के प्रति नफरत फैलाकर उनसे सब्जी फल व अन्य सामान खरीदने के लिये हिन्दू समाज के लोगों को मना किया। सीधे शब्दों में मुस्लिमों का व्यवसायिक बहिष्कार करने की कोशिश की गयी। इसी विहिप ने बेटी बचाओ बहू लाओ नामक एक अभियान भी चलाया जिसके अंतर्गत किसी हिन्दू लड़की के मुस्लिम लड़के से प्रेम संबंध होने की स्थिति में उस रिश्ते में दखल देना तथा वह अंतर्धार्मिक सम्बन्ध परवान न चढ़ने देना है। जबकि साथ ही हिन्दू लड़कों को इस बात के लिये आमादा करना है कि वे मुस्लिम लड़कियों से दोस्ती कर उनको बहू बनाकर लाएं। गुजरात सहित और भी कई राज्यों से ऐसी खबरें भी आती रही हैं जबकि विहिप के लोगों ने किसी मुस्लिम को किराये पर मकान देने का विरोध किया तो कभी खरीदे हुये फ़्लैट में भी कब्जा लेने व उनके रहने का विरोध किया। कई जगहों पर विश्व हिंदू परिषद के लोग मुस्लिमों की मॉब लिंचिंग करने वालों का साथ देते यहाँ तक कि उनके समर्थन में सड़कों पर उतरते,उग्र होते व हत्यारों को सम्मानित करते नजर आये। आज का विश्व हिंदू परिषद तो पूरी तरह से अपने उन बुनियादी सिद्धांतों से दूर होता नजर आ रहा है जिसे लेकर हिंदू राष्ट्रवाद पर आधारित इस भारतीय दक्षिणपंथी हिंदू संगठन की स्थापना 1964 में की गयी थी। उस समय इसका घोषित उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित व मजबूत करना और हिंदू धर्म की सेवा और सुरक्षा करना था न कि किसी अन्य धर्म के विरुद्ध आक्रामक होना या भारतीय लोगों में अफवाहबाजी के द्वारा नफरत हिंसा व विद्वेष भड़काना और किसी भारतीय नागरिक को दूसरे दर्जे का नागरिक समझना। न ही किसी की मस्जिद मजार गिराना व अन्य धर्मों की ध्वजा उतारकर अपनी धर्मध्वजा लहराना। न ही इस तरह के अभियान चलाना । परन्तु इससे भी आगे बढ़कर आज का विश्व हिन्दू परिषद तो गोया संविधान विरोधी संवाद को भी हवा देने वाला एक मंच बन चुका है। इनदिनों इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस शेखर यादव द्वारा दिया गया एक असंवैधानिक भाषण जो कि गत 8 दिसम्बर को इलाहाबाद हाई कोर्ट के लाइब्रेरी हॉल में वीएचपी के विधि प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दिया गया था वह न केवल चर्चा में है बल्कि उसी भाषण को लेकर जस्टिस शेखर यादव के विरुद्ध महाभियोग चलाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी है। वीएचपी के लीगल सेल के इसी आयोजन में जस्टिस शेखर यादव ने समान नागरिक संहिता एक संवैधानिक अनिवार्यता विषय पर बोलते हुए कहा था कि देश एक है, संविधान एक है तो कानून एक क्यों नहीं है? उन्होंने इसी मंच पर यह भी कहा कि हिंदुस्तान में रहने वाले बहुसंख्यकों के अनुसार ही देश चलेगा, यही कानून है। आप यह भी नहीं कह सकते कि हाई कोर्ट के जज होकर ऐसा बोल रहे हैं। कानून तो भैय्या बहुसंख्यक से ही चलता है। जस्टिस यादव के इस बयान के फौरन बाद ही कई नेताओं, वकीलों, पूर्व न्यायाधीशों व बुद्धिजीवियों द्वारा उनके इस बयान की निंदा की गयी उसे असंवैधानिक बताया गया और आखिरकार मामला महाभियोग तक आ पहुंचा। उनके विरुद्ध राज्यसभा के 55 सांसदों ने महाभियोग का प्रस्ताव लाने के लिये राज्य सभा में नोटिस दे दिया। यह भी सवाल उठने लगा कि एक वर्तमान न्यायाधीश का ऐसे कार्यक्रम में शामिल होना उचित भी है अथवा नहीं ?

# उस्ताद जाकिर हुसैन : एक संगीत साधक

दिलीप कुमार पाठक



**महान तबला वादक जाकिर हुसैन** साहब को ब्लड प्रेशर की परेशानी के कारण अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के एक हस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उन्होंने आखिरी साँस ली ' कुछ दिन पहले ही उन्हें हार्ट की दिक्कत भी हुई थी। महान तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन साहब का अमेरिका में निधन होने की खबर आने के बाद पूरे मुल्क में शोक छा गया ' जाकिर हुसैन साहब जैसी शख्सियतें युगों में कभी जन्म लेती हैं ' उस्ताद जाकिर हुसैन साहब का जाना सचमुच एक युग का अंत हो जाना है ' जाकिर हुसैन अपने आप में संगीत का एक युग थे ' ये हिंदुस्तान का बहुत बड़ा नुकसान है ' पीढ़ियां इस बात पर सीना चौड़ा करेंगी कि ऐसा पुष्प हिन्द के आँगन में उगा था, जिसके संगीत की खुशबू से पूरी दुनिया महकती है ' ऐसा कोई व्यक्ति नहीं जो जाकिर हुसैन साहब की थापों पर फि दा न हुआ हो ' जैसे आज आश्चर्य होता है कि सुर सम्राट तानसेन क्या भारत में ही पैदा हुए थे? आने वाले दौर में बच्चे गर्व करेंगे कि महान तबला उस्ताद हमारे वतन के थे। तब ही तो साहित्यकार शायर ध्रुव गुप्त उस्ताद जाकिर हुसैन साहब की महान शख्सियत को याद करते हुए कहते हैं -

**-कभी बारिश, कभी तूफां, कभी बिजली की कड़क**
**वो उंगलियां थीं कि कुदरत का करिश्मा थीं, हुजूर!**

उस्ताद जाकिर हुसैन अक्सर कहा करते हैं कि भारतीय शास्त्रीय संगीत स्टेडियम के लिए नहीं है, बल्कि यह कमरे का संगीत है। हालांकि ये भी सच है शायद ही कोई देश बचा हो, जहां जाकिर हुसैन साहब ने अपना शो नहीं किया और श्रोताओ को अपनी कला का दीवाना ना बनाया हो। उस्ताद जाकिर हुसैन मशहूर तबला वादक कुरैशी अल्ला रक्खा खान के पुत्र थे ' अल्ला रक्खा खान भी तबला बजाने में माहिर माने जाते थे। जाकिर हुसैन जब अपनी उंगलियों और हाथ की थाप से तबला बजाते थे तो मंत्रमुग्ध कर देते थे । उनके तबले के सुर को सुन लोग मदहोश हो जाते हैं और कहते हैं वाह उस्ताद। हालांकि टेलीविजन पर आता ताज चाय का विज्ञापन भी उन्हें नई पीढ़ी में खासा लोकप्रिय बनाता था ' आज अधिकांश लोग उस स्लोगन के साथ उस्ताद को याद कर रहे हैं।

जाकिर हुसैन ने देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में अपनी कला का परचम लहराया है। खुद का नाम तो रोशन किया ही बल्कि अपने राष्ट्र का मान बढ़ाया ' हमारी पीढ़ी के लोगों के लिए तबला का दूसरा नाम उस्ताद जाकिर हुसैन ही रहा है ' उस्ताद बिस्मिल्ला खान की शहनाई, हरि प्रसाद चौरसिया की बांसुरी, पंडित शिव शर्मा का संतूर..... इसी तरह तबला उस्ताद जाकिर हुसैन साहब के साथ जुड़ा हुआ है ' जीवन में इतनी प्रसिद्धि पाने के बाद भी उस्ताद को सादगी से रहना पसंद करते थे ' और वह अक्सर जमीन से जुड़े रहते थे। महान लोगों की महान बातें जाकिर हुसैन साहब को कोई उस्ताद कहता तो असहज हो जाते थे, और बड़ी शालीनता के लिए कहते - भाई मैं उस्ताद नहीं हूं मुझे आप जाकिर या जाकिर भाई कहो उस्ताद कभी बनना भी नहीं चाहूंगा, मैं हमेशा शागिर्द बनकर रहना चाहता हूं ' तबला के महान विद्वान खुद को उस्ताद मानते ही नहीं थे, ये शालीनता उन्हें बहुत अलहदा अद्वितीय कलाकार बनाती है। उन्होंने अपने जीवन में कई संघर्षों के बाद यह मुकाम पाया है। जाकिर हुसैन के अंदर बचपन से ही धुन बजाने का हुनर था। वे कोई भी सपाट जगह देखकर उंगलियों से धुन बजाने लगते थे। यहां तक कि किचन में बर्तनों को भी नहीं छोड़ते थे। तवा, हांडी और थाली, जो भी मिलता, वे उस पर हाथ फेरने लगते थे। शुरूआती दिनों में उस्ताद जाकिर हुसैन ट्रेन में यात्रा करते थे। पैसों की कमी की वजह से जनरल कोच में चढ़ जाते थे। सीट न मिलने पर फर्श पर अखबार बिछाकर सो जाते थे। तबले पर किसी का पैर न लगे, इसलिए उसे अपनी गोद में लेकर सो जाते थे। ऐसा समर्पण जब किसी कलाकार में आ जाता है तो वो किवदंती बन जाता है ' केवल 12 साल की उम्र में 5 रुपए मिले थे जब जाकिर हुसैन 12 साल के थे, तब अपने पिता के साथ एक कॉन्सर्ट में गए थे। उस कॉन्सर्ट में पंडित रविशंकर, उस्ताद अली अकबर खान, बिस्मिल्लाह खान, पंडित शांता प्रसाद और पंडित किशन महाराज जैसे संगीत की दुनिया के दिग्गज पहुंचे थे। जाकिर हुसैन अपने पिता के साथ स्टेज पर गए। परफॉर्मेंस खत्म होने के बाद जाकिर को 5 रुपए मिले थे। एक इंटरव्यू में उन्होंने इस बात का जिक्र करते हुए कहा था- मैंने अपने जीवन में बहुत पैसे कमाए, लेकिन वे 5 रुपए सबसे कीमती थे। अमेरिका में भी जाकिर हुसैन को बहुत सम्मान मिला। 2016 में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उन्हें ऑल स्टार ग्लोबल कॉन्सर्ट में भाग लेने के लिए व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया था। जाकिर हुसैन पहले इंडियन म्यूजिशियन थे, जिन्हें यह इनविटेशन मिला था। उस्ताद जाकिर हुसैन को 1988 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था, तो सबसे कम उम्र के कलाकार थे ' 2002 में पद्म भूषण और 2023 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। उन्हें 2009 में पहला ग्रैमी अवॉर्ड मिला था।

## आरसीपी सिंह ने तेजस्वी को समर्थन दे , गरमा दिया माहौल..!

श्रीराम सिंह

**बिहार में दो दिन पहले नेता** प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने दरभंगा में मीडिया से बात करते हुए एक ऐसी बात कह दी जिसने भयंकर चर्चा छेद दिया है. तेजस्वी ने सरकार बनने पर माई-बहिन मान योजना लागू करने की घोषणा कर दी. इससे पहले तेजस्वी यादव ने 2020 के विधानसभा चुनाव में ऐसे ही 10 लाख युवाओं को पहली केबिनेट में सरकारी नौकरी देने का वादा कर दिया था. अबकी बार उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनती है तो इस योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये मिलेंगे. तेजस्वी यादव का मानना है कि बिहार के नवनिर्माण की नींव महिलाओं की समृद्धि के बिना अधूरी है. महिलाओं को नकद हस्तांतरण मिलता है तो वे अपने परिवार की बेहतरी के लिए इस राशि का उपयोग बिना किसी दबाव के कर सकेंगी. तेजस्वी के इस घोषणा से पुरे प्रदेश में चर्चा गरमा दिया है। तेजस्वी की इस घोषणा के बाद नीतीश कुमार के साथ लम्बी राजनीतिक पारी खेलने वाले आर.सी.पी. सिंह ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने सबसे पहले जो चर्चा देश स्तर पर है वन नेशन वन इलेक्शन उस पर अपनी टिप्पणी दी. उन्होंने कहा कि देश में 1967 तक वन नेशन, वन इलेक्शन ही था. उसके बाद लोकसभा और विधानसभाओं में अलग-अलग समय पर चुनाव होने लगे. उन्होंने कहा कि इसका सबसे बड़ा फायदा है कि संसाधनों की बचत होती है. आज भारत को एक कृषि प्रधान देश की जगह चुनाव प्रधान देश कहा जा सकता है, क्योंकि हर समय किसी न किसी स्तर पर चुनाव चलता रहता है. उन्होंने कहा, चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है, जिससे विकास के कई काम बाधित होते हैं. चुनावों की यह प्रक्रिया अर्थव्यवस्था पर भी असर डालती है. हमने देखा कि सात प्रतिशत से ज्यादा की ग्रोथ रेट वाली दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत, चुनावों के कारण पिछली तिमाही में 5.4 प्रतिशत तक गिर गई. वहीं तेजस्वी के घोषणा पर भी उन्होंने अपनी चुप्पी तोड़ी. बिहार की राजनीति में संभावनाओं का नया मोड़ सामने आया है. कभी नीतीश कुमार के सबसे भरोसेमंद सहयोगी रहे, भाजपा के साथ समय बिताया और अब अपनी पार्टी बना चुके आरसीपी सिंह ने तेजस्वी यादव की माई-बहिन मान योजना का समर्थन किया है. साथ ही, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महिला संवाद यात्रा पर तंज कसते हुए सवाल खड़े किए हैं. इन बयानों ने राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज कर दी है कि क्या आरसीपी सिंह का झुकाव राजद की ओर हो रहा है? रविवार 15 दिसंबर को लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर आप सबकी आवाज (आसा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने नालंदा के मुस्तफापुर अपने पैतृक गांव में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर कई बातें कही. सरदार पटेल की तस्वीर पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी. इसी मौके पर आरसीपी सिंह ने मीडिया से बात करते हुए तेजस्वी यादव द्वारा घोषित माई-बहिन मान योजना का समर्थन कर दिया. इस बीच नीतीश कुमार की प्रस्तावित यात्रा भी जो कहा जा रहा था 15 दिसंबर से होगी उस पर भी कोई स्पष्ट निर्देश या जानकारी नहीं आई है. जदयू के तरफ से भी कोई बोलने को तैयार नहीं है की यात्रा कब से शुरू करेंगे. वहीं नीतीश की यात्रा शुरू नहीं होने को लेकर कई तरह के कयास लगाए जाने लगे है।

## आज का राशिफल

**मेष** आज करियर में लाभ मिलेगा और नौकरी के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। नौकरी को संभालकर करें।

**तुला** आज करियर के मामले में लाभ होगा। जो काम जोखिम भरे हैं, उन्हें करने से बचें।

**वृषभ** आज दिन करियर के लिहाज से बेहद शुभ है। आपको मान सम्मान की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक** दिन काफी व्यस्त रहेगा। घरेलू और व्यावसायिक माहौल में काफी थकान हो सकती है।

**मिथुन** दिन करियर में सफलता दिलाने वाला है। आप जो भी काम योजनाबद्ध तरीके से करेंगे।

**धनु** प्रतियोगिता या परीक्षा को पास करना चाहते हैं, उसमें आपको सफलता मिलने के योग हैं।

**कर्क** आज करियर के मामले में सफलता लेकर आया है। ग्रहों के शुभ योग से आपको लाभ होगा।

**मकर** मूड अच्छा रहेगा। किसी बड़े लाभ के चक्कर में आप दिनभर भागदौड़ करने को तैयार रहेंगे।

**सिंह** आज करियर में हर काम संभलकर करने की जरूरत है। आपको हर विवाद से बचने की सलाह है।

**कुंभ** आपके विरोधी भी कुछ ऐसी हरकतें कर सकते हैं जिससे आपको गुस्सा आएगा।

**कन्या** दिन लाभ से भरा होगा मामलों में योजनाएं सफल होंगी। आर्थिक मामलों में सुखद रहेगा।

**मीन** आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपको आय के मामले में लाभ होगा।

## विशेष

### दिल्ली में इस बार केजरीवाल की लहर नहीं

**अगले 2 महीने में दिल्ली विधानसभा के** चुनाव होना है. इस बार पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की लहर दिल्ली में देखने को नहीं मिल रही है. इस बार आम आदमी पार्टी को त्रिकोणीय मुकाबले में जाना पड़ रहा है. कांग्रेस अब पहले की तुलना में काफी मजबूत हो गई है. केंद्रीय चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पहले की तुलना में पहले से कई गुना मजबूत हो गईं है. शीला दीक्षित का बदला लेने के लिए उनके पुत्र संदीप दीक्षित चुनाव मैदान में पूरे दमखम के साथ कांग्रेस की लड़ाई लड़ रहे हैं. इंडिया गठबंधन में होते हुए भी अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस का साथ छोड़ा है. जो उनके पतन का कारण बन सकता है. लगातार चुनाव जीतने के बाद केजरीवाल को अहंकार हो गया है. वह राजनीतिक दांव पेंच के स्थान पर राजनीति में नोसीखिए की तरह व्यवहार कर रहे हैं. इसको लेकर कहा जा रहा है, अरविंद केजरीवाल अपने सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं. चौतरफा हो रहे हमलों से वह केजरीवाल अपने आपको कैसे बचा कर रख पाएंगे. इसकी चर्चा दिल्ली के मतदाताओं के बीच भी होने लगी है।

### कहां गए अन्ना हजारे

**दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं.** इस चुनाव में सबसे ज्यादा चर्चा अन्ना हजारे की हो रही है. जिनका चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है. इंडिया अगेंस्ट करप्शन की लड़ाई में अन्ना हजारे और अरविंद केजरीवाल मुख्य चेहरे थे. अन्ना हजारे लोकपाल कानून बनवाकर महाराष्ट्र चले गए. अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बन गए. समय की बलिहारी देखिए, जिस करप्शन को लेकर अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने।

## कार्टून कोना




### आज का इतिहास

1538 इंग्लैंड नरेश हेनरो आवे ने स्वयं को चर्च का मुखिया घोषित किया. 1645 जहांगीर की बेगम नूरजहां की मौत हुई. 1903 विल्बर और ओर्विले राइट ने पहली बार विमान में पूरी तरह नियंत्रित उड़ान भरी. 1909 बेल्डियम नरेश लियोपोल्ड द्वितीय का निधन. 1929 भगत सिंह और राजगुरूने सहायक पुलिस अधीक्षकसांडर्स को पुलिस अधीक्षक स्काट को धोखे में गोली मार दी. 1940 गांधीजी ने अपना सत्याग्रह आंदोलन स्थगित कर दिया था. 1957 अमरीका ने अंतरमहाद्वीपीय प्रक्षेपात्र का पहला परीक्षण किया. 1967 आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री हारोल्ड होल्ट तैरते समय डूब गए. 1974 भारत पाकिस्तान युद्ध की समाप्ति के साथ 90 हजार पाकिस्तानी सैनिकों ने आत्म समर्पण किया. 1967 दामोही ने सेना ने सत्ता पर कब्जा कर लिया. 1973 अरब छापामारों ने रोम के हवाई अड्डे पर 32 लोगों को मार डाला. 1983 मेड्रिड में एक डिस्को में आग से 83 व्यक्ति मारे गए.

## दैनिक पंचांग

**17 दिसम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | धनु | 06.29 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | मकर | 08.38 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कुंभ | 10.24 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 11.57 बजे से |
| गुरु | वृष में | मेष | 13.28 बजे से |
| शुक्र | मकर में | वृष | 15.08 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 17.06 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 19.19 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 21.35 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | कन्या | 23.47 बजे से |
| | | तुला | 01.58 बजे से |
| | | वृश्चिक | 04.13 ब.से |

**मंगलवार** 2024 वर्ष का 352 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वितीया 10.57 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पुनर्वसु 00.44 बजे रात्र को समाप्त। **योग** ब्रह्म 21.11 बजे को समाप्त। **करण** गर 10.57 बजे तदनन्तर वणिज 22.26 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 15.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 22'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872196
**जूलियन दिन** 2460661.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जमादि उस्सानी
**तारीख** 14

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## उपायुक्त ने की जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी की मासिक समीक्षा बैठक, कहा

# रिपोर्ट देने में न हो अनावश्यक विलंब, अधिकारी रखें ध्यान

### जिले में अधिष्ठापित सामुदायिक पुस्तकालयों को फंक्शनल बनाने का दिया निर्देश



**जामताड़ा (एप्र)।** सोमवार को उपायुक्त कुमुद सहाय की अध्यक्षता में जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी की मासिक समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में आईआरएडी, कॉमन सर्विस सेंटर, झारसेवा, विभिन्न प्रमाण पत्र, यूआईडीएआइ, मोबाइल टॉवर, नेक्स्टजैन ई हॉस्पिटल, सहित अन्य बिंदुओं पर क्रमवार समीक्षा किया गया। बैठक के दौरान उन्होंने आईआरएडी पोर्टल पर दर्ज कुल 66 मामलों की समीक्षा किया गया, जिसमें से संबंधित विभाग के लंबित मामलों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। बताया गया कि पोर्टल से जिले के कुल 149 सरकारी एवं निजी हॉस्पिटल को जोड़ा गया है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट को लेकर कुल 51 मामलों में से 44 का निपटारा हो चुका है एवं 7 मामले लंबित हैं। उपायुक्त ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि पीड़ित दुखद स्थिति में होते है, रिपोर्ट में विलंब की वजह से उन्हें मिलने वाले मुआवजे में देरी होती है, इसे आप सभी स्टेकहोल्डर्स गंभीरता से लें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। ससमय सड़क दुर्घटना से जुड़े आंकड़ों का प्रविष्टि एवं विभिन्न स्टेक होल्डर के द्वारा निष्पादन कर पीड़ित को मुआवजा प्रदान करें।

**सभी सीएससी सेंटर को क्रियाशील रखें**

वहीं उन्होंने जिले में संचालित सभी कॉमन सर्विस सेंटर की जानकारी ली, बताया गया कि जिले में कुल 1657 सीएससी हैं, जिसमें से वर्तमान में 1106 सीएससी एक्टिव हैं एवं 551 सीएससी इनएक्टिव है, जिस पर उपायुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए सीएससी बंद रहने के कारण को जाना एवं अविलंब सभी सीएससी को क्रियाशील बनाने का निर्देश दिया। वहीं प्रज्ञा केन्द्रों के माध्यम से सरकार की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में बेहतर तरीके से कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रज्ञा केंद्र में आने वाले लोगों से निर्धारित सेवा शुल्क के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार के शुल्क नहीं लिए जाएं, इसे सुनिश्चित करें। अगर ऐसी सूचना मिलती है संबंधित प्रज्ञा केंद्र के संचालकों पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं इसके अलावा उन्होंने संचार मीनार को लेकर बताया गया कि प्राप्त कुल 88 आवेदन के विरुद्ध 84 आवेदन अप्रूव्ड हो चुका है। उपायुक्त ने संचार मीनार को लेकर प्राप्त आवेदनों पर ससमय कमेटी का बैठक आहूत करने एवं इसका प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया, साथ ही झारखंड संचार मीनार एवं संबंधित संरचना नीति 2015 के अधिसूचित होने के पूर्व अधिष्ठापित मीनारों की सूची का अवलोकन कर समुचित कार्रवाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

**ससमय प्रमाण पत्र को करें जारी**

वहीं इसके अलावा उन्होंने झार सेवा पोर्टल पर विभिन्न प्रमाण पत्रों यथा जाति आवासीय आय आदि प्रमाण पत्रों के ससमय निर्गमन की जानकारी लेते हुए विभिन्न स्तरों पर लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान नेक्स्ट जेन ई अस्पताल संचालन की जानकारी ली, बताया गया यह अस्पताल 24 घंटे कार्यरत है, इसमें ऑनलाइन फामेर्सी, ऑनलाइन टेस्ट आदि की सुविधा दी गई है। बताया गया कि नवंबर 2024 तक कुल 51594 लोग निबंधित हुए हैं एवं करीब 4.37 लाख रेवेन्यू जेनरेट हुआ है। बताया गया कि वर्तमान में ओपीडी सेवा संचालित है, जिसमें आईपीडी एवं लैब सेवा संचालन के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिया।

**सभी सामुदायिक पुस्तकालयों को करें फंक्शनल**

उपायुक्त ने जिले में अधिष्ठापित सभी 118 सामुदायिक पुस्तकालयों के संचालन के संदर्भ में संबंधित स्टेकहोल्डर्स से जानकारी ली, उन्होंने सभी लाइब्रेरी को फंक्शनल करने का निर्देश दिया। लाइब्रेरी में पुस्तकों की उपलब्धता, बच्चों एवं युवाओं की उपस्थिति के अलावा अन्य बिंदुओं पर जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि वे स्वयं लाइब्रेरी का निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा उन्होंने लाइब्रेरी के सुचारू संचालन के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को पत्राचार कर पूर्व की भांति संचालन एवं प्रत्येक 15 दिनों में इसका संचालन रिपोर्ट देने हेतु जरूरी दिशा निर्देश दिया। मौके पर प्रशिक्षु आईपीएस, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, पुलिस उपाधीक्षक संजय कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ आनंद मोहन सोरेन, भूमि सुधार उप समाहर्ता ओम प्रकाश मंडल, जिला परिवहन पदाधिकारी मनोज कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राज शेखर, जिला पंचायत राज पदाधिकारी पंकज कुमार रवि, जिला शिक्षा पदाधिकारी चार्ल्स हेंब्रम, अंचल अधिकारी, जामताड़ा अबिश्वर मुर्मू, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी संतोष कुमार, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर बिरजू राम, सीएससी मैनेजर सलिल कुमार सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## दो बाइक की भिड़ंत में चार घायल स्थिति गंभीर, एक की हुई मौत



**जामताड़ा (एप्र)।** जामताड़ा जिला में हादसो पर विराम नहीं लग रहा है। एक के बाद एक लगातार सड़क दुर्घटना की घटनाएं बढ़ने लगी है। सोमवार की शाम गोविंदपुर साहिबगंज हाईवे पर बिंदापाथर थाना क्षेत्र अंतर्गत तांबाजोड़ के समीप दो बाइक की आपस में भिड़ंत हो गई। जिसमें एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। जबकि चार गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। घायल में दो महिला व दो पुरुष शामिल है। सभी का इलाज फिलहाल सदर अस्पताल जामताड़ा में चल रहा है। जानकारी के अनुसार जामताड़ा थाना क्षेत्र के सुखजोड़ा रानीडीह निवासी जानकी देवी, सुमित्रा मोहली और नेहरू मोहली देवघर जिला के खागा थाना क्षेत्र से बेटी का रिश्ता तय कर लौट रहे थे। वही चित्रा थाना क्षेत्र के सिमलगढ़ा निवासी डिजेंद्र हांसदा एवं देवेंद्र हेंब्रम विपरीत दिशा से बाइक से जा रहे थे। अचानक तांबाजोड़ के समीप दोनों बाइक में भिड़ंत हो गई। घटना में नेहरू मोहली की मौत मौके पर हीं हो गई। वहीं डिजेंद्र हांसदा, देवेंद्र हेंब्रम, जानकी देवी तथा सुमित्रा मोहली बुरी तरह से जख्मी हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस के द्वारा उन्हें सदर अस्पताल लाया गया है। जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। घायलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। ऑन ड्यूटी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पंकज कुमार ने बताया कि तीनों के सिर में गंभीर चोट आई है। जबकि एक अचेत अवस्था में है, जो कुछ बता नहीं पा रहा है। फिलहाल ऑक्सीजन लेवल और पल्स की स्थिति सामान्य है। अगर सिटी स्कैन की आवश्यकता होती है तो इन लोगों को रेफर किया जाएगा।

## बीडीओ ने किया पीएम एवं अबूआ आवास का भौतिक निरीक्षण



**नारायणपुर (एप्र)।** नारायणपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव ने सोमवार को प्रखंड टीम के साथ बूटबेरिया एवं चम्पापुर पंचायत क्षेत्र का भ्रमण कर वहां चल रहे विभिन्न सरकारी योजनाओं का निरीक्षण किया। वहीं मुखिया, पंचायत सेवक व रोजगार सेवक से योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी ली। साथ ही उसकी उपयोगिता को भी जाना। वहीं पंचायत क्षेत्र में चल रहे प्रधानमंत्री आवास व अबुआ आवास का भी स्थलीय निरीक्षण करते भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने सभी लाभुकों को निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं वैसे लाभुक जिनके द्वारा राशि प्राप्त होने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है उन्हें एक सप्ताह के अंदर फाउंडेशन आदि का कार्य पूरा करने का भी निर्देश दिया। साथ ही कहा कि इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, प्रखंड कोऑर्डिनेटर सहित पंचायत स्वयंसेवक को मिलकर निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने को कहा।

## एक नजर

### छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति हो सुनिश्चित : मंत्री



**जामताड़ा (एप्र)।** सोमवार को जामताड़ा महिला संध्या महाविद्यालय में महाविद्यालय शासी निकाय की बैठक मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, झारखण्ड सह अध्यक्ष, डा. इरफान अंसारी की अध्यक्षता में आहूत की गयी। जिसमें अध्यक्ष के अलावा सचिव सह उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि प्रो० कौशल एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ अशोक कुमार सिंह मौजूद रहे। बैठक में 2 प्रस्तावों पर समिति के द्वारा विमर्श किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से पिछले बैठक में लिए गए निर्णय की संपुष्टि की गई। इसके अलावा महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रो. दिलीप कुमार खां को सर्वसम्मति से बर्सर के पद पर नियुक्त करने हेतु निर्णय लिया गया। इस दौरान मंत्री ने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए अनुदान राशि, छात्रों व शिक्षकों की उपस्थिति आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा किया। उन्होंने महाविद्यालय में नामांकित छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों कि शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई सहित अन्य बिंदुओं, छात्रवृति आदि की समीक्षा कर समुचित कार्रवाई हेतु दिशा निर्देश दिया।

### तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई चार घायल, तीन की हालत गंभीर



**जामताड़ा (एप्र)।** जामताड़ा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर साहेबगंज हाईवे पर पोसोई मोड़ केसमीप रविवार देर रात तेज रफ्तार कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार चालक एक वाहन को ओवरटेक करने के दौरान नियंत्रण खो दिया और पेड़ से जा टकराया। टक्कर में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में चार लोग घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। बात दें कि सागर शर्मा, सोनू सिंह,गणेश सिंह,श्रीकांत राजक और पंकज साह सभी घायल धनबाद के रहने वाले हैं और दुमका से पूजा करके लौट रहे थे। स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल भेजा, जहां तीन को गंभीर हालत में धनबाद रेफर किया गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

### प्लस टू उच्च विद्यालय नाला में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित

**नाला (एप्र)।** प्लस टू उच्च विद्यालय नाला में 18 दिसंबर बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आशय की जानकारी थाना प्रभारी प्रदीप राणा ने डीजीपी तथा जामताड़ा पुलिस अधीक्षक के निर्देश के आलोक में जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों में प्राप्त लिखित एवं मौखिक शिकायत का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि अपने आसपास एवं मोहल्ला सहित अन्य जगहों पर आम नागरिक जिनका कोई समस्या शिकायत है वे दिनांक 18 दिसंबर को राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय नाला में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम का लाभ उठाएं।

## सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया गया विजय दिवस



**करमाटांड़ (एप्र)।** सरस्वती विद्या मंदिर विद्यासागर में विजय दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पुरातन छात्र विकास कुमार मंडल, विशिष्ट अतिथि प्रबंधक करिणी समिति के अध्यक्ष चंदन मुखर्जी एवं प्रधानाचार्य कृष्णकांत दुबे ने पुष्पार्चन कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की प्रधानाचार्य कृष्णकांत दुबे ने अतिथियों का परिचय एवं सम्मान अंग वस्त्र और भागवत गीता देकर किया। कार्यक्रम में कक्षा नवम दशम के भैया ने विजय दिवस के उपलक्ष्य में अपना वक्तव्य रखा। मुख्य अतिथि विकास कुमार मंडल ने बताया कि 16 दिसंबर का दिन सैनिकों के शौर्य व जज्जे को सलाम करने का दिन है। आज ही के दिन 1971 में भारतीय सेना की वीरता के आगे पाकिस्तान की सेना ने आत्मसमर्पण किया और बांग्लादेश को आजादी मिली थी। यह युद्ध 13 दिन चला था। हर वर्ष भारत में 16 दिसंबर का दिन विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। मौके पर आचार्य गणेश कुमार सिंह, रमेश मंडल, अशोक मंडल, संतोष मंडल, संतोष सिंह, अशोक सिंह,अभिषेक कुमार, अनूप बाग, कैलाश मंडल, लक्ष्मी दीदी, अपर्णा दीदी, ललिता दीदी आदि मौजूद थे।

## बीडीओ ने की समीक्षात्मक बैठक, कहा अबुआ आवास निर्माण कार्य में लाएं प्रगति



**फतेहपुर (एप्र)।** फतेहपुर प्रखंड कार्यलाय में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम कुमार दास की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत के पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, कनीय अभियंता सभी विभाग के पदाधिकारी कर्मी उपस्थित हुए। बैठक में मनरेगा, पीएमएवाई आवास और 15 वीं वित विभाग की समीक्षा की गई। बैठक में मानवी सूजन दिवस बढ़ाने, मनरेगा योजना के तहत चल रहें अर्पूण योजनाओं को पूरा करने, पंचायत में आम बागवानी योजना, कूप आदि में मानव दिवस सूजन पर कार्य करने, प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास योजना के कार्य पूरा करने, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत स्वीकृत लाभार्थियों को सत्यापन करने के लिए संबंधित कर्मियों को दिशा-निर्देश दिया गया। इसी दौरान अबुआ आवास एवं मनरेगा योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इसके साथ ही जेई, पंचायत सचिव व रोजगार सेवकों से योजनाओं के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गयी। बैठक में मनरेगा बिरसा सिंचाई कूप और अबुआ आवास योजनाओं में प्रगति लाने लिए कहा गया। वहीं पुराने मनरेगा योजनाओं बंद करने का आदेश दिया। मौके बीपीओ टिंकु कुमार, आवास कॉडिनेटर तपस लायक, पंचायत सचिव राजकिशोर दुबे ,गौर किशोर यादव, कालिदास टुडू, उपेन्द्र यादव, प्रियंका कुमारी,रोजगार सेवक गौतम रुई दास, सर्वरंजन कुमार, मिलिट्री पावरिया, जुनी जुबली टुडू ,विजय शर्मा, राजकिशोर झा,अलताफुर रहमान तथा कनीय अभियंता किशोर किस्कु, पवन हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे।

## नाला सीएचसी में मासिक समीक्षात्मक बैठक 17 को

**नाला (एप्र)।** 17 दिसंबर को नाला सीएचसी के सभागार में पूर्वाह्न 11 बजे मासिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया जाना है। इस आशय की जानकारी नाला सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ लियाकत अंसारी ने दी। मालूम हो कि सिविल सर्जन सह सचिव जिला स्वास्थ्य समिति जामताड़ा के निर्देश के आलोक में विभिन्न कार्यक्रमों के इंडिकेटरों में जामताड़ा जिला का उपलब्धि कम प्रदर्शित होने के कारण स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा प्रखंड स्तर पर की जानी है, इसी के तहत 17 को पूर्वाह्न 11 बजे इपीडेमियोलॉजिस्ट जामताड़ा अजीत कुमार दुबे की अध्यक्षता में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाला सभागार में जिला स्तरीय टीम द्वारा सभी प्रकार के भौतिक प्रतिवेदन का समीक्षा किया जाना है। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर लियाकत अंसारी ने उक्त बैठक में सभी सीएचओ, एएनएम, बीटीटी को सभी प्रकार के प्रतिवेदन के साथ ससमय भाग लेने को निर्देशित किया है।

# स्थानीय विरोध के कारण बरबेंदिया पुल निर्माण कार्य की रफ्तार हुई धीमी





**जामताड़ा (एप्र)।** बराकर नदी पर सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना बिरगांव बरबेंदिया पुल निर्माण कार्य की रफ्तार धीमी हो गई है। स्थानीय लोगों के विरोध के कारण नदी में मिट्टी भराई कार्य बाधित हो गया है। जिसके वजह से पीलर बनाने का काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। जानकारी के अनुसार मिट्टी भराई का काम, मटेरियल एवं मशीनरी के सप्लाई स्थानीय लोग द्वारा किए जाने की बात कही जा रही है। जिस पर कार्यकारी एजेंसी सहमत नहीं हो रहा है। प्रोजेक्ट मैनेजर की माने तो स्थानीय लोगों पर इन सारे कार्यों को छोड़ देने का मतलब गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ करना है। एजेंसी की ओर से ग्रामीणों का समझने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन ग्रामीण मानने को तैयार नहीं है और मिट्टी भराई का कार्य रूक गया है। प्रोजेक्ट मैनेजर जगदेव सिंह ने कहा कि विभाग को और प्रशासन को इस संदर्भ में मौखिक रूप से जानकारी दे दी गई है। अगर ग्रामीणों से सहमति बन जाती है तो काम आगे बढ़ेगा अन्यथा इस संदर्भ में लिखित रूप से प्रशासन एवं विभाग को जानकारी दे दी जाएगी। बता दें कि इसी बराकर नदी हादसे में जामताड़ा के 14 लोगों की जान चली गई थी और यह मामला झारखंड विधानसभा में गूंजा भी था। तब तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बरबेंदिया पुल निर्माण की घोषणा की थी। उनके पहल पर कार्य आगे बढ़ा और तत्कालीन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने योजना का शिलान्यास किया। इस योजना के पूर्ण हो जाने से धनबाद जिला से जामताड़ा जिला की कनेक्टिविटी आसान हो जाएगी और रोजी रोजगार के तथा विकास के नए आयाम खुलेंगे। इस पुल से लोगों को काफी उम्मीद और अपेक्षाएं हैं। देखा जाए तो जो ग्रामीण निर्माण कार्य के दौरान रोजगार को लेकर विरोध कर रहे हैं सबसे ज्यादा फायदा उन्हीं को होने वाला है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि पुल निर्माण की स्वीकृति का श्रेय लेने वाले जितने भी सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक दल के कार्यकर्ता व स्थानीय जनप्रतिनिधि थे, आज जब कार्य प्रारंभ हुआ है तो ऐसे विवाद को सुलझाने की दिशा में कोई भी जनप्रतिनिधि या सामाजिक कार्यकर्ता या फिर राजनीतिक दल के लोग पहल नहीं कर रहे हैं। जिस तरीके एजेंसी और स्थानीय लोगों के बीच कार्य को लेकर विवाद गहरा रहा है उससे योजना के प्रभावित होने की संभावना बढ़ रही है।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को लेकर प्रचार प्रसार में जुटी नारायणपुर पुलिस




**नारायणपुर (एप्र)।** बदलते समय के साथ पुलिसिंग व्यवस्था में भी बदलाव शुरू हो गया है। इसी के तहत पुलिस अब पब्लिक के बीच में जाएगी। उनकी समस्याओं को सुनेगी और उसका तत्काल समाधान करने का प्रयास करेगी। राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की शुरूआत पुलिस विभाग की ओर से की जा रही है। जिसका आयोजन बुधवार को नारायणपुर में जिला शिक्षा एवं संस्थान पबिया में होना है। नारायणपुर थाना प्रभारी मुराद हसन ने आम लोगों से अपील की है कि कार्यक्रम में शामिल हो और अपनी समस्याओं को रखें, ताकि उसका त्वरित समाधान किया जा सके। जामताड़ा जिला पुलिस की ओर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन बुधवार 18 दिसंबर को किया जा रहा है। जिसमें एसपी एहतेशाम वकारीब सहित जिले के वरीय पुलिस पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। इस कार्यक्रम की सफलता को लेकर पुलिस विभाग की ओर से एक जागरूकता वाहन प्रचार प्रसार के लिए निकल गया। लोगों के बीच पंपलेट वितरित किए गए। इस संदर्भ में नारायणपुर प्रभारी मुराद हसन ने नारायणपुर वासियों से आग्रह है कि आप अपने आसपास गांव मोहल्ला में आम नागरिक जिनकी कोई समस्या व शिकायत है, उन्हें बुधवार को 11 बजे दिन को इस कार्यक्रम में अपने थाना क्षेत्र के निर्धारित स्थान पर भाग लेने हेतु जागरूक करें, ताकि उनकी समस्या का तुरंत समाधान किया जा सके। मौके पर एसपी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहेंगे और शिकायतकर्ता के शिकायत का समाधान करेंगे।


# अस्पताल में ठप हुई स्वास्थ्य व्यवस्था तो रैयत के बेटे ने बेच डाली जमीन

**बरहट(एप्र)।** बरहट अंचल क्षेत्र के नुमर पंचायत जावातरी वार्ड नं 6 में अवस्थित महामहिम राज्यपाल के नाम पर निबंधित 10 डिसमिल जमीन को रैयत के बेटा के द्वारा बिक्री कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जबकि उक्त जमीन उप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जावातरी के नाम से महामहिम राज्यपाल के नाम पर निबंधित है। इस आशय को लेकर वार्ड सदस्य संतोष कुमार दास ने मुख्यमंत्री , सांसद ,भूमि सुधार उपसमाहर्ता जमुई, प्रखंड विकास पदाधिकारी बरहट , अंचलाअधिकारी बरहट को लिखित आवेदन देकर मामले की शिकायत की है। इसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। अपने दिए आवेदन में वार्ड सदस्य ने बताया कि खाता संख्या 14 खेसरा संख्या1211 जिसका रकबा 10 डिसमिल है। उक्त जमीन को रैयत फागु रविदास पिता लक्ष्मण रविदास ने प्राथमिक उपचारक स्वास्थ्य केंद्र जावातरी भवन निर्माण के लिए महामहिम राज्यपाल के नाम पर निबंधित किया था। फागु रविदास का देहांत हो जाने के बाद अब युक्त जमीन को उसका बेटा जमुना रविदास, राजकुमार रविदास, मदन दास सब मिलकर 2 खरीदार के पास 5-5 डिसमिल जमीन बेच दिया है। वार्ड सदस्य ने बताया की इसकी जानकारी मिलने के बाद बीते साल 21अगस्त 22 के तत्कालीन अंचलअधिकारी रणधीर प्रसाद को लिखित आवेदन देकर उक्त जमीन का मोटेशन रोकने की मांग की गई थी। किंतु हैरत की बात यह कि एक खरीदार का मोटेशन कर दिया गया। जिसकी शिकायत भी जिला वरिय पदाधिकारी से की गई है। इसके बावजूद भी दोषियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई है।









### गांव में खोजने पर नहीं मिला अस्पताल

जिस जमीन को बेचा गया उक्त जमीन महामहिम राज्यपाल के नाम पर निबंधित होने के बाद सरकार के द्वारा उप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जावातरी खोला गया था। ग्रामीणों ने बताया साल 1978 में अस्पताल भवन का निर्माण किया गया था। जहां की सरकारी डॉक्टर भी लोगों का इलाज करने के लिए आया करते थे। साल 1995 तक अस्पताल ठीक-ठाक संचालित हुआ। इसके बाद यहां स्वास्थ्य कर्मी आना बंद हो गए और धीरे-धीरे अस्पताल पूरी खंडरहर में तब्दील हो गया।अब धरातल पर अस्पताल का एक ईंट भी नहीं है।हालांकि अस्पताल का जमीन पर खरीदारों के द्वारा घेराबंदी कर दी गई है।

### 29 साल से कागज पर संचालित हो रहाअस्पताल

मामले की जानकारी मिलने के बाद जब संवाददाता ने इसकी पड़ताल की गई तो उप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जावातरी गांव में पर खोजने पर नहीं मिला। जबकि स्वास्थ्य विभाग के डायरी में यहां उप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जावातरी संचालित हो रही है। जिसका खुलासा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी ज्ञापांक 402 पत्रांक 5 में हुआ है। लेटर के अनुसार नुमर पंचायत के जावातरी प्राईवेट हास्पिटल में 23 दिसंबर को शिविर लगाना सुनिश्चित किया गया। इस शिविर में तीन एएनएम की नियुक्ति भी कर दी गई। जैसे ही विभाग ने पत्र जारी किया चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया कि जब उक्त स्थल पर अस्पताल या सरकारी भवन ही नहीं है तो फिर वहां शिविर कैसे लगेगा।

### क्या कहते हैं प्रभारी जिला चिकित्सा पदाधिकारी

कागज पर अस्पताल संचालन किए जाने को लेकर जब जिला प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर नौशाद अहमद से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि जब अस्पताल नहीं है तो वहां स्वास्थ्य कर्मी कहां पर ड्यूटी कर रही है यह जांच का विषय है।

### क्या कहते हैं जिलाधिकारी

इस संबंध में जिला अधिकारी अभिलाषा शर्मा से जब बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी हमें नहीं है। जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## रिखिया थाना, देवघर

**आम सूचना**

वादी भतिजा– सुधीर कुमार चौरसिया, सा0– आमगाछी, थाना– रिखिया, जिला– देवघर के निवासी, पिता– महेन्द्र प्रसाद चौरसिया, लड़का– गोलू कुमार चौरसिया, उम्र– करीब 22 वर्ष सा0– आमगाछी थाना– जिला– देवघर, दिनांक– 13/12/2024 से लापता है जो अभी तक पता नहीं चल सका है। उनके परिजन/निकटम सगे संबंधियों तक सूचना देने तथा उनके सर्वोतक हित में परिजन तक पहूँचने हेतु सूचित किया जाता है।

**पहचान :–**
1. रंग– गोरा
2. ऊँचाई– 6 फीट
3. उम्र– 22 वर्ष
4. पहनावा– ब्लू रंग का हुडी व ब्लू रंग जिंस तथा सफेद चप्पल पहना हूँ।



अतः उपर्युक्त गुमशुदा व्यक्ति नाम– गोलू कुमार चौरसिया, उम्र–22 वर्ष, पिता– महेन्द्र प्रसाद चौरसिया, सा0–आमगाछी, थाना– रिखिया देवघर के संदर्भ में कोई जानकारी हो तो अभिलंब नीचे दिये गये दूरभाश नम्बर पर इससे संबंधित जानकारी दें।

पुलिस अधीक्षक देवघर 9470591079
अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर देवघर 7004550684
थाना प्रभारी रिखिया थाना 6205577539

पु0अ0नि0,
रिखिया थाना, देवघर

PR 342055 Deoghar (24-25)_D

## उपायुक्त का कार्यालय, साहेबगंज
(जिला योजना शाखा)

**अति अल्पकालीन प्रस्ताव के लिए अनुरोध (RFP) आमंत्रण सूचना।**

वित्तीय वर्ष–2024–25 में साहेबगंज जिला के UPG Govt. HS Begamganj, Block- Udhwa, UDISE-20090501701 में वेलनेस सेन्टर के अधिश्ठापन हेतु निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित RFP में वर्णित शर्त्तों के अनुसार तकनीकी एवं वित्तीय बीड (दो अलग–अलग भागों में) सील बंद लिफाफा में दिनांक–23.12.2024 के दिन के 12:00 बजे तक विकास भवन स्थित जिला योजना कार्यालय, जिला–साहेबगंज, झारखण्ड पिन कोड–816109 में हाथों–हाथ या डाक (रजिस्ट्रड/स्पीड़ पोस्ट) के माध्यम से समर्पित कर सकते है।

निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु साहेबगंज जिला के आधिकारिक वेबसाइट https://sahibganj.nic.in पर अपलोड की गई RFP विवरणी में देखी जा सकती है या कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
जिला योजना पदाधिकारी,
साहेबगंज।

PR.NO.342063 Planning and Development(24-25):D

## विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों संग डीएम ने की समीक्षा बैठक



**जमुई(निंस)।** सोमवार को जिला पदाधिकारीअभिलाषा शर्मा ने समाहरणालय जमुई स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभिन्न पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में संबंधित विभागों के द्वारा समर्पित प्रतिवेदन से रूबरू होकर उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में राज्य सरकार के योजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर गति दिए जाने का निर्देश दिया गया। मौके पर विद्युत विभाग, सांख्यिकी विभाग, लोक स्वास्थ्य विभाग, जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, भवन निर्माण विभाग, उद्योग विभाग समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## बिहार में टॉप स्थान प्राप्त करने पर निदेशक को किया गया सम्मानित

**जमुई (निंस)।** मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना में शामिल कौशल विकास केंद्र के 8वें स्थापना दिवस को लेकर केवाईपी एसोसिएशन की ओर से हुए युवा सम्मेलन में बिहार टॉप करने वाले झाझा के केंद्र निदेशक व जिला कोर कमेटी के सदस्य सुनील कुमार ने भी पटना पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि ने निदेशक को बिहार टॉप करने पर सम्मानित किया। निदेशक ने कहा की मुख्यमंत्री की यह महत्वाकांक्षी योजना का लाभ हमारे क्षेत्र में बेहतर ढंग से युवा वर्ग के लोगों को मिल रहा है। सैंकड़ों युवा प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अलग-अलग संस्थानों में रोजगार पा रहे हैं। इसी का परिणाम है की बिहार में झाझा का केंद्र सभी केंद्रों से टॉप रहा। मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, जदयू सचिव मनीष कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## शराबी गिरफ्तार

**खैरा (निंस)।** रविवार की देर संध्या खैरा थाना पुलिस ने कोल्हुआ से 2 लीटर शराब के साथ एक शराबी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। एएलटीएफ प्रभारी विद्यारंजन को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कोल्हुआ में शराब की खरीद और बिक्री की जा रही थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच एक व्यक्ति को दो लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया। गौरतलब हो कि जिले में एएलटीएफ के गठन के बाद प्रखंड क्षेत्र में शराब तस्करी के विरुद्ध छापेमारी अभियान लगातार जारी है।

## युवक गिरफ्तार

**गिद्धौर/जमुई (निंस)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के गिद्धौर-जमुई मुख्य राजमार्ग पर लॉर्ड मिंटो टॉवर चौक के निकट गिद्धौर थाना के अवर निरीक्षक रंजीत पासवान ने रात्रि गश्ती के दौरान फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के क्रम में मिली गुप्त सूचना के आधार पर शराब पीकर हंगामा कर रहे एक शराबी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव निवासी कारू प्रसाद यादव के पुत्र राकेश रौशन यादव के रूप में हुई है। वहीं गिरफ्तार व्यक्ति के ब्रेथ एनालाइजर मशीन से शराब पीने से जुड़े सत्यापन के बाद मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए गिद्धौर पुलिस द्वारा न्याययिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## शराब तस्कर गिरफ्तार

**सोनो(निंस)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरी चैक पोस्ट के पास वाहन जांच अभियान के कर्म में उत्पाद विभाग की पुलिस ने एक ऑटो में बने तहखाना से हजारों रुपए की विदेशी शराब के साथ चालक को गिरफ्तार किया है। बात दें कि मध्यनिशेष विभाग पुलिस टीम के द्वारा झारखंड से आने वाली सभी वाहनों को मुख्य मार्ग पर जांच पड़ताल किया जाता है, इसी क्रम में आने वाले नव वर्ष का इंतजार कर रहे शराब माफिया अलग-अलग हथकंडे अपना रहे हैं , लेकिन पुलिस भी हर कामयाबि पर पैनी नजर रखते हुए पानी फेर दे रहे हैं। बता दें कि ऑटो से भारी मात्रा में विदेशी शराब चेक पोस्ट के पास जप्त किया गया। ऑटो चालक की पहचान बटीया बाजार के केलू साह के पुत्र रविन्द्र साह के रूप में की गई है। ऑटो चालक से पुलिस ने शराब कारोबारी को लेकर पूछताछ किया तो उसने बताया कि शराब झारखंड चतरो से लेकर जमुई की ओर जा रहे थे।

## कार्यालय नगर परिषद, पाकुड़
–: आवश्यक सूचना :–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में कुल 60 होल्डिंग धारियों द्वारा होल्डिंग टैक्स का भुगतान नही करने पर कार्यालय नगर परिषद, पाकुड़ द्वारा नोटिस के माध्यम से सूचित करने के बावजूद भी बकाया होल्डिंग जमा नही किया गया है। वैसे होल्डिंगधारी 07 दिनों के अंदर कार्यालय नगर परिषद, पाकुड़ (जन सुविधा केन्द्र) में आकर अपना बकाया होल्डिंग टैक्स का भुगतान कर दें, अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के धारा –184 के तहत् आपके बैंक खाता को फ्रिज करने की कार्रवाई की जायेगी। जिसके जिम्मेदार आप स्वयं होंगे। बाद में आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। बकायादार होल्डिंग धारको की विवरणी निम्न प्रकार है :–

| Sl.No | Ward No. | Holding. No | Owner Name | Address | Demand From | Demand Upto | Demand |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15 | 0150000020000X1 | SATYADEO PRASAD GUPTA | MALGODAM ROAD SINDHIPARA | 1 / 2017-2018 | 4 / 2022-2023 | 232062 |
| 2 | 11 | '0110000059000A1 | SHAKIL AHANAD AHABBIR ANSARI SAMIM ANSARI | LT SALIM ANSARI | 1 / 2018-2019 | 4 / 2023-2024 | 7507.04 |
| 3 | 2 | 0020000338000A4 | ARTI DEVI | BARIALIGANJ | 1 / 2016-2017 | 4 / 2023-2024 | 7215.2 |
| 4 | 17 | '0170000095000X1 | ANUP KUMAR BHAGAT | BALIHARPUR | 1 / 2016-2017 | 4 / 2021-2022 | 28270 |
| 5 | 6 | '0060000156000M0 | KALPANA PANDEY | KRISHNA COLONY,KALIBHASAN POKHAR | 1 / 2018-2019 | 4 / 2022-2023 | 24534.64 |
| 6 | 19 | '0190000152000M0 | RAJESHWARI DEVI | BALLAVPUR | 1 / 2018-2019 | 4 / 2022-2023 | 21631.64 |
| 7 | 18 | '0190000545000A4 | NARBANU BIBI MOHASAL ALI ABUL HASAN DABLU SHEKH EBRAN SHEKH KAFI AAYESA RENU MAJEDA | KALIKAPUR, PAKUR | 1 / 2016-2017 | 4 / 2022-2023 | 20100 |
| 8 | 17 | '0170000266000M0 | FULKUMARI MANDAL | BALIHARPUR | 1 / 2019-2020 | 4 / 2023-2024 | 6838.08 |
| 9 | 17 | '0170000302000A4 | BIJAY KUMAR YADAV | DHULIYAN ROAD BALIHAR PUR PAKUR | 2 / 2019-2020 | 4 / 2022-2023 | 18557 |
| 10 | 1 | '0010000035520A4 | ANUPLAL BHAGAT AND OTHERS | DHANUSHPUJA | 1 / 2018-2019 | 4 / 2022-2023 | 18315.92 |
| 11 | 11 | 0110000026000A1 | URMILA DEVI | HARINDANGA BAZAR,DHULIYAN ROAD. PAKUR | 1 / 2017-2018 | 4 / 2023-2024 | 6295.76 |
| 12 | 19 | 0190000284000X1 | JANNATAN BIBI/NEGAR BEWA | BALLAVPUR MOLANA CHWOK PAKUR | 1 / 2019-2020 | 4 / 2023-2024 | 5996.28 |
| 13 | 5 | 0050000162000M0 | JANARDHAN PRASAD UPADHAYA | K K M COLLEGE ROAD | 1 / 2021-2022 | 4 / 2022-2023 | 16280.2 |
| 14 | 16 | 0160000380000M0 | MD JAIDUL HOQUE | MALGODAM ROAD,SIDDHARTH NAGAR | 1 / 2019-2020 | 4 / 2022-2023 | 16169.6 |
| 15 | 9 | 0090000184000M0 | PRATIMA MISHRA | RANI DIGGHI PATAL | 1 / 2019-2020 | 4 / 2022-2023 | 15704.24 |
| 16 | 16 | 0160000157000M0 | NOUSHAD SHEKH & ARSHAD SHEKH | KAILASH NAGAR PAKUR | 2 / 2017-2018 | 4 / 2022-2023 | 15471.92 |
| 17 | 9 | 0080000270000M0 | SAMIR KUMAR MISHRA,KALYAN MISHRA,PUNAM DEVI | KALITALLA,NEAR-RANI DIGGHI PARK | 4 / 2018-2019 | 4 / 2022-2023 | 14960.84 |
| 18 | 10 | 0100000171000A1 | RAJIYA BEGAM | ANNAPURNA COLONY | 1 / 2020-2021 | 4 / 2023-2024 | 5977.6 |
| 19 | 16 | 0160000226000M0 | SUBHAM PARASHAR | BAGTIPARA KAILASHNAGAR | 1 / 2018-2019 | 4 / 2022-2023 | 14425.88 |
| 20 | 9 | 0090000159000A1 | BHARAT RAJAK | MALGODAM ROAD KALPARA | 3 / 2017-2018 | 4 / 2022-2023 | 14332.08 |
| 21 | 15 | '0150000265000X4 | SURESH KUMAR BHAKAT,BARSHA PRASAD,NARESH BHAKAT, | DHULIYAN ROAD PAKUR | 1 / 2022-2023 | 4 / 2022-2023 | 14312 |
| 22 | 9 | 0090000366000M0 | MUMTAJ KHATUN | TANTIPARA ROAD MADHPARA | 1 / 2021-2022 | 4 / 2022-2023 | 13512.8 |
| 23 | 11 | 0110000024000A1 | SURENDRA SINGH | GURUDWARA ROAD. PAKUR | 1 / 2016-2017 | 4 / 2022-2023 | 13168.68 |
| 24 | 8 | 0080000332000M0 | SAPAN KUMAR PANDEY | KALITALLA | 1 / 2020-2021 | 4 / 2022-2023 | 12791.16 |
| 25 | 19 | 0190000767000M0 | ARAJAN BIBI | BALLAVPUR PAKUR | 1 / 2016-2017 | 4 / 2022-2023 | 12706 |
| 26 | 16 | 0160000272000M0 | MANJARUL ISLAM | BRINDAWAN,KAILASH NAGAR | 1 / 2018-2019 | 4 / 2022-2023 | 12632.32 |
| 27 | 8 | 0060000178000A1 | SUKUMAR THAKUR | MADHPARA | 1 / 2017-2018 | 4 / 2022-2023 | 12440.24 |
| 28 | 10 | 0100000111000X1 | NAUSHAD ALAM | TAJIYA CHOWK. HARINDANGA BAZAR, PAKUR | 1 / 2019-2020 | 4 / 2022-2023 | 12250.12 |
| 29 | 14 | 0140000191000X1 | BAIJNATH PRASAD SAH | HARINDANGA BAZAR | 1 / 2018-2019 | 4 / 2022-2023 | 12146.8 |
| 30 | 10 | 0100000096000A1 | INOD KUMAR SAH | TANTIPARA | 1 / 2018-2019 | 4 / 2022-2023 | 11064.04 |
| 31 | 10 | 0100000189000A1 | DAYANTI DEVI | HARINDANGA BAZAR | 1 / 2016-2017 | 4 / 2022-2023 | 10931.28 |
| 32 | 10 | 0090000287000M0 | KALYANI MISHRA | NEAR KALPOKHAR | 4 / 2019-2020 | 4 / 2023-2024 | 5899.68 |
| 33 | 10 | 0100000262000A4 | GOURI SHANKAR BHAGAT SAVITRI DEVI | TAJIYA CHOWK HARINDANGA BAZAR | 1 / 2016-2017 | 4 / 2022-2023 | 10665.64 |
| 34 | 9 | 0090000234000A1 | SANGITA DEVI | TANTIPARA | 1 / 2020-2021 | 4 / 2022-2023 | 10439.8 |
| 35 | 14 | 0140000159000A1 | MANIR AHMAD NASIR AHMAD ARMAN AHMAD ANSARI,MANIR AHMAD NASIR AHMAD ARMAN AHMAD ANSARI | HARINDANGA BAZAR | 1 / 2019-2020 | 4 / 2022-2023 | 10400.76 |
| 36 | 16 | 0160000260000M0 | DIPAK KUMAR CHOUDHARY APURBA KUMAR CHOWDHARY NRIPENDRA KUMAR CHOUDHARY | MALGODAM ROAD PAKUR | 1 / 2020-2021 | 4 / 2022-2023 | 9703.2 |
| 37 | 10 | 0100000097000A1 | JAWAHAR LAL BHAGAT | TANTIPARA, PAKUR | 1 / 2020-2021 | 4 / 2022-2023 | 9214.88 |
| 38 | 10 | 0100000228000X1 | BADRINAYAN BHAGAT | HIRANDANGA BAZAR PAKUR | 1 / 2016-2017 | 4 / 2023-2024 | 9143.04 |
| 39 | 6 | 0060000134000M0 | PRATIMA MISHRA | BAURIPARA | 1 / 2019-2020 | 4 / 2023-2024 | 8567.68 |
| 40 | 6 | 0060000136000M0 | PRATIMA MISHRA | BAURIPARA | 1 / 2019-2020 | 4 / 2023-2024 | 8567.68 |
| 41 | 6 | 0060000180000M0 | SANDHYA KUMARI | RAJAPARA | 4 / 2018-2019 | 4 / 2022-2023 | 8306.21 |
| 42 | 2 | 0020000415000A4 | MANORA BEWA | BARI ALIGANJ | 1 / 2016-2017 | 4 / 2022-2023 | 8293.72 |
| 43 | 7 | 0070000008000A4 | PRATIMA PANDEY | BISHARI TALLA | 1 / 2018-2019 | 4 / 2023-2024 | 8277.36 |
| 44 | 10 | 0100000233000A1 | ROHAN RAM | ANNAPURNA COLONY,PAKUR | 1 / 2016-2017 | 4 / 2022-2023 | 8156.32 |
| 45 | 18 | 0180000068000A1 | SALAUDIN SHEKH | KALIKA PUR PAKUR | 1 / 2019-2020 | 4 / 2023-2024 | 8015.28 |
| 46 | 17 | 0170000301000A4 | ASHOK KUMAR YADAV ARUN KUMAR YADAV | DHULIYAN ROAD BALIHAR PUR PAKUR | 1 / 2021-2022 | 4 / 2022-2023 | 7806 |
| 47 | 10 | 0100000067000X1 | NASIM AKHTAR SHAMIM AKHTAR | HARINDANGA BAZAR | 1 / 2021-2022 | 4 / 2023-2024 | 7607.84 |
| 48 | 7 | 0070000015000A | PHOOL KUMARI DEVI | KALITALLA PAKUR | 1 / 2018-2019 | 4 / 2023-2024 | 7606.8 |
| 49 | 2 | 0020000360000A2 | Kausar alam ansari | BARIALIGANJ | 1 / 2019-2020 | 4 / 2023-2024 | 7556.16 |
| 50 | 19 | 0190000210000M0 | LUTFAL HAQUE | BALLAVPUR | 1 / 2019-2020 | 4 / 2023-2024 | 7542.04 |
| 51 | 12 | 0120000248000M0 | YAR MOHAMMAD | NAMUPARA | 1 / 2019-2020 | 4 / 2023-2024 | 5851.6 |
| 52 | 15 | 0150000104000A1 | SHYAMALI DEVI | SINDHIPARA MALGODOWN ROAD | 1 / 2019-2020 | 4 / 2023-2024 | 5731.2 |
| 53 | 6 | 0060000158000A1 | PRATAP KUMAR DUBEY | DUBEY PARA | 1 / 2018-2019 | 4 / 2023-2024 | 5728.16 |
| 54 | 4 | 0040000490000M0 | MANA GHOSH. (MAHITOSH GHOSH) | BANK COLONY | 1 / 2019-2020 | 4 / 2023-2024 | 5660.8 |
| 55 | 3 | 0030000022000A1 | MADHUMITA DAS | KURTHIPARA | 1 / 2019-2020 | 4 / 2023-2024 | 5489.04 |
| 56 | 16 | 0160000132000A1 | ANITA DEVI | KAILASH NAGAR | 1 / 2019-2020 | 4 / 2023-2024 | 5489.04 |
| 57 | 1 | 0010000432000A1 | SIVAN BALA MARANDI | Dhanushpuja | 1 / 2019-2020 | 4 / 2023-2024 | 5489.04 |
| 58 | 2 | 0020000568000A1 | AKHTAR HUSSAIN,SAKILA KHATUN,AMANULLA,SNAULLA,SHAHIDULLA | BARI ALIGANJ | 1 / 2016-201 | 4 / 2023-2024 | 5265.84 |
| 60 | 18 | 0180000166000A1 | PRABHAS CHANDRA DAS | KALIKAPUR PAKUR | 1 / 2016-2017 | 4 / 2023-2024 | 5233.04 |

प्रशासक,
नगर परिषद, पाकुड़।

PR 342064 Urban Development(24-25)D

## उपायुक्त का कार्यालय, साहेबगंज
(जिला योजना शाखा)

**अति अल्पकालीन प्रस्ताव के लिए अनुरोध (RFP) आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष–2024–25 में साहेबगंज जिला के UPG Govt. HS Digghi, Block- Pathna, UDISE-20090305901 में वेलनेस सेन्टर के अधिष्ठापन हेतु निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित RFP में वर्णित शर्त्तों के अनुसार तकनीकी एवं वित्तीय बीड (दो अलग–अलग भागों में) सील बंद लिफाफा में दिनांक–23.12.2024 के दिन के 12:00 बजे तक विकास भवन स्थित जिला योजना कार्यालय, जिला–साहेबगंज, झारखण्ड पिन कोड–816109 में हाथों–हाथ या डाक (रजिस्ट्रड/स्पीड़ पोस्ट) के माध्यम से समर्पित कर सकते है।

निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु साहेबगंज जिला के आधिकारिक वेबसाइट https://sahibganj.nic.in पर अपलोड की गई RFP विवरणी में देखी जा सकती है या कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
जिला योजना पदाधिकारी,साहेबगंज

PR 342065 Planning and Development(24-25).D

## उपायुक्त का कार्यालय, साहेबगंज।
(जिला योजना शाखा)

**अति अल्पकालीन प्रस्ताव के लिए अनुरोध (RFP) आमंत्रण सूचना।**

वित्तीय वर्श–2024–25 में साहेबगंज जिला के Govt. MS Bishanpur, Block- Pathna, UDISE- 20090302101 में वेलनेस सेन्टर के अधिष्ठापन हेतु निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित RFP में वर्णित शर्त्तों के अनुसार तकनीकी एवं वित्तीय बीड (दो अलग–अलग भागों में) सील बंद लिफाफा में दिनांक–23.12.2024 के दिन के 12:00 बजे तक विकास भवन स्थित जिला योजना कार्यालय, जिला–साहेबगंज, झारखण्ड पिन कोड–816109 में हाथों–हाथ या डाक (रजिस्ट्रड/स्पीड़ पोस्ट) के माध्यम से समर्पित कर सकते है।

निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु साहेबगंज जिला के आधिकारिक वेबसाइट https://sahibganj.nic.in पर अपलोड की गई RFP विवरणी में देखी जा सकती है या कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
जिला योजना पदाधिकारी,
साहेबगंज।

PR 342068 Planning and Development(24-25)D

## समाहरणालय, गोड्डा
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय
(जिला आपदा प्रबंधन शाखा, गोड्डा)

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली की योजना UP- Scaling of Aapda Mitra Scheme के तहत् जिला स्तर पर प्राकृतिक आपदाओं से निपटने हेतु **Emergency Essential Resource Reserve (EERR)** का क्रय किया जाना है। उक्त **Emergency Essential Resource Reserve (EERR)** की आपूर्ति कराने हेतु एक मुश्त दर (सभी कर एवं किराया सहित) निर्धारण के लिए द्विलिफाफा प्रणाली के आधार पर जिला आपदा शाखा, गोड्डा में **दिनांक --30.12.2024** के अप0 01:00 बजे तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। तथा प्राप्त निविदा उसी दिन दिनांक--30.12.2024 के को 03:00 पूर्वा0 बजे जिला निविदा निस्तारण समिति के समक्ष खोली जाएगी।

उपर्युक्त निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के वेवसाईट https://godda.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त, गोड्डा।

PR 342076 (District) 24-25 (D)

## उपायुक्त का कार्यालय, साहेबगंज
(जिला योजना शाखा)

**अति अल्पकालीन प्रस्ताव के लिए अनुरोध (RFP) आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष–2024–25 में साहेबगंज जिला के U+2 B.P. High School Bhagaiya, Block-Mandro, UDISE-20090207701 में वेलनेस सेन्टर के अधिष्ठापन हेतु निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित RFP में वर्णित शर्त्तों के अनुसार तकनीकी एवं वित्तीय बीड (दो अलग–अलग भागों में) सील बंद लिफाफा में दिनांक– 23.12.2024 के दिन के 12:00 बजे तक विकास भवन स्थित जिला योजना कार्यालय, जिला–साहेबगंज, झारखण्ड पिन कोड–816109 में हाथों–हाथ या डाक (रजिस्ट्रड/स्पीड़ पोस्ट) के माध्यम से समर्पित कर सकते है।

निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु साहेबगंज जिला के आधिकारिक वेबसाइट https://sahibganj.nic.in पर अपलोड की गई RFP विवरणी में देखी जा सकती है या कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
जिला योजना पदाधिकारी,
साहेबगंज

PR 342097 Planning and Development (24-25)_D

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली पुलिस ने ओडिशा से मादक पदार्थ तस्कर को पकड़ा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 47 वर्षीय एक व्यक्ति को ओडिशा के कोरापुट से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजय कुमार सैनी ने बताया कि घोषित अपराधी मोहम्मद अनवर खान को ओडिशा की स्थानीय पुलिस की सहायता से 12 दिसंबर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आरोपी 2019 में स्वापक औषधि एवं मन : प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दर्ज दो बड़े मामलों में शामिल था, जिसमें 1,600 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया था और दो अलग-अलग शहरों में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि खान के छिपे होने की सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने उसे ओडिशा के कोरापुट जिले से गिरफ्तार किया।

### महाराष्ट्र के लातूर में 12 लाख रुपये की चंदन की लकड़ी बरामद, दो लोग गिरफ्तार

**लातूर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के लातूर जिले में तस्करी के लिए ले जाई जा रही 12.08 लाख



रुपये मूल्य की 152 किलोग्राम चंदन की लकड़ी बरामद की गई है और इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की एक टीम ने यहां राजमार्ग पर औसा के पास एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) को शनिवार रात रोका। इसमें बताया गया कि वाहन की जांच करने पर पुलिस को उसमें से 12.08 लाख रुपये मूल्य की चंदन की लकड़ियां मिलीं, जिससे यह पता चलता इसकी तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने बताया कि बार्शी और औसा के रहने वाले 30 और 50 साल के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उसने बताया कि एक अन्य आरोपी फरार हो गया है और उसे पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कानून के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। चंदन की लकड़ी के उच्च मूल्य के कारण इसे वन अधिनियम के तहत संरक्षित किया गया है। चंदन की लकड़ी की कटाई और उसको ले जाने के लिए वन विभाग से अनुमति लेना आवश्यक है। इसका उपयोग चंदन का तेल निकालने के लिए किया जाता है।

### हिमाचल : सुक्खू ने 31 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास किया


**सोलन, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को सोलन



जिले के नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 31 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र की प्रगति के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और भरोसा दिलाया कि वित्तीय समस्याएं क्षेत्र के विकास में बाधा नहीं बनेंगी। सुक्खू ने मित्तियां, बेहली, खल्लर और आसपास के क्षेत्रों के गांवों के लिए 7.24 करोड़ रुपये की लागत वाली पेयजल योजना का उद्घाटन किया। उन्होंने नालागढ़ के लिए 5.22 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सात नलकूपों तथा क्षेत्र में 4.82 करोड़ रुपये की लागत से पेयजल सुधार परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। उन्होंने तीन पुलों की आधारशिला रखी, जिनमें 5.77 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाला कोटला कलां पुल, 4.44 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाला रेतार खड्ड पुल तथा 3.51 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाला भटौली खड्ड पुल शामिल हैं।

### पश्चिम बंगाल : बांग्लादेशियों का भारत का फर्जी पासपोर्ट बनाने के आरोप में दो गिरफ्तार

**कोलकाता, एजेंसी।** बांग्लादेश के नागरिकों का भारत का फर्जी पासपोर्ट बनाने में मदद करने



के आरोप में पश्चिम बंगाल के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान समरेश विश्वास और दीपक मंडल के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि समरेश को उत्तर 24 परगना जिले के बारासात से और दीपक को दक्षिण 24 परगना जिले के तटीय पुलिस थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, आरोपियों के पास से कुल 34 फर्जी पासपोर्ट जब्त किए गए हैं। वे इन फर्जी दस्तावेजों के जरिए बांग्लादेशियों की मदद कर रहे थे।'' उन्होंने बताया कि वे दोनों प्रत्येक फर्जी पासपोर्ट बनाने के लिए दो लाख रुपये लेते थे। अधिकारी ने बताया कि समरेश को पहले भी फर्जी पासपोर्ट के मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि समरेश के बेटे राणा को भी गिरफ्तार किया गया है।

# भुभू जोत टनल और नेशनल हाईवे के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्रालय राजी

**शिमला, एजेंसी।** भारतीय सेना के लिए लेह-लद्दाख तक पहुंचने का मार्ग सुगम होने की उम्मीद बलवती हो गई है. पठानकोट में भारतीय सेना का लॉजिस्टिक हब है. यहां से लेह-लद्दाख तक सेना के काफिले और सामान जाता है. सेना के लिए लेह-लद्दाख तक पहुंचना बिल्कुल सहज और आसान हो जाएगा, यदि भुभू जोत टनल बन जाए और साथ ही नेशनल हाईवे भी. ये नेशनल हाईवे घटासनी-शिलह बधानी-भुभू जोत-कुल्लू के रूप में होगा तो सुख भरी खबर ये है कि इस हाईवे व भुभू जोत टनल के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने एक तरह से हामी भर दी है. उल्लेखनीय है कि ये मामला पिछले कई साल से चल रहा है. पूर्व में वीरभद्र सिंह सरकार के समय हिमाचल में स्वास्थ्य मंत्री का कार्यभार देख रहे कौल सिंह ठाकुर ने फरवरी 2015 में केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से इस टनल के निर्माण को लेकर दिल्ली में मुलाकात की थी. हाल ही में मौजूदा सुखविंदर सिंह सरकार के मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी नितिन गडकरी से मिल कर इसी मामले को उठा चुके हैं. खुद सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इसी प्रोजेक्ट को लेकर नितिन गडकरी के साथ-साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी मुलाकात की थी. इससे पूर्व मंडी से भाजपा के सांसद स्व. रामस्वरूप शर्मा भी अपने स्तर पर प्रयासरत रहे. ऐसे में सामूहिक प्रयासों से ये नेशनल हाईवे और भुभू जोत



टनल के निर्माण को लेकर आखिरकार रक्षा मंत्रालय ने भी हामी भर दी है. इससे पूर्व भारतीय सेना ने भी अपने सुझाव रक्षा मंत्रालय को दिए थे. सेना ने भी ये बात रखी थी कि उसके काफिले को ब्यास नदी के किनारे से गुजरने में जोखिम उठाना पड़ता है और बरसात में सड़क मार्ग अवरुद्ध हो जाता है. ऐसे में घटासनी-शिलह बधानी-भुभू जोत-कुल्लू नेशनल हाईवे बनने और टनल का निर्माण होने से न केवल मार्ग कम हो जाएगा, बल्कि ये सुरक्षित भी होगा.

**अक्टूबर में रक्षा मंत्री से मिले थे सीएम सुखविंदर सिंह :** सामरिक महत्व के इस प्रोजेक्ट को लेकर सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 25 अक्टूबर को नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मुलाकात की थी. इस मुलाकात में सीएम सुक्खू ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को एक आग्रह पत्र दिया था. सीएम ने कहा था कि पठानकोट में भारतीय सेना का लॉजिस्टिक व लांचिंग हब है. वहां से लेह-लद्दाख तक जाने के लिए पठानकोट से मंडी व फिर कुल्लू वाले सडक़ मार्ग का प्रयोग होता है. चूंकि ये सड़क ब्यास नदी के किनारे-किनारे है, लिहाजा बरसात में यहां जोखिम रहता है. वैसे भी नदी किनारे के सड़क मार्ग सेना के भारी-भरकम काफिलों के लिए कठिन व जटिल नेचर के होते हैं. सीएम सुक्खू का कहना था कि यदि घटासनी-शिलह बधानी-भुभू जोत-कुल्लू नेशनल हाईवे बनता है और भुभू जोत टनल का निर्माण होता है तो इससे पठानकोट से कुल्लू के बीच की दूरी कम से कम साठ किलोमीटर कम हो जाएगी. इसी सड़क पर भुभू जोत के पास टनल बन जाएगी तो भारतीय सेना के लिए ये बड़ी आसानी होगी.

**केंद्र के दो मंत्रालयों की भूमिका :** सामरिक महत्व वाले इस नेशनल हाईवे व टनल को लेकर केंद्र के दो बड़े मंत्रालयों की भूमिका है. एक मंत्रालय नितिन गडकरी के नेतृत्व वाला भूतल परिवहन है और दूसरा केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का मंत्रालय. सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अक्टूबर महीने के दौरे में दोनों ही मंत्रियों से मुलाकात की है. सीएम ने पहले नितिन गडकरी से चर्चा की और कहा कि घटासनी-शिलह बधानी-भुभू जोत-कुल्लू के मध्य एक नेशनल हाईवे समय की जरूरत है. चूंकि केंद्र सरकार ने नए नेशनल हाईवे की मंजूरी पर रोक लगाई है, लेकिन सामरिक महत्व वाले प्रोजेक्ट इस रोक से बाहर हैं. ऐसे में सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर उन्हें उपरोक्त हाईवे का सामरिक महत्व बताकर समर्थन मांगा कि वो भूतल परिवहन मंत्रालय से सिफारिश करें. पक्की सूचना है कि अब रक्षा मंत्रालय ने इस प्रोजेक्ट को लेकर हामी भरी है. दोनों केंद्रीय मंत्रालय भी सामरिक महत्व के इस प्रोजेक्ट को लेकर सहमत हैं कि ये सेना की जरूरत है. इससे न केवल भारतीय सेना को सुगम मार्ग मिलेगा, बल्कि कुल्लू-मंडी व साथ लगते इलाकों को भी सौगात मिलेगी. हिमाचल सरकार चाहती है कि जोगेंद्र नगर से कुल्लू के लिए मंडी को बाईपास करने में सक्षम एक नया हाईवे बने। ये प्रोजेक्ट लंबे अरसे से प्रस्तावित है. वीरभद्र सिंह सरकार से लेकर जयराम सरकार व वर्तमान सरकार इसके लिए प्रयास करती रही है. हिमाचल चाहता है कि जोगेंद्र नगर से आगे चलकर घटासनी में नेशनल हाईवे-20 से नया प्रोजेक्ट आरंभ किया जाए।

## शिल्पा शेट्टी ने कर्नाटक के जगद्गुरु रेणुकाचार्य मंदिर को यांत्रिक हाथी दान किया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने श्रीमद् रंभपुरी वीररुद्रमुनि जगद्गुरु के शताब्दी जन्म समारोह के लिए यहां श्री



जगद्गुरु रेणुकाचार्य मंदिर को एक यांत्रिक हाथी रविवार को दान किया। कर्नाटक के मंत्री ईश्वर बी खांडरे ने वीरभद्र नामक यांत्रिक हाथी को सौंपते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी ने मंदिरों में हाथी को बेड़ियों में बांधे बिना रखना संभव बना दिया है। रंभपुरी पीठ स्थित श्री जगद्गुरु रेणुकाचार्य मंदिर ने न तो जिंदा हाथियों को रखने और न ही किराए पर लेने का निर्णय लिया है।

मंदिर के निर्णय की सराहना करते हुए वन, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण मंत्रालय का प्रभार संभाल रहे खांडरे ने कहा, ''कई अन्य मंदिरों और मठों ने मुझसे हाथी दान करने का अनुरोध किया। लेकिन वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अनुसार हम किसी भी मंदिर को हाथी दान नहीं कर सकते। इन परिस्थितियों में रोबोट हाथी जैसी नयी तकनीकें आ गई हैं।'' मंदिर को हाथी का दान 'पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स' (पेटा) इंडिया और बेंगलुरु स्थित पशु कल्याण संगठन 'कम्पैशनेट अनलिमिटेड प्लस एक्शन' (सीयूपीए) द्वारा किया गया।

पेटा इंडिया के अनुसार, तीन मीटर लंबा यांत्रिक हाथी 800 किलोग्राम वजन का है और यह रबड़, फाइबर, धातु, जाल, फोम और स्टील से बना है तथा पांच मोटर से चलता है। वन मंत्री ने वन विभाग और कर्नाटक सरकार की ओर से पेटा, सीयूपीए और अभिनेत्री को धन्यवाद दिया। कर्नाटक के ऊर्जा मंत्री के जे जॉर्ज और श्रृंगेरी विधानसभा के सदस्य टी डी राजेगौड़ा भी इस अवसर पर मौजूद थे। पेटा इंडिया के अनुसार, दक्षिण भारत के मंदिरों में अब कम से कम 10 यांत्रिक हाथियों का उपयोग किया जाता है, जिनमें से छह को उसने दान दिया है।

## असम के एक सांसद का अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस से संबंध : हिमंत

**गुवाहटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य के एक सांसद का अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस से संबंध है। हिमंत का यह बयान भाजपा द्वारा कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व पर देश को अस्थिर करने के लिए हंगरी मूल के अमेरिकी निवेशक के साथ मिलीभगत होने का आरोप लगाये जाने के बीच आया है। हालांकि, हिमंत ने उक्त सांसद का नाम या उनकी पार्टी का उल्लेख नहीं किया। एक कार्यक्रम के दौरान, कांग्रेस-सोरोस मुद्दे के बारे में पूछे जाने पर हिमंत ने संवाददाताओं से कहा, ''असम के एक सांसद के भी जॉर्ज सोरोस से संबंध हैं। मैं इस विवाद में नहीं पड़ना चाहता।''

यह पूछे जाने पर कि क्या उक्त सांसद ने अमेरिकी निवेशक की वित्तीय मदद से चुनाव जीता था, मुख्यमंत्री ने कहा, मैं इस पर टिप्पणी नहीं कर सकता क्योंकि मेरे पास कोई सबूत नहीं है। वैसे भी मुझे इस मामले में ज्यादा दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने कहा कि पत्रकार स्वयं सोरोस और उक्त सांसद के बीच संबंधों का पता लगा सकते हैं। शनिवार को लोकसभा में दिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण पर हिमंत ने कहा, (नरेन्द्र) मोदी जी ने कांग्रेस को पूरी तरह से बेनकाब कर दिया।

## केजरीवाल का चौथी बार सरकार बनाने का दावा, कहा- लोगों के लिए काम करना हमारी राजनीति का मॉडल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को एक कार्यक्रम में अपने इनकम टैक्स में डिप्टी कमिश्नर से लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री बनने तक की पूरी कहानी साझा की. इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि उनके राजनीति करने का सीधा मतलब है. लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए काम करना, जिससे कि वह आसानी से जीवन यापन कर सकें. उन्होंने कहा कि उनका यही मॉडल है और इसी के बल पर दिल्ली में चौथी बार सरकार बनाने जा रहे हैं.

**भ्रष्टाचार के खिलाफ लोगों की मदद:** केजरीवाल ने बताया कि किस तरह से उन्होंने खुद इनकम टैक्स में डिप्टी कमिश्नर रहते हुए इनकम टैक्स में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ लोगों की मदद करने के लिए खुद ही घर पर परिवर्तन नाम से एक वेबसाइट बनाई. और इस काम में सबसे पहले मनीष सिसोदिया ने साथ दिया था. इसी बीच हमें सत्येंद्र जैन मिल गए. सत्येंद्र जैन ने हमें कई सारे आइडिया दिए. उनके आइडिया पर हम आगे बढ़े. द दिल्ली मॉडल किताब का लॉन्चः केजरीवाल ने कहा कि हमारी पूरी सरकार में सत्येंद्र जैन के कई आईडिया को अपनाया गया. इनमें मोहल्ला क्लीनिक का मॉडल भी शामिल है. केजरीवाल ने सत्येंद्र जैन को एक आर्किटेक्ट और आईडिया मिनिस्टर बताया. केजरीवाल ने यह बातें दिल्ली डायलॉग एवं डेवलपमेंट कमीशन के उपाध्यक्ष रहे एवं आम आदमी पार्टी के नेता जैस्मिन शाह की नई किताब द दिल्ली मॉडल के



विमोचन अवसर पर बताई. इस दौरान जैस्मिन शाह ने बताया कि उन्होंने दिल्ली सरकार के पूरे विकास मॉडल को अपनी किताब में बताया समझाया है. उन्होंने बताया कि अपनी किताब में मैंने सत्येंद्र जैन का आइडिया मिनिस्टर के रूप में परिचय कराया है. इस दौरान मुख्यमंत्री आतिशी ने भी बताया कि किस तरह से जैस्मिन दिल्ली सरकार के साथ जुड़े और फिर उनकी पॉलिसीज व आइडिया को अपनाया गया, और लोगों को आज उन्हीं चीजों का लाभ मिल रहा है.

**10 दिन तक आतिशी ने जैस्मिन शाह को नहीं दिया था मिलने का समयः** मुख्यमंत्री आतिशी ने बताया, जब जैस्मिन मुझसे पहली बार मिलना चाहते थे तब मैं तत्कालीन शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की शिक्षा सलाहकार थी. जैस्मिन किसी दूसरे संस्था में पॉलिसी मेकर थे. 10 दिनों बाद उनसे मुलाकात हुई, मैंने फिर मनीष सर को जैस्मिन के बारे में बताया. फिर मैंने जैस्मिन की मनीष सर कर के घर पर ही मुलाकात कराई. इस दौरान मनीष सर ने अपने घर पर ही फाइनेंस सेक्रेटरी और एजुकेशन सेक्रेटरी को बुलाया और जैस्मिन के आइडिया और पॉलिसी को समझा. फिर उनके हिसाब से काम करना शुरू किया. मोहल्ला क्लीनिक का मॉडलः दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन ने भी अपनी राजनीतिक शुरुआत के प्रसंग साझा किए. उन्होंने बताया, मैं आर्किटेक्ट हूं. मेरे दिमाग में यही चल रहा था कि मैं पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर बनूंगा तो ये करूंगा, वो करूंगा. मुझे बना दिया गया हेल्थ मिनिस्टर. यह सुनकर पहली बार तो मैं डर गया था. मैं अब क्या करूंगा, मुझे कुछ पता ही नहीं था. फिर भी सचिवालय से निकलकर मैं रात को अस्पतालों में विजिट करने चला गया।

## 3 दिन में विभाग आवंटन?, देवेन्द्र फडणवीस ने कहा- मंत्रियों को ढाई साल का कार्यकाल मिलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि नए मंत्रियों को अगले दो-तीन दिनों में विभागों का आवंटन कर दिया जाएगा। राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र की पूर्व संध्या पर, मंत्रिमंडल विस्तार के तहत सत्तारूढ़ गठबंधन के 39 विधायकों के मंत्री पद की शपथ लेने के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए फडणवीस ने कहा कि महायुति के सहयोगी दलों ने मंत्रियों के कार्यकाल के दौरान उनके प्रदर्शन की 'ऑडिट' कराने पर सहमति जताई है। हालांकि, फडणवीस ने इसकी कोई समय सीमा नहीं बताई, लेकिन उपमुख्यमंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने कहा कि उनकी पार्टी से बनाये गए मंत्रियों को ढाई साल का कार्यकाल मिलेगा। उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता अजित पवार ने कहा कि अच्छा प्रदर्शन नहीं करने वालों को ढाई महीने में भी बदला जा सकता है। फडणवीस ने कहा कि महायुति सरकार महाराष्ट्र के विकास के लिए काम करेगी।



उन्होंने कहा, ''हमने विभागों के आवंटन पर फैसला कर लिया है और दो से तीन दिनों में इसकी घोषणा कर दी जाएगी। हमारा प्रशासन तेजी से विकास करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।'' उन्होंने महायुति सरकार को ''ईवीएम की सरकार'' कहने के लिए विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) की आलोचना की।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''हमारी सरकार इसलिए सत्ता में आई कि हर वोट महाराष्ट्र के लिए गया। मेरी सरकार संविधान के अनुसार काम कर रही है और संविधान का सम्मान करना हमारी प्राथमिकता है।'' फडणवीस ने बीड जिले के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या की विशेष जांच टीम (एसआईटी) से जांच कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा, ''मामला सीआईडी ??को सौंप दिया गया है और जांच के लिए एक विशेष एसआईटी गठित की जाएगी। दोषियों को सजा दिलाई जाएगी।'' उन्होंने कहा कि परभणी में हिंसा की साजिश रची गई थी। उन्होंने कहा, ''मैंने पुलिस को परभणी में पथराव करने वाले प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।'' फडणवीस ने कहा कि उन्होंने और उनके सहयोगियों- एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने नये मंत्रियों से कहा है कि उनके प्रदर्शन का ऑडिट किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''हम तीनों इस पर सहमत हैं।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के जिन नेताओं को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिल पाई, उन्हें संगठनात्मक भूमिका दी जा सकती है।

## दिल्ली में बढ़ी ठंड : तापमान में आई जबरदस्त गिरावट, एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में पहुंचा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली में शीतलहर के चलते हवा की गुणवत्ता खराब हो गई है और इसका स्तर एक बार फिर बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया है। दिल्ली में तापमान में भी पिछले दिन के मुकाबले गिरावट आई है। सोमवार को सुबह 5 : 30 बजे तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि रविवार को इसी समय तापमान 6 डिग्री सेल्सियस था। दिल्ली में सोमवार सुबह 7 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 345 पर पहुंच गया, जो रविवार को दर्ज किए गए 246 एक्यूआई से काफी अधिक है। अलीपुर, आनंद विहार, बवाना और बुराड़ी क्रॉसिंग जैसे इलाकों में एक्यूआई का स्तर 350 से 397 के बीच रहा, जो खतरनाक वायु गुणवत्ता का संकेत है। द्वारका सेक्टर 8, नेहरू नगर और रोहिणी सहित दिल्ली के अन्य भागों में एक्यूआई का स्तर 370 से ऊपर दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी से कहीं अधिक है और हवा को गंभीर श्रेणी में पहुंचा दिया है। सीपीसीबी 0-50 के बीच के एक्यूआई को अच्छा, 51-100 के बीच के एक्यूआई को संतोषजनक, 101-200 के बीच के एक्यूआई को मध्यम, 201-300 के बीच के एक्यूआई को खराब, 301-400 के बीच के एक्यूआई को बहुत खराब तथा 401-500 के बीच के एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में रखता है। ठंड का प्रकोप जारी रहने के कारण कई लोग दिल्ली के शेल्टर होम में शरण ले रहे हैं। सराय काले खां जैसी जगहों पर, तस्वीरें दिखाती हैं कि लोग रैन बसेरों में



इकठ्ठा होकर, मोटे कंबलों में लिपटे हुए, कड़ाके की ठंड में सोने की कोशिश कर रहे हैं। आश्रय गृह के संरक्षक विक्की कनौजिया ने बताया कि वे अस्पताल से ठीक हो रहे लोगों सहित निराश्रित व्यक्तियों को भी आश्रय देते हैं। उन्होंने कहा, हम आमतौर पर ऐसे बेसहारा मरीजों को लेते हैं जिनके पास जाने के लिए कोई जगह नहीं होती या जो इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती होते हैं। कनौजिया ने बताया कि इन लोगों को दवाइयों सहित कई सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं। उन्होंने कहा, हम एंबुलेंस, उनकी दवाइयां और भोजन मुहैया कराते हैं जिसमें दोपहर और रात का खाना दोनों शामिल हैं।

## एक भैंसा को लेकर दो गांवों के बीच झगड़ा, एसपी तक पहुंचा मामला

**दावणगेरे, एजेंसी।** कर्नाटक के दावणगेरे जिले में दो गांवों के ग्रामीणों के बीच मंदिर के भैंसा (दान किया गया भैंसा) को लेकर झगड़ा हो गया है. यह मामला अब पुलिस थाने पहुंच गया है. हरिहर तालुक के कुनीबेलकेरे गांव में 8 साल पहले गांव की देवी करियाम्मा देवी के लिए एक भैंसा दान किया गया था. एक हफ्ते पहले यह भैंसा पड़ोसी गांव बेलाकेरे में दिखाई दिया. इस बीच, होन्नाली तालुक के कुलगट्टे गांव का एक भैंसा भी गायब था. आरोप है कि कुलगट्टे के ग्रामीण एक वाहन लेकर आए और उसे अपने गांव ले गए. ग्रामीणों ने दावा किया कि यह उनके ही गांव का भैंसा है. वहीं, जब यह मामला सामने आया तो कुनीबेलकेरे के ग्रामीणों ने भी दावा किया कि भैंसा उनके गांव का है. इस मुद्दे पर दोनों गांवों के ग्रामीणों के बीच झगड़ा हो गई, जिसके बाद यह मामला पुलिस थाने पहुंच गया.

**ग्रामीणों की शिकायत :** कुनीबेलकेरे के ग्रामीणों ने कहा कि यह उनके गांव का भैंसा है, जिसे कुलगट्टे के ग्रामीण ले गए हैं. उन्होंने भैंसा वापस दिलाने की मांग करते हुए मालेबेन्नूर थाने में शिकायत दर्ज कराई है. कुलगट्टे के ग्रामीणों ने भी होन्नाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें कहा गया है कि यह हमाना भैंसा है, हमें न्याय दिलाइए. जब मालेबेन्नूर पुलिस ने दो गांवों के ग्रामीणों को बुलाकर इस बारे में



पूछताछ की, तो दोनों गांवों के ग्रामीणों ने भैंसे पर अपना दावा जताया. पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच भैंस की उम्र को लेकर चर्चा हुई. कुनीबेलकेरे के ग्रामीणों ने कहा कि भैंसा की उम्र 8 साल है, जबकि कुलगट्टे के ग्रामीणों ने कहा कि उनके भैंसा की उम्र 3 साल है.

**डीएनए टेस्ट की मांग :** भैंसा किसका है, इसका पता लगाने के लिए पुलिस उसकी उम्र जानने के लिए पशु चिकित्सक के पास गई है. पशु चिकित्सक ने दांतों के आधार पर उम्र निर्धारित की और बताया कि भैंसा 6 साल से अधिक का है. इससे यह साबित हो गया कि भैंसा कुनीबेलकेरे के ग्रामीणों का है. हालांकि, कुलगट्टे के ग्रामीण इस बात से सहमत नहीं हैं और उनका कहना है कि भैंसा उन्हीं का है. इन दावों से परेशान होकर कुनीबेलकेरे के ग्रामीणों ने मालेबेन्नूर थाने में शिकायत दर्ज कराई है और चोरी के आरोप में 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. अभी तक यह मामला सुलझा नहीं है, इसलिए कुनीबेलकेरे के ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव में उसी भैंसा से पैदा हुई कई भैंस हैं. इसलिए उन्होंने मांग की है कि उसका डीएनए टेस्ट कराया जाए. फिलहाल पुलिस ने भैंसा को अपने कब्जे में लेकर शिवमोग्गा की महावीर गौशाला में छोड़ दिया है.

कुनीबेलेकेरे गांव के विनायक ने कहा, मंदिर के भैंसा के लिए कुनीबेलेकेरे और कुलगट्टे के ग्रामीणों के बीच लड़ाई शुरू हो गई है. हमने मालेबेनूर पुलिस स्टेशन में भैंसा के गायब होने का मामला दर्ज कराया है. फिर पता चला कि भैंसा होन्नाली के कुलगट्टे गांव में है. कुलगट्टे के ग्रामीण तर्क दे रहे हैं कि भैंसा उनका है. अब यह मामला दावणगेरे एसपी के कार्यालय तक पहुंच गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत-चीन संबंधों में सुधार से चीनी स्मार्टफोन कंपनियों की वापसी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाल ही में भारत और चीन के बीच संबंधों में आई नरमी से चीनी कंपनियां अपने संचालन को फिर से मजबूत करने में जुट गई हैं। शाओमी के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अनुज शर्मा ने कहा कि सीमा पर सैन्य तैनाती कम होने के फैसले के बाद बाजार में सकारात्मकता का माहौल है। वनप्लस ने भारत में 6,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की है, जबकि वीवो ने ग्रेटर नोएडा में 3,000 करोड़ रुपये के निवेश से एक बड़ा मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित किया है। चीनी कंपनियां अब ह्यइंडिया-फर्स्टह्न उत्पाद लॉन्च कर रही हैं और भारतीय संस्कृति को ध्यान में रखते हुए अपने ब्रांड को स्थानीय बना रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीनी ब्रांड्स की बाजार हिस्सेदारी, जो 2020 में घटकर 67प्रतिशत रह गई थी, अब 2024 में फिर से 75 प्रतिशत तक पहुंच गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीनी कंपनियां प्रीमियम सेगमेंट में जगह बनाने की कोशिश कर रही हैं, जहां एप्पल और सैमसंग का दबदबा है। स्थानीय निवेश और भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करते हुए ये कंपनियां धीरे-धीरे अपनी पुरानी स्थिति वापस पा रही हैं और मिड-टू-प्रीमियम सेगमेंट में मजबूत हो रही हैं। बता दें कि दोनों देशों के संबंध सुधार ने चीनी स्मार्टफोन कंपनियों को भारतीय बाजार में दोबारा मजबूती हासिल करने का अवसर दिया है। 2020 में लद्दाख सीमा पर सैन्य गतिरोध के बाद इन कंपनियों को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। मनी लॉन्ड्रिंग, टैक्स चोरी और संपत्ति जब्ती जैसे मामलों ने शाओमी, वीवो, ओप्पो और वनप्लस जैसी कंपनियों की स्थिति कमजोर कर दी थी।

### बिटकॉइन ने बनाया नया रिकॉर्ड, पहली बार 106,000 डॉलर के पार

**मुंबई (एजेंसी)।** बिटकॉइन की तेजी से बढ़ती कीमतों ने विश्व के ध्यान को आकर्षित किया है, जिसका परिणाम यह हुआ कि यह सबसे पुरानी और सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बन गई है। वर्तमान में बिटकॉइन की कीमत ने 1,06,000 डॉलर का पार कर दिया है, जो भारतीय करेंसी के हिसाब से लगभग 90 लाख रुपए के बराबर है। इसके साथ ही बिटकॉइन का मार्केट कैप अब 2.1 ट्रिलियन डॉलर हो गया है, जो गूगल को पछाड़ने में केवल 10 फीसदी की दूरी बची है। विशेषज्ञों का मानना है कि नए साल में बिटकॉइन की कीमत और बढ़ सकती है और 2025 तक 2,00,000 डॉलर तक पहुंच सकती है। इसके साथ ही डोनाल्ड ट्रंप का एक बयान भी बिटकॉइन की कीमतों में तेजी का कारण बन गया है। ट्रंप ने बिटकॉइन को ऑयल रिजर्व की तरह देश में एक रिजर्व के रूप में बचाने की योजना बनाई है। इसके अतिरिक्त अन्य क्रिप्टोकरेंसीज की कीमतें भी बढ़ी हैं, जैसे कि ईथेरियम ने करीब 3 फीसदी की तेजी के साथ 4,014 डॉलर पर पहुंच गई है। उच्च मान्यता वाले विशेषज्ञ का मानना है कि 2025 तक बिटकॉइन की कीमत 200,000 डॉलर तक पहुंच सकती है। इस धरातल पर 5 दिसंबर को बिटकॉइन की कीमत पहली बार 100,000 डॉलर के पार पहुंची थी। सार्थक निर्णय और सबसे नवाचारी समयों में क्रिप्टोकरेंसी बाजार अपने विकास की ओर बढ़ रहा है, जिससे न तो सिर्फ एक संकेतिक मूल्यांकन होगा बल्कि यह एक अत्यधिक उत्साही नया पूल भी तैयार करेगा।

### थोक महंगाई दर में नरमी, नवंबर में 2.36 फीसदी से घटकर 1.89 फीसदी पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की थोक महंगाई दर इस महीने खाद्य वस्तुओं की थोक मूल्य कम होने के कारण 1.89 प्रतिशत तक गिर गई है। शुरूआत में खाद्य उत्पादों की कीमतें उछलीं, जिससे थोक मूल्य मुद्रास्फीति दर 1.89 प्रतिशत पर आ गई, जो अक्टूबर में 2.36 प्रतिशत थी। पिछले वर्ष इस समय थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 0.39 प्रतिशत थी, इससे साफ है कि इस वर्ष की स्थिति काफी बेहतर है। खाद्य उत्पादों, विशेषकर सब्जियों और प्याज की कीमतों में मामूली गिरावट ने थोक मुद्रास्फीति को कम किया। सब्जियों की मुद्रास्फीति में भी धीमी गिरावट के कारण मुद्रास्फीति 28.57 प्रतिशत रही, जो कि अक्टूबर में 63.04 प्रतिशत थी। हालांकि, आलू की मुद्रास्फीति 82.79 प्रतिशत के उच्च स्तर पर बनी रही, जबकि प्याज की मुद्रास्फीति 2.85 प्रतिशत पर आ गई। ईंधन और बिजली श्रेणी में नवंबर में 5.83 प्रतिशत की अपस्फीति देखी गई, जबकि अक्टूबर में इस श्रेणी में 5.79 प्रतिशत की अपस्फीति देखी गई थी। विनिर्मित वस्तुओं के मामले में में नवंबर में मुद्रास्फीति 2 प्रतिशत रही, जबकि अक्टूबर में यह 1.50 प्रतिशत थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार खाद्य वस्तुओं की कीमतों में गिरावट ने सभी को राहत दिलाई है और इससे किसानों की मदद भी होगी। थोक महंगाई दर की गिरावट लोगों के बजट पर आराम और मजबूती लेकर आई है।

### अल्ट्राटेक ने आपूर्ति श्रृंखला के लिए अंतदेर्शीय जलमार्गों का लाभ उठाया

**कोलकाता (एजेंसी)।** अल्ट्राटेक सीमेंट ने राष्ट्रीय जलमार्ग 1 का उपयोग करके वाणिज्यिक जिप्सम परिवहन में क्रांति ला दी है। यह भारतीय कंपनी की पहली बड़ी उपलब्धि है जो इस जलमार्ग का इस्तेमाल करेगी। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल ने पश्चिम बंगाल के हल्दिया से बिहार की पटना तक काम करने वाली पायलट खेप को हरी झंडी दिखाई। यह कदम अल्ट्राटेक की जलवाहक योजना की पहल के रूप में आया है, जिसने जलमार्ग पर माल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है। इस परियोजना से कंपनी की हरित लॉजिस्टिक क्षमता में सुधार होगा और 2050 तक कंपनी के शुद्ध शून्य लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। अल्ट्राटेक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह हमारे प्रतिबद्धता को दिखाने का संकेत है कि हम हरित लॉजिस्टिक के क्षेत्र में पहले आएंगे। हम आशा करते हैं कि यह परियोजना हमें समर्थन और सफलता देगी। यह उपाय न केवल सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ प्रदान करेगा, बल्कि स्थायी भविष्य के लिए एक सशक्त आधार भी स्थापित करेगा। अल्ट्राटेक की यह पहल सीमेंट उद्योग में एक नया मील का पत्थर बन सकती है।

### भारतीय कंपनियों की नवंबर 2024 तक क्यूआईपी से जुटाई राशि रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्यूआईपी से धन जुटाने के मामले में 2024 में नया रिकॉर्ड किया गया, जो बाजार की स्थिति को मजबूत करता है। पिछले साल तुलना में इस साल भारतीय कंपनियों ने क्यूआईपी के माध्यम से दो गुना से अधिक धन जुटाया है। नवंबर तक भारतीय कंपनियों ने एक लाख करोड़ रुपये से अधिक को जुटाया, जो पिछले वर्ष के 52,350 करोड़ रुपये से कहीं ज्यादा है। विश्लेषकों का मानना है कि इस वृद्धि का मुख्य कारण बाजार की मजबूती है जो कंपनियों को क्यूआईपी के माध्यम से उचित मूल्यांकन करने के लिए प्रेरित करती है। कंपनियों में से 82 ने नवंबर तक क्यूआईपी का इस्तेमाल करके पूंजी बाजार में प्रवेश किया है, जबकि पिछले साल इसी समय में केवल 35 कंपनियों ने यह किया था। अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस और वरुण बेवरेजेज इनमें स्थान रहे, जिन्होंने क्रमशः 8,373 करोड़ और 7,500 करोड़ रुपये जुटाए।

# सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में गिरावट

**मुम्बई (एजेंसी)।**




भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। आज आईटी और धातु शेयरों में गिरावट से भी बाजार नीचे आया। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों पर फैसले से पहले निवेशकों के सतर्क रुख से भी बाजार पर दबाव पड़ा है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 81,551.28 अंक 0.47 फीसदी करीब 384.55 अंक गिरकर 81,748.57 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 0.49 फीसदी तकरीबन 120.50 अंक टूटकर 24,647.80 पर बंद हुआ। निफ्टी की 40 कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही जबकि केवल 9 कंपनियों भी बढ़त पर रहे जबकि एक के शेयर में कोई बदलाव नहीं हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन का शेयर सबसे ज्यादा 1.93 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ। साथ ही अदाणी पोर्ट्स, अल्ट्रा सीमेंट, टीसीएस, एनटीपीसी, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंदुस्तान यूनिलीवर इन्फोसिस, टाटा मोटर्स के शेयर भी नीचे आये। वहीं इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर तेजी के साथ बंद हुए। बाजार जानकारों के अनुसार अमेरिका के सेंट्रल बैंक फेडरल के ब्याज दरों घटाने को लेकर हुई अनिश्चिताओं के बीच आईटी स्टॉक्स में भारी बिकवाली से भी बाजार नीचे आया है। इसके अलावा चीन के कमजोर आर्थिक आंकड़ों के बाद भी धातु शेयरों में गिरावट रही जिससे भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। वहीं दिग्गज कंपनियों के शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल के शेयरों में गिरावट रही। वहीं सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार (13 दिसंबर) को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे। वहीं आज सुबह वैश्विक बाजार गिरावट के साथ खुले। इंडेक्स में हैवी वेटेज रखने वाले फाइनेंशियल और आईटी स्टॉक्स में रावट की वजह के चलते बाजार में कमजोरी देखने को मिल रही है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों पर फैसले से पहले निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 133 अंक की गिरावट के साथ 82,000.31 अंक पर खुला। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 15 अंक की गिरावट लेकर 24,753.40 पर खुला। एशियाई बाजारों की बात करें तो कोस्पी इंडेक्स में 0.20 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई, जबकि निक्केई 0.27 फीसदी ऊपर बंद हुआ।

## 31 दिसंबर से पहले 10 दिन बंद रहेंगे बैंक 2024 में बैंक छुट्टियां

**मुंबई (एजेंसी)।** इस महीने के बाकी दिनों में बैंक की शाखाएं कुल 10 दिन तक बंद रहेंगी। छुट्टियों के दौरान बैंक की फिजिकल ब्रांचेस बंद रहने से ग्राहकों के ऑफलाइन बैंकिंग कामकाज प्रभावित हो सकते हैं। हालांकि, ग्राहकों को चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि ऑनलाइन बैंकिंग फैसिलिटी जैसे नेट बैंकिंग, एनईएफटी और अन्य डिजिटल ट्रांजेक्शन बिना किसी रुकावट के जारी रहेंगे। इसके अलावा बैंक ग्राहकों को यह भी समझना चाहिए कि बैंक हॉलिडे राज्य, जिले और क्षेत्र के हिसाब से अलग-अलग हो सकते हैं।

आरबीआई बैंक हॉलिडे कैलेंडर के अनुसार दिसंबर 2024 में बैंक छुट्टियां इस प्रकार हैं:-

- 18 दिसंबरः यू सोसो थाम पुण्यतिथि (मेघालय)
- 19 दिसंबरः गोवा लिबरेशन डे
- 24 दिसंबरः क्रिसमस ईव (मिजोरम, नागालैंड, मेघालय)
- 25 दिसंबरः क्रिसमस (पैन-इंडिया)
- 26 दिसंबरः क्रिसमस (मिजोरम, नागालैंड, मेघालय)
- 27 दिसंबरः क्रिसमस (नागालैंड)
- 30 दिसंबरः यू कियांग नांगबह (मेघालय)
- 31 दिसंबरः न्यू ईयर ईव/नामसोंग (मिजोरम और सिक्किम)
- साथ ही, सभी शेड्यूल्ड और नॉन-शेड्यूल्ड बैंक हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को बंद रहेंगे। इसके अलावा, हर रविवार को बैंक अवकाश रहेगा।

डिजिटल बैंकिंग छुट्टियों पर भी रहेगी चालू

दिसंबर 2024 में कई दिन बैंकों की छुट्टी रहेगी, लेकिन डिजिटल बैंकिंग सेवाएं जैसे यूपीआई, आईएमपीएस, नेट बैंकिंग और मोबाइल ऐप्स ग्राहकों के लिए चालू रहेंगी।

## सोना-चांदी की कीमतों में फिर आई गिरावट सोना 76922 प्रति 10 ग्राम, चांदी 93300 प्रति किलो



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोने की कीमतों में सोमवार को गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं चांदी की कीमत में भी गिरावट जारी है। पिछले बंद भाव 78147 रुपये रुपए के मुकाबले सोना घटकर 76922 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया, वहीं चांदी का भाव 93300 रुपए प्रति किलो रुपये के मुकाबले घटकर 89976 रुपए प्रति किलो हो गया। पिछले हफ्ते शुक्रवार को अंतराराष्ट्रीय और घरेलू वायदा बाजार के साथ सरार्फा बाजार में भी सोने-चांदी की कीमतें लुढ़कती नजर आई थीं और सोमवार को भी वायदा बाजार में दोनों ही मेटल्स के दामों में गिरावट आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना 102 रुपये की गिरावट के साथ 77,034 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। शुक्रवार को ये 77,136 पर बंद हुआ था। चांदी इस दौरान 68 रुपये की गिरावट के साथ 90,933 रुपये पर बंद हुई थी, जो कि पिछले कारोबारी सत्र में 91,001 रुपये पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना शुक्रवार को 35 डॉलर लुढ़ककर 2670 डॉलर के नीचे तो चांदी 2 फीसदी गिरकर 31 डॉलर के पास आ गई।

## रुपया गिरावट के साथ बंद

**मुंबई (एजेंसी)।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को रुपया 13 पैसे की गिरावट के साथ 80. 93 पर बंद हुआ। वहीं आज सुबह घरेलू शेयर बाजारों में नरम रुख और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया सोमवार को शुरूआती कारोबार में तीन पैसे की गिरावट के साथ 84.83 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि आयातकों और विदेशी बैंकों की ओर से डॉलर की बढ़ती मांग के कारण रुपया कमजोर बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.83 प्रति डॉलर पर खुला, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले तीन पैसे की गिरावट दिखाता है।इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 106.86 पर रहा।

## एफपीआई ने दिसंबर में 22,766 करोड़ निवेश किया नवंबर में एफपीआई ने 21,612 करोड़ रुपये की निकासी की थी



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय शेयर बाजारों में दिसंबर के पहले दो हफ्तों में विदेशी निवेशकों (एफपीआई) का बड़ा निवेश देखने को मिला है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के कारण एफपीआई ने इस दौरान 22,766 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है जिससे भारतीय शेयर बाजार में सकारात्मक रुझान देखने को मिला है। यह निवेश भारतीय बाजार में पिछले कुछ महीनों में हुई भारी निकासी के बाद हुआ है। नवंबर में एफपीआई ने 21,612 करोड़ रुपये की निकासी की थी जबकि अक्टूबर में यह निकासी 94,017 करोड़ रुपये की थी जो अब तक की सबसे बड़ी मासिक निकासी रही थी। सितंबर में एफपीआई का निवेश 57,724 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था जो नौ महीने का सबसे ऊंचा स्तर था। इसका मतलब यह है कि विदेशी निवेश के प्रवाह में काफी उतार-चढ़ाव रहा है। 2024 में अब तक एफपीआई ने कुल 7,747 करोड़ रुपये का निवेश किया है जो भारतीय बाजार में निवेशकों का विश्वास बढ़ाने वाला संकेत है। भारतीय शेयर बाजारों में विदेशी निवेश का प्रवाह कई प्रमुख कारकों पर निर्भर करेगा। इनमें अमेरिकी नीतियां, मौजूदा मुद्रास्फीति और ब्याज दरों का माहौल और भू-राजनीतिक बदलाव प्रमुख हैं। इसके अलावा भारतीय कंपनियों की तीसरी तिमाही के आय परिणाम और देश की आर्थिक प्रगति भी निवेशक भावना को प्रभावित करेंगे जिससे विदेशी निवेश में और बढ़ोतरी हो सकती है। वैश्विक तरलता में सुधार के कारण उभरते बाजारों जैसे भारत में पूंजी का प्रवाह बढ़ा है। अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा तरलता बढ़ाने के उपायों ने इस प्रवाह को मजबूत किया है। आरबीआई ने नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को कम किया जिससे बाजार में अधिक तरलता आई और निवेशकों की धारणा बेहतर हुई। भारत की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति अक्टूबर में 6.21 प्रतिशत से घटकर नवंबर में 5.48 प्रतिशत हो गई जिससे निवेशकों का विश्वास बढ़ा और आरबीआई द्वारा मौद्रिक नीति में ढील दिए जाने की उम्मीदें बढ़ीं।

## स्विट्जरलैंड में भारतीय कंपनियों को देना होगा 10 फीसदी ज्यादा टैक्स स्विस सरकार ने भारत का मोस्ट फेवर्ड नेशन दर्जा किया खत्म

**बर्न (एजेंसी)।** स्विट्जरलैंड सरकार ने भारत से मोस्ट फेवर्ड नेशन (एमएफएन) का दर्जा वापस ले लिया है। स्विस सरकार के इस फैसले के बाद अब वहां काम करने वाली भारतीय कंपनियों को 1 जनवरी 2025 से 10 फीसदी टैक्स ज्यादा देना होगा। स्विट्जरलैंड ने डबल टैक्स अवॉइडेंस एग्रीमेंट (डीटीएए) के तहत भारत को एमएफएन का दर्जा दिया था।

दरअसल डीटीएए एक तरह का समझौता है। इसका इस्तेमाल दो देश अपने नागरिकों और कंपनियों को डबल टैक्स से बचाने के लिए करते हैं। कंपनियों या व्यक्तियों को उनकी सेवाओं या प्रोडक्ट के लिए दो अलग देशों में अलग-अलग टैक्स नहीं देना पड़ता। स्विट्जरलैंड ने कहा कि भारतीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले की वजह से उसे यह कदम उठना पड़ा है। पिछले साल नेस्ले से संबंधित एक मामले में भारतीय सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया था कि देश में डीटीएए तब तक लागू नहीं किया जा सकता जब तक कि इसे इनकम टैक्स एक्ट के तहत नोटिफाई न किया जाए। भारत सरकार को पहले डीटीएए को इनकम टैक्स एक्ट के तहत नोटिफाई करना होगा। तभी स्विट्जरलैंड और भारत की कंपनियों को इसका फायदा मिलेगा। तब तक के लिए नेस्ले जैसी कंपनियों को अपने लाभांश पर ज्यादा टैक्स देना होगा। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि विदेशी संस्थाओं में या उनके लिए काम करने वाली कंपनियों और व्यक्तियों को डबल टैक्स न देना पड़े, लेकिन बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को पलट दिया था। संयुक्त राष्ट्र संघ की एक संस्था वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूटीओ) है। 164 देश इसके सदस्य हैं। इसके तहत आने वाले सभी देश एक दूसरे को मोस्ट फेवर्ड नेशन एमएफएन का दर्जा देते हैं। यह दर्जा दिए जाने के बाद बिना किसी भेदभाव के सभी देश एक दूसरे के साथ आसनी से कारोबार कर सकते हैं।

### न्यूजीलैंड और भारत ने एफटीए में संबंधों को मजबूत करने मुहिम फिर से शुरू की

**मुंबई (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने भारत के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए एफटीए पर वार्ता फिर से शुरू करने की इच्छा जताई है। दोनों देशों के बीच 14 साल पहले शुरू हुई एफटीए वार्ता दस दौरों के बाद ठप हो गई थी। इसके बाद से कोई औपचारिक वार्ता नहीं हुई थी। सूत्रों के अनुसार भारत भी न्यूजीलैंड के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर करने के लिए इच्छुक है, लेकिन कुछ विशेष पहलुओं पर विचार किया जा रहा है। भारत का मुख्य उत्पादों में न्यूजीलैंड के व्यापार को बढ़ाने का मानसिक दृष्टिकोण है। एफटीए वार्ता के संदर्भ में, न्यूजीलैंड भारत के बाजार में अपने कृषि, वन उत्पाद, और शराब जैसे मादक पदार्थों को अधिक पहुंचाने के प्रयास में है। इसके विपरीत, भारत ने स्पष्ट किया है कि डेरी उत्पादों को अधिक बाजार पहुंचाना संभव नहीं है। भारत न्यूजीलैंड से लोहा, इस्पात, एल्युमीनियम, लकड़ी का पल्प, और फल जैसे उत्पाद आयात करता है जबकि न्यूजीलैंड से भारत औषधियां, महंगी धातुएं, रत्न, कपड़े, और अन्य वस्त्रों का निर्यात करता है।

## जीके एनर्जी ने आईपीओ लाने सेबी के समक्ष दाखिल किए दस्तावेज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सौर ऊर्जा चालित कृषि जल पंप प्रणाली प्रदाता जीके एनर्जी लिमिटेड ने आईपीओ के जरिये धन जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के सामने अपने दस्तावेज दाखिल पेश किए हैं। जीके एनर्जी लिमिटेड की योजना के अनुसार आईपीओ से 500 करोड़ रुपये के नए शेयर और 84 लाख शेयर की बिक्री व्यवस्थित की गई है। इस आईपीओ से यह उम्मीद है कि कंपनी को 100 करोड़ रुपये का निवेश वापसी मिलेगी। वित्तीय रुपया का इस्तेमाल दीर्घकालिक पूंजी आवश्यकताओं के लिए किया जाएगा, साथ ही बाकी धन का प्रयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए होगा। जीके एनर्जी लिमिटेड ने तकनीकी, खरीद एवं संचालन के क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करने के माध्यम से सौर ऊर्जा चालित कृषि जल पंप प्रणालियों के विकास में योगदान देना योग्य विचार है। सेबी के पास कंपनी के आईपीओ के दस्तावेज प्राप्त हो गए हैं और उन्हें समीक्षा के लिए जारी किया गया है। अब इस आईपीओ के माध्यम से जीके एनर्जी लिमिटेड ने वित्तीय सहायता प्राप्त करने का उद्देश्य अग्रसर किया है।

## मारुति सुजुकी ने सर्विस नेटवर्क को विस्तार देने बड़ी योजना बनाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मारुति सुजुकी इंडिया कंपनी ने घोषणा की कि वह वित्त वर्ष 2030-31 तक अपने सर्विस टचप्वाइंट्स की संख्या 5,240 से बढ़ाकर 8,000 तक ले जाएगी। कंपनी ने अपने सर्विस नेटवर्क को विस्तार देने के लिए बड़ी योजना बनाई है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए नेक्सा और अरेना चैनलों के तहत कंपनी लगातार अपने नेटवर्क को मजबूत कर रही है। कंपनी के एमडी और सीईओ हिसाशी टेकेउची ने कहा कि ग्राहकों को बेहतर सुविधा और आसान पहुंच प्रदान करना उनका प्राथमिक उद्देश्य है। इसी दिशा में मारुति ने हाल ही में नेक्सा चैनल के तहत अपना 500वां सर्विस टचप्वाइंट लॉन्च किया। नेक्सा सर्विस नेटवर्क की शुरूआत जुलाई 2017 में हुई थी और तब से कंपनी ने हर साल नए टचप्वाइंट्स जोड़कर इस नेटवर्क को लगातार विस्तारित किया है। मारुति सुजुकी ने वित्त वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 90 नए नेक्सा टचप्वाइंट्स जोड़े, और इस वित्त वर्ष में अब तक 78 नए टचप्वाइंट्स जोड़े जा चुके हैं। इस तेजी से विस्तार के जरिए कंपनी अपने ग्राहकों के लिए कार स्वामित्व अनुभव को और बेहतर बनाना चाहती है। हालांकि, कंपनी को वित्तीय मोर्चे पर कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में मारुति का कंसोलिडेट नेट प्रॉफिट 18प्रतिशत घटकर 3,102 करोड़ रुपये रहा। इस अवधि में कुल 5,41,550 वाहनों की बिक्री हुई, जिसमें घरेलू बिक्री 4,63,834 इकाई और निर्यात 77,716 इकाई रहा। मारुति सुजुकी का मानना है कि उत्पादन और बिक्री में वृद्धि के साथ ही सर्विस नेटवर्क का विस्तार ग्राहकों के लिए भरोसेमंद और आसानी से उपलब्ध सेवाएं सुनिश्चित करेगा।

## अकासा एयर पायलटों ने की एयरलाइन की सुरक्षा मुद्दों पर चिंता

**मुंबई (एजेंसी)।** अकासा एयर के पायलटों के एक वर्ग ने हाल ही में एयरलाइन में कथित प्रशिक्षण और सुरक्षा मुद्दों पर चिंता जताते हुए नागर विमानन मंत्रालय से हस्तक्षेप की मांग की है। एक दिन के नोटिस पर 84 पायलटों ने इस्तीफा देने का दावा किया है, जिसे एयरलाइन ने झूठा बताया है। नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू को पायलटों के एक वर्ग ने एयरलाइन की प्रबंधन पद्धतियों, प्रशिक्षण विधियों और सुरक्षा मानकों की जांच की मांग की है। आरोपों का खंडन करते हुए अकासा एयर ने कहा कि पायलटों की संतुष्टि की रिपोर्टें उच्च है। डीजीसीए ने अक्टूबर में अकासा एयर पर 30 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया था क्योंकि कुछ खामियों के लिए चालक दल के प्रशिक्षण में। विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय ने भी जांच की मांग की है। जबकि कंपनी की कुल आमदनी 3,144.38 करोड़ रुपये थी। एकाधिकारिता से जांच की मांग अच्छे शर्तों में काम करने की मांग करने वाले पायलटों ने सरकार से एक हादसे की हो सकती है।

## नई इलेक्ट्रिक एसयूवी जीप एवेंजर ईवी लॉन्च

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जीप कंपनी ने अपनी नई इलेक्ट्रिक एसयूवी जीप एवेंजर ईवी लॉन्च कर दी है। जीप एवेंजर ईवी का डिजाइन परंपरागत जीप की मजबूत शैली को आधुनिकता के साथ जोड़ता है। यह वाहन अपनी शानदार डिजाइन, दमदार परफॉर्मेंस, और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार तकनीक के कारण एक गेम-चेंजर साबित होने की पूरी क्षमता रखता है। इसकी एयरोडायनामिक बॉडी, एलईडी लाइटिंग, और स्लिम फ्रंट ग्रिल इसे एक फ्यूचरिस्टिक लुक देते हैं। साथ ही, इसका कॉम्पैक्ट लेकिन स्पेशियस डिजाइन इसे शहरी परिवेश और ऑफ-रोडिंग दोनों के लिए उपयुक्त बनाता है। परफॉर्मेंस के मामले में यह एसयूवी अपनी श्रेणी में उत्कृष्ट है। इसमें 54 केडब्ल्यूएच का शक्तिशाली बैटरी पैक दिया गया है, जो एक बार चार्ज करने पर 400 किलोमीटर की रेंज प्रदान करता है। इसकी मोटर 154 बीएचपी की पावर और 260 एनएम का टॉर्क जनरेट करती है, जिससे यह कठिन से कठिन रास्तों पर भी सहजता से चलने में सक्षम है। जीप का प्रसिद्ध ऑल-व्हील ड्राइव सिस्टम इसमें इलेक्ट्रिक वर्जन में शामिल है, जो इसे किसी भी भौगोलिक परिस्थिति में बेहतर प्रदर्शन देने में मदद करता है। तकनीकी दृष्टिकोण से, जीप एवेंजर ईवी एक अत्याधुनिक वाहन है। इसमें डिजिटल इंफोटेनमेंट सिस्टम, एआई आधारित नेविगेशन, और एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम जैसी सुविधाएं शामिल हैं। साथ ही, ओवर-द-एयर अपडेट्स की सुविधा इसे लंबे समय तक अपग्रेडेड और उपयोगी बनाए रखती है। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी यह वाहन एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है। इसका प्राथमिक उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन को कम करना है। इसके निर्माण और संचालन में पर्यावरण के अनुकूल प्रक्रियाओं का उपयोग किया गया है। जीप एवेंजर ईवी को बाजार में टेस्ला मॉडल वाय और हुंडई आयोनिक 5 जैसे वाहनों को टक्कर देने के लिए तैयार किया गया ।

## जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने 20 गीगावाट उत्पादन क्षमता हासिल की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने वाणिज्यिक और औद्योगिक बिजली बाजार में कई नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं हासिल की हैं। इससे उसकी कुल उत्पादन क्षमता 20 गीगावाट हो गई है। जेएसडब्ल्यू एनर्जी के अनुसार कंपनी की अक्षय ऊर्जा वाणिज्यिक तथा औद्योगिक (सीएंडआई) क्षमता 3.1 गीगावाट है, जिसमें 2,654 मेगावाट जेएसडब्ल्यू समूह की निजी क्षमता और 445 मेगावाट तीसरे पक्ष की सीएंडआई क्षमता शामिल है। कंपनी की परिचालन सीएंडआई क्षमता भी 488 मेगावाट है। जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने डीसीएम श्रीराम लिमिटेड और इंडस टावर्स लिमिटेड के साथ बिजली खरीद समझौते (पीपीए) किए हैं, जो उनकी नवीनतम ऊर्जा समाधानों में मदद करेंगे। एनर्जी कंपनी के संयुक्त प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ने इस उपलब्धि को दी बधाई देते हुए कहा ?कि मुझे यह खुशी है कि कंपनी ने 20 गीगावाट उत्पादन क्षमता हासिल कर ली है। जेएसडब्ल्यू एनर्जी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2024-25 तक 10 गीगावाट परिचालन क्षमता हासिल करना है, जो तापीय, जलविद्युत तथा नवीकरणीय ऊर्जा में फैली हुई है। जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने समृद्धिपूर्ण साझेदारियों के साथ मिलकर ऊर्जा क्षेत्र में नई ऊर्जा की दौड़ में अपनी भूमिका मजबूत किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गिलगित-बाल्टिस्तान में भूस्खलन की चपेट में आने से पांच लोगों की मौत



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र के स्कर्दू में रोंडो मालुपा के पास रविवार को एक वाहन भूस्खलन की चपेट में आ गया, जिससे इसमें सवार कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि वाहन स्कर्दू से शांगस की ओर जा रहा था तभी अचानक यह गिरते हुए मलबे के नीचे दब गया। पुलिस ने इस घटना को ''भयावह'' करार दिया क्योंकि भारी मात्रा में मलबा गिरने से वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे उसमें मौजूद लोगों को बचने का मौका नहीं मिला। उसने बताया कि राहत-बचवा अभियान के लिए घटनास्थल पर तुरंत बचाव दल को भेजा गया। अधिकारियों ने पुष्टि की कि इस घटना में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई।

### रूस ने केर्च जलडमरूमध्य में तूफान से दो तेल टैंकरों को हुए नुकसान के बाद बचाव अभियान शुरू किया



**मास्को, एजेंसी।** केर्च जलडमरूमध्य में आए तूफान के कारण दो रूसी तेल टैंकरों को भारी नुकसान पहुंचा, उनसे तेल का रिसाव हुआ और एक आपात बचाव अभियान शुरू किया गया। रूसी अधिकारियों ने रविवार को एक सरकारी समाचार एजेंसी को यह जानकारी दी। रूसी समाचार एजेंसी 'तास' ने देश के आपात स्थिति मंत्रालय का हवाला देते हुए बताया कि वोल्गोनेफ्ट-212 टैंकर तूफान में फंस गया और उसका अगला हिस्सा फट गया। टैंकर पर चालक दल के 13 सदस्य सवार थे और ईंधन भरा हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि यह क्षति खराब मौसम के कारण हुई। आपात मंत्रालय ने बताया कि दूसरा टैंकर वोल्गोनेफ्ट 239 भी तूफान में क्षतिग्रस्त हो गया। इस पर चालक दल के 14 सदस्य सवार थे। केर्च जलडमरूमध्य रूस के कब्जे वाले क्रीमिया प्रायद्वीप को रूस से अलग करता है और यह विश्व का एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। यह जलडमरूमध्य आजोव सागर से काला सागर को जोड़ता है।

### यूक्रेन ने ड्रोन से रूस के चेचन्या पर किया हमला

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन ने एक ड्रोन से रविवार को रूस के चेचन्या क्षेत्र में नेशनल गार्ड के एक परिसर पर हमला किया। रूस की ओर से किए जा रहे बड़े पैमाने पर हवाई हमले के बाद कीव ने जवाबी हमले जारी रखे हैं। सोशल मीडिया पर उपलब्ध वीडियो फुटेज में एक ड्रोन को विस्फोट से पहले चेचन्या की राजधानी ग्रोज्नी के आसमान में देखा गया। इस हमले में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। हमले का यह क्षेत्र यूक्रेन की सीमा से लगभग 800 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित है। चेचन्या के नेता रमजान कादिरोव ने पुष्टि की कि ड्रोन ने अखमत ग्रोज्नी पुलिस बटालियन से संबंधित एक स्थान पर हमला किया था। उन्होंने कहा कि हवाई सुरक्षा बलों ने दो अन्य ड्रोन को मार गिराया है।

### द. कोरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति युन को पुलिस का समन, विपक्ष ने की कोर्ट से जल्द फैसले की मांग

**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ लागू किए जाने के कारण महाभियोग के



जरिये राष्ट्रपति पद से हटाए गए युन सूक येओल को पुलिस ने पूछताछ के लिए समन भेजा है। हालांकि, वे पुलिस के समक्ष हाजिर नहीं हुए। पुलिस ने फिर समन भेजने की बात कही है। इस बीच, द. कोरिया के विपक्षी नेता ने येओल को पद से हटाने के संबंध में शीर्ष अदालत से शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया है। विपक्षी दल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता ली जे-म्यांग ने कहा कि अराजकता को कम करने का एकमात्र तरीका त्वरित निर्णय है। एजेंसी येओल के खिलाफ महाभियोग चलाने के प्रस्ताव पर शनिवार को संसद में मतदान हुआ, जिसके समर्थन में 204 व विरोध में 85 वोट पड़े। राष्ट्रपति के तौर पर येओल की शक्तियां तब तक निलंबित रहेंगी, जब तक सांविधानिक अदालत उन्हें पद से हटाने अथवा उनकी शक्तियों को बहाल करने का फैसला नहीं सुना देती। अदालत के पास यह तय करने के लिए 180 दिन का समय है। कार्यवाहक राष्ट्रपति हान ने रविवार को देश के सहयोगियों व वित्तीय बाजार को भरोसा दिया कि व्यवस्थाएं पहले की तरह काम करती रहेंगी। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से फोन पर वार्ता में कहा कि दक्षिण कोरिया की विदेश व सुरक्षा नीतियां निर्बाध जारी रहेंगी तथा दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच गठबंधन और मजबूत होगा।

# नेतन्याहू ने ट्रंप से फोन पर की बात, इजराइल की जीत को लेकर की चर्चा

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन पर बातचीत की. इस दौरान उन्होंने ईरान और उसके सशस्त्र समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने के अपने संकल्प को दोहराया. नेतन्याहू ने वीडियो संदेश में कहा कि शनिवार (स्थानीय समय) को उनकी ट्रंप के साथ महत्वपूर्ण बातचीत हुई. इस दौरान इजरायल की जीत और गाजा में शेष बंधकों को वापस लाने की आवश्यकता पर भी बात की.



हमास ने 7 अक्टूबर को इजरायल पर एक बड़ा आतंकी हमला किया जिसमें 1200 से अधिक लोग मारे गए और 250 से अधिक लोग बंधक बनाए . माना जाता है कि उनमें से करीब 100 लोग अभी भी गाजा में बंधक हैं. इजराइल ने गाजा में हमास को निशाना बनाकर लगातार जवाबी हमले किए जिसमें 45,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए.

**नेतन्याहू का मिडल ईस्ट को बदल देंगे वाला बयान :** नेतन्याहू ने एक बयान में कहा, मैंने कल रात अपने मित्र अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ इन सब पर फिर से चर्चा की. यह एक मैत्रीपूर्ण, गर्मजोशी और बहुत महत्वपूर्ण बातचीत थी. इस दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की. नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल हमारे बंधकों को घर वापस लाने के लिए अथक प्रयास कर रहा है, चाहे वे जीवित हों या मृत.

इजरायली प्रधानमंत्री ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जोरदार तरीके से कहा कि वे मिडल ईस्ट को बदल देंगे. नेतन्याहू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैंने कहा था कि हम मध्य पूर्व को बदल देंगे और यही हो रहा है. सीरिया वही सीरिया नहीं रहा. लेबनान वही लेबनान नहीं रहा. गाजा वही गाजा नहीं रहा. ईरान वही ईरान नहीं रहा.

**हिजबुल्लाह को हथियारबंद होने से रोकने के लिए नेतन्याहू आमादा :** नेतन्याहू ने कहा कि वह हिजबुल्लाह को फिर से हथियारबंद होने से रोकने के लिए प्रतिबद्ध हैं. उन्होंने कहा, यह इजरायल के लिए एक सतत परीक्षा है. हमें इसका सामना करना होगा. हम इसका सामना करेंगे. मैं हिजबुल्लाह और ईरान से साफ शब्दों में कहता हूं आपको हमें नुकसान पहुंचाने से रोकने के लिए, हम हर क्षेत्र में और हर समय आपके खिलाफ कार्रवाई करना जारी रखेंगे.

वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार 8 दिसंबर को हयात तहरीर अल-शाम के नेतृत्व में विद्रोहियों द्वारा दो दशक से अधिक पुराने बशर अल-असद शासन को उखाड़ फेंकने के बाद से इजरायल ने सीरिया में सैकड़ों हवाई हमले किए हैं. गोलान हाइट्स से आगे बढ़कर भूमि पर आक्रमण किया है. इजरायली सेना ने तेजी से खाली छोड़े गए सैन्य ठिकानों पर नियंत्रण कर लिया।

### असद सरकार के सत्ता से हटने का असर, कतर ने 13 साल बाद खोला अपना दूतावास

**दमिश्क, एजेंसी।** सीरिया में बशर अल असद सरकार के सत्ता से हटने और बागी समूहों द्वारा सत्ता कब्जाने के बाद अब दुनियाभर के देशों ने भी नई सरकार को स्वीकार कर लिया है और उनके साथ कूटनीतिक संबंध स्थापित करने शुरू कर दिए हैं। संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत सीरिया की राजधानी दमिश्क पहुंच चुके हैं। विशेष दूत ने सीरिया के नए नेता और हयात तहरीर अल शाम के प्रमुख अबू मोहम्मद अल जोलानी से भी मुलाकात की। इस मुलाकात में उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि देश में एक विश्वसनीय न्याय प्रणाली स्थापित हो, अपराधों के लिए न्याय और जवाबदेही हो और बदले की भावना से काम न किया जाए। कतर के दूतावास भी 13 साल बाद मंगलवार से फिर से दमिश्क में काम करना शुरू कर देगा। कतर ने 13 साल पहले सरकार विरोधी विद्रोह के शुरुआती दौर में दमिश्क में अपना दूतावास बंद कर दिया था। इस विद्रोह के बाद ही सीरिया में गृहयुद्ध शुरू हुआ था, जो 13 साल चला। गृहयुद्ध के दौरान दुनिया के अन्य देशों ने बशर अल असद सरकार के साथ अपने संबंध जारी रखे, लेकिन कतर ने ऐसा नहीं किया।

### अफगानिस्तान : कोयला खदान में बड़ा हादसा, 35 खनिक मलबे में फंसे

**आयबक, एजेंसी।** अफगानिस्तान के समांगन प्रांत में एक कोयला खदान के मलबे में कई खनिक फंस गए हैं। स्थानीय



अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, प्रांतीय स्वास्थ्य निदेशक सईद उस्मान हामिदी ने मलबे के नीचे 35 खनिकों के फंसे होने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि बचाव दल और स्वास्थ्य कर्मियों को क्षेत्र में भेज दिया गया है। प्रांतीय पुलिस कार्यालय की ओर से रविवार को जारी एक बयान में कहा गया, शुरूआती रिपोर्टों से पता चलता है कि समांगन प्रांत के दारा-ए-सूफी पायिन जिले में कल मजदूर कोयला खदान में काम कर रहे थे, लेकिन खदान का एक हिस्सा ढह गया, जिसके परिणामस्वरूप कई खनिक मलबे में फंस गए।

बयान में आगे कहा गया कि पुलिसकर्मी, स्थानीय अधिकारी और ग्रामीण मलबे में फंसे खनिकों को बचाने के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। स्थानीय तालिबान अधिकारियों के अनुसार, मलबे में फंसे श्रमिकों को बचाने के लिए बचाव अभियान जारी है, लेकिन अभी तक किसी को भी मुक्त नहीं कराया जा सका है। बख्तर न्यूज एजेंसी के अनुसार, यह घटना शनिवार शाम 6 बजे के आसपास हुई। इस सप्ताह की शुरुआत में बामियान प्रांत के ख्वाजा गंज गांव में एक कोयला खदान में गैस के संपर्क में आने से दो मजदूरों की मौत हो गई थी। फरवरी 2002 में, अफगानिस्तान में एक कोयला खदान के ढहने से कम से कम 10 खनिकों की जान चली गई थी। 2019 में अफ़गानिस्तान में एक सोने की खदान के ढहने से कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई थी। यह धमाका बदख्शां प्रांत के कोहिस्तान जिले में हुआ था। अफगानिस्तान में खनिजों के विशाल संसाधन हैं, लेकिन कई खदानें पुरानी हैं और उनका रखरखाव ठीक से नहीं किया जाता है। अफगानिस्तान के खनन क्षेत्र में घातक दुर्घटनाएं अक्सर होती हैं। इन घटनाओं के कारण अक्सर अपर्याप्त सुरक्षा उपाय और उचित उपकरणों की कमी होती है।

### रूस ने सीरिया से अपने कुछ राजनयिकों को निकाला

**मास्को , एजेंसी।** रूस के विदेश मंत्रालय ने बताया कि रूस ने सीरिया की राजधानी दमिश्क से अपने कुछ राजनयिकों को निकाल लिया है, जबकि उसका दूतावास अभी भी काम कर रहा है। मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि राजनयिकों को सीरिया के खमीमिम एयरबेस से रूसी एयरोस्पेस फोर्सेज की उड़ान से मॉस्को ले जाया गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उड़ान में बेलारूस और उत्तर कोरिया के राजनयिक भी सवार थे। मंत्रालय के संकट स्थिति विभाग ने टेलीग्राम पर कहा कि 15 दिसंबर को दमिश्क में रूसी (राजनयिक) प्रतिनिधित्व के कुछ कर्मियों की वापसी सीरिया में हमीमिम एयरबेस से रूसी वायु सेना की एक विशेष उड़ान द्वारा की गई। मंत्रालय ने अनुसार विमान मॉस्को के निकट हवाई अड्डे पर पहुंचा, लेकिन उसमें कितने लोग सवार थे, यह नहीं बताया। टेलीग्राम पर प्रकाशित प्रेस वक्तव्य में कहा गया है कि दमिश्क में रूसी दूतावास अभी भी काम कर रहा है। 11 दिनों की आक्रामकता के बाद, इस्लामिक समूह हयात तहरीर अल-शाम एचटीएस) द्वारा नेतृत्व किए गए एक विद्रोही गठबंधन ने असद को सत्ता से हटा दिया, जो अपने परिवार के साथ रूस भाग गए। असद का सत्ता से पतन मॉस्को के लिए एक बड़ा झटका था, क्योंकि रूस और ईरान पूर्व सीरियाई राष्ट्रपति के मुख्य सहयोगी थे।

# बकिंघम पैलेस में चीनी जासूस, मची हलचल, प्रिंस एंड्रयू के करीबी के तहत ली एंट्री

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन की राजनीति में इस समय हलचल मची है. बता दें, एक चीनी जासूस को लेकर सारा मामला चर्चा का विषय बना है. पता चला है कि चीन का एक जासूस किंग चार्ल्स तृतीय के छोटे भाई प्रिंस एंड्रयू के करीबी के तहत बकिंघम पैलेस में एंट्री ली. इसके साथ-साथ उसने पूर्व प्रधानमंत्री कैमरून और थेरेसा में से भी मुलाकात की थी. अभी तक इस जासूस की पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन इसे एच6 के नाम से पहचाना जाता है. हालांकि कैमरून और थेरेसा में की तरफ से अभी तक कोई बयान सामने नहीं आया है. इस बीच, थेरेसा मे के प्रवक्ता ने कहा कि उन्हें यह याद नहीं है कि यह तस्वीर कब और कहां ली गई थी या वह व्यक्ति कौन था. इससे पहले, ड्यूक ऑफ यॉर्क एंड्रयू ने एक बयान में कहा था कि उन्होंने कथित जासूस के साथ सभी संपर्क बंद कर दिए हैं.

डेविड कैमरून के एक करीबी, जो अब लॉर्ड कैमरून हैं, ने स्काई न्यूज को बताया कि एक दशक से ज्यादा समय तक कंजर्वेटिव पार्टी के नेता और छह साल तक प्रधानमंत्री रहे. उस दौरान उन्होंने सैकड़ों समारोहों और कार्यक्रमों में हजारों लोगों से मुलाकात की. हमारे पास इस व्यक्ति के बारे में कोई और जानकारी नहीं है.

यह खुलासा इस सप्ताह की शुरुआत में सामने आया, जिसके



बाद इस जासूस एच6 को राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरे के चलते यूके में आने से रोक दिया गया था. जुलाई में एक विशेष आव्रजन अपील आयोग (एसआईएसी) ने सुनवाई की कि उस व्यक्ति को 2020 में प्रिंस एंड्रयू की जन्मदिन की पार्टी में आमंत्रित किया गया था और एक शाही सहयोगी ने उसे बताया था कि वह चीन में संभावित निवेशकों के साथ काम करते समय ड्यूक की ओर से काम कर सकता है. एक बयान में, प्रिंस एंड्रयू के कार्यालय ने कहा कि ड्यूक ने आधिकारिक चैनलों के माध्यम से उस व्यक्ति से मुलाकात की थी और किसी भी संवेदनशील प्रकृति की कोई चर्चा नहीं हुई थी. वहीं, ब्रिटेन में चीनी दूतावास ने जासूसी के आरोपों से इनकार करते हुए कहा है कि ब्रिटेन में कुछ लोग हमेशा चीन को निशाना बनाकर आधारहीन जासूसी कहानियां गढ़ने के लिए उत्सुक रहते हैं. प्रवक्ता ने आगे कहा उनका उद्देश्य चीन को बदनाम करना और चीनी और ब्रिटिश कर्मियों के बीच सामान्य आदान-प्रदान को बाधित करना है.

हालांकि, पूर्व मंत्री गिलियन कीगन ने रविवार को कहा कि ब्रिटेन को हमेशा सतर्क रहना चाहिए, और यह आश्चर्यजनक है कि लोग चीन की गतिविधियों से हैरान हैं, क्योंकि चीन जाने वाले लोगों को सुरक्षा सलाह 30 साल पहले से दी जा रही है. वे हमारे लिए सबसे बड़ा रणनीतिक खतरा हैं. वे रूस से भी कहीं ज़्यादा बड़ा रणनीतिक खतरा हैं. ब्रिटेन की गृह सचिव यवेट कूपर ने लेबर सरकार के रुख को स्पष्ट करते हुए कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि देश की सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां ब्रिटेन की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए किसी भी खतरे के प्रति निरंतर सतर्क रहें.

# इमरान की पार्टी पर हिंसा की राजनीति का आरोप : 26 नवंबर की हिंसा को सरकार ने काला दिन बताया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तारड़ ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी पर हिंसा की राजनीति को बढ़ाने का आरोप लगाया है। अताउल्लाह ने कहा कि पीटीआई के प्रदर्शन कभी शांतिपूर्वक नहीं रहे हैं। मंत्री ने आरोप लगाते हुए कहा कि पीटीआई कार्यकर्ताओं ने 26 नवंबर को इस्लामाबाद में आधुनिक हथियारों, स्टेन गन आंसू गैस और ग्रेनेड से लैस होकर हिंसा फैलाई। अताउल्लाह ने 9 मई और 26 नवंबर को पाकिस्तान के इतिहास का सबसे काला दिन बताया।



अताउल्लाह ने आरोप लगाते हुए कहा, पीटीआई लाशों की राजनीति करना चाहती है और देश में अशांति फैलाकर अपने राजनीतिक हित साधना चाहती है। इमरान का पलटवार- सरकार जाति के आधार पर बांट रही जेल में बंद पीटीआई के संस्थापक इमरान खान ने हिंसा के आरोपों पर पलटवार करते सरकार पर देश को जाति के आधार पर बांटने का आरोप लगाया। इमरान ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि सरकार पख्तूनों को जाति के आधार पर निशाना बना रही है। इमरान ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी सरकार की फूट डालो और राज करो की नीति का हिस्सा न बने। हम सभी पहले पाकिस्तानी हैं। इसके अलावा इमरान ने सरकार को अवज्ञा आंदोलन (सरकार की नाफरमानी) की धमकी दी है। इमरान ने सरकार के सामने 2 प्रमुख मांगें भी रखी है। इनमें से पहली है कि पिछले साल 9 मई और इस साल 26 नवंबर को हुई हिंसाओं की जांच सुप्रीम कोर्ट के सीनियर जजों की अध्यक्षता में कराई जाई। वहीं दूसरी मांग है कि गैर कानूनी तरीके से जेल में बंद में पीटीआई के कार्यकर्ताओं और नेताओं के रिहा किया जाए।

पीटीआई नेता बोले- नाफरमानी आंदोलन इमरान की मांग इमरान की पार्टी के नेता और खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने कहा कि नाफरमानी आंदोलन इमरान खान ने बुलाया है, मैंने नहीं। उन्होंने कहा कि जब पूरी जानकारी मिल जाएगी, तब इस पर काम करेंगे। हम इमरान के आदेशों का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता बातचीत है, लेकिन सरकार को अपनी ताकत दिखानी होगी। क्ख्ख्ह के नेता और नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब ने सोमवार को कहा कि पार्टी राजनीतिक संकट को सुलझाने के लिए किसी के साथ भी बातचीत करने को तैयार है। पिछले कुछ महीनों से सरकार और पीटीआई के बीच तनाव लगातार बढ़ा है। इसे एक बार फिर पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता का दौर शुरू होने के तौर पर देखा जा रहा है।

### फ्रांसीसी क्षेत्र मायोट में तूफान का कहर, 14 लोगों की मौत

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस के हिंद महासागरीय क्षेत्र मायोट में आए चिडो तूफान से 14 लोगों की मौत हो गई. 220 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से चलने वाली हवाओं के कारण पेटीट-टेरे द्वीप पर सबसे ज्यादा नुकसान हुआ. अधिकारियों ने द्वीप पर रेड अलर्ट जारी किया. फ्रांस ने राहत एवं बचाव कार्यों में मदद के लिए 140 नागरिक सुरक्षा सैनिकों और अग्निशमन कर्मियों सहित अतिरिक्त बल भेजा है. इनके रविवार को मायोट पहुंचने की उम्मीद है. फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि फ्रांस मायोट के लोगों के लिए वहां मौजूद रहेगा. फ्रांसीसी अधिकारियों ने कहा कि 250 अग्निशमन कर्मी और सुरक्षाकर्मी द्वीपों पर भेजे जाएंगे, जिनमें से कुछ पहले ही पहुंच चुके हैं.



समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने फ्रांसीसी मीडिया बीएफएम टीडब्ल्यू के हवाले से बताया कि अंतर-मंत्रालयी संकट बैठक के बाद, फ्रांस के आंतरिक मंत्री ब्रूनो रिटेलेउ ने मीडिया को बताया कि स्थिति खतरनाक और असाधारण है. हालांकि, उन्होंने फिलहाल किसी निश्चित मानवीय क्षति का खुलासा नहीं किया. उनके कार्यालय ने फ्रांसीसी मीडिया को बताया कि सोमवार को उनका मायोत का दौरा करने का कार्यक्रम है.

बता दें कि उष्णकटिबंधीय तूफान चिडो एक छोटा लेकिन शक्तिशाली तूफान है जो वर्तमान में मोजाम्बिक के लिए भी खतरा है. यह तूफान पश्चिम की ओर बढ़ता जा रहा है. तेज गति से बढ़ने के बाद, चिडो ने 11 दिसंबर को मॉरीशस के अगालेगा में लैंडफॉल बनाया. अगले दिन इसकी तीव्रता चरम पर थी. उत्तरी मेडागास्कर से गुजरने के बाद, चिडो कुछ समय के लिए कमजोर हुआ, लेकिन जल्दी ही अपनी तीव्रता वापस पा ली.

तूफान ने 14 दिसंबर को बांद्राबौआ, मायोटे के पास दूसरी बार लैंडफॉल बनाया. उस दिन बाद में फिर से थोड़ा कमजोर हो गया. मायोट को शुरू में बैंगनी अलर्ट (उच्चतम स्तर) के तहत रखा गया था और आपातकालीन सेवाओं सहित पूरी आबादी के लिए सख्त लॉकडाउन लगा दिया गया था. बाद में बैंगनी को लाल अलर्ट में बदल दिया गया.

# बांग्लादेश में अगले साल हो सकते हैं आम चुनाव : चीफ एडवाइडर बोले- इलेक्शन से पहले जरूरी सुधार होने चाहिए

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश आज अपनी आजादी की 53वीं वर्षगांठ मना रहा है। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन और और अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने सोमवार को राजधानी ढाका में राष्ट्रीय स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बांग्लादेश ने 1971 में आज ही के दिन भारत की मदद से पाकिस्तान से आजादी हासिल की थी। मोहम्मद यूनुस ने इस मौके पर बांग्लादेश के लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आम चुनाव की तारीखें 2025 के अंत तक या 2026 की पहली छमाही तक तय हो सकती हैं। मैंने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि चुनाव से पहले कुछ जरूरी सुधार किए जाने चाहिए। अगर राजनीतिक पार्टियां कुछ जरूरी सुधार पर सहमत हो जाएं तो 2025 में चुनाव नवंबर के अंत तक कराए जा सकते हैं।

5 अगस्त 2024 को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का तख्तापलट के बाद बांग्लादेश में फिलहाल अंतरिम सरकार स्थापित की गई। मोहम्मद यूनुस इस सरकार का सलाहकार नियुक्त किए गए हैं। बांग्लादेश के विजय दिवस समारोह में शामिल होने के लिए आज 1971 युद्ध में शामिल आठ भारतीय सिपाही और दो सेवारत अधिकारी ढाका पहुंचे हैं। वहीं बांग्लादेश से मुक्तिवाहिनी के 8 स्वतंत्रता सेनानी और सेना के दो अफसर कोलकाता पहुंचे हैं।

आरक्षण के खिलाफ आंदोलन ने किया था तख्तापलट बांग्लादेश में 5 जून को हाईकोर्ट ने जॉब में 30त्न कोटा सिस्टम लागू किया था, इसके बाद से ही ढाका में यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट कर रहे थे। यह आरक्षण स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को दिया जा रहा



था। यह आरक्षण खत्म कर दिया गया तो छात्रों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग शुरू कर दी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में छात्र और आम लोग प्रधानमंत्री और उनकी सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर आए। इस प्रोटेस्ट के दो महीने बाद 5 अगस्त को शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गई। इसके बाद सेना ने देश की कमान संभाल ली। बांग्लादेश में भारत के लोकसभा चुनाव जैसी ही चुनावी प्रक्रिया बांग्लादेश में भी भारत के लोकसभा चुनाव जैसी ही चुनावी प्रक्रिया है। यहां संसद सदस्यों का चुनाव भारत की तरह ही फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट प्रणाली के जरिए होता है। यानी जिस उम्मीदवार को एक वोट भी ज्यादा मिलेगा, उसी की जीत होगी। चुनाव परिणाम आने के बाद सबसे बड़ी पार्टी या गठबंधन के सांसद अपने नेता का चुनाव करते हैं और वही प्रधानमंत्री बनता है। राष्ट्रपति देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाते हैं।

यहां की संसद में कुल 350 सीटें हैं। इनमें से 50 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। आरक्षित सीटों पर चुनाव नहीं होता, जबकि 300 सीटों के लिए हर पांच साल में आम चुनाव होते हैं। भारत की संसद में लोकसभा के अलावा राज्यसभा भी होती है, लेकिन बांग्लादेश की संसद में सिर्फ एक ही सदन है। बांग्लादेश में सरकार का मुखिया कौन होता है? जवाब : भारत की तरह ही बांग्लादेश में भी प्रधानमंत्री ही सरकार के मुखिया होते हैं। राष्ट्रपति देश का प्रमुख होता है, जिसका चुनाव राष्ट्रीय संसद द्वारा किया जाता है। बांग्लादेश में राष्ट्रपति सिर्फ एक औपचारिक पद है और सरकार पर उसका कोई वास्तविक नियंत्रण नहीं होता है। 1991 तक राष्ट्रपति का चुनाव यहां भी सीधे जनता करती थी, लेकिन बाद में संवैधानिक बदलाव किया गया। इसके जरिए राष्ट्रपति का चुनाव संसद द्वारा किया जाने लगा। शेख हसीना 20 साल तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं थीं।

आर. एन .आई रजि0 न0 JHAHIN/2006/24924 स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक कमलेश तुलस्यान एस बी राय रोड देवघर द्वारा प्रकाशित तथा आदित्य पब्लिकेशन हाउस, बंधा बाय-पास रोड,बंधा, देवघर (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक-कमलेश तुलस्यान (मो0 9431132132)। कार्यकारी संपादक- श्याम कुमार श्रृंगारी' (इस अंक में प्रकाशित समाचारों का चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)। फोन नं. 7004539007 फैक्स नं. (06432) 275355, डाक पंजीयन संख्या : SP-13/09 Email : shwetpatra10@gmail.com

# नए विश्व शतरंज चैंपियन बने गुकेश का चेन्नई में जोरदार स्वागत

**चेन्नई, एजेंसी।** सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन, 18 वर्षीय डी गुकेश का सोमवार को चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रशंसकों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। सिंगापुर से लौटने पर, जहां उन्होंने विश्व शतरंज चैंपियनशिप के फाइनल में चीन के गत चैंपियन डिंग लिरेन को हराया। गुकेश महान विश्वनाथन आनंद के नक्शेकदम पर चलते हुए यह उपलब्धि हासिल करने वाले केवल दूसरे भारतीय बन गए। युवा ग्रैंडमास्टर के आगमन पर उत्साहपूर्ण भीड़, पारंपरिक नर्तक और शतरंज चैंपियनों को तैयार करने के लिए प्रसिद्ध वेलाम्मल विद्यालय के छात्रों के साथ एक जीवंत प्रदर्शन देखा गया। तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण (एसडीएटी) और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के अधिकारी गुकेश को सम्मानित करने के लिए मौजूद थे, जो इस शानदार स्वागत से बेहद प्रभावित थे। गुकेश ने हवाई अड्डे के बाहर प्रेस को संबोधित करते हुए कहा, मैं यहां आकर बहुत खुश हूं। मैं समर्थन देख सकता हूं और यह भारत के लिए क्या मायने रखता है। आप लोग अद्भुत हैं -



आपने मुझे बहुत ऊर्जा दी है। सिंगापुर में गुकेश की जीत किसी असाधारण से कम नहीं थी। उन्होंने 12 दिसंबर को समाप्त हुए 14 गेम के तनावपूर्ण मुकाबले में लिरेन को हराया। निर्णायक क्षण 14वें गेम में आया, जब लिरेन ने अंतिम गेम में गलती की, जिससे गुकेश ने खिताब हासिल किया और 18वें निर्विवाद विश्व शतरंज चैंपियन के रूप में इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया। गुकेश की जीत को और भी उल्लेखनीय बनाने वाली बात यह थी कि उन्होंने इस दौरान एक रिकॉर्ड भी तोड़ा - वे दिग्गज गैरी कास्पारोव को पीछे छोड़ते हुए सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गए। जैसे ही गुकेश हवाई अड्डे से बाहर निकले, उन्हें माला पहनाई गई और जयकारों के साथ उनका स्वागत किया गया। उनकी तस्वीरों और 18 एट 18 टैगलाइन से सजी एक विशेष रूप से डिज़ाइन की गई कार उन्हें उनके निवास तक ले जाने के लिए इंतज़ार कर रही थी। एसडीएटी अधिकारियों ने उन्हें शॉल भेंट की और प्रशंसकों ने युवा चैंपियन की उपलब्धि का जश्न मनाते हुए बैनर पकड़े।

## पूरी तरह से अंधेरे में रखा गया, जैसन गिलेस्पी ने इस्तीफे के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को लताड़ा



**सिडनी, एजेंसी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जैसन गिलेस्पी ने सोमवार को पीसीबी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बोर्ड ने पूरी तरह से उन्हें अंधेरे में रखा जिसकी वजह से उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। गिलेस्पी का करार 2026 तक का था लेकिन उन्होंने पिछले सप्ताह इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि संवादहीनता के कारण उन्हें लगने लगा था कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को उनकी जरूरत नहीं है। गिलेस्पी ने कहा, 'चुनौतियां तो थी। मैं कुछ करने के इरादे से वहां गया था। मुझे पता था कि पाकिस्तान ने बहुत कम समय में बहुत सारे कोच बदले हैं। मैं चाहता था कि मुख्य कोच होने के नाते नियोक्ता से मेरा सीधा और स्पष्ट संवाद हो। मुझे हाई परफार्मेंस कोच नहीं रखने को लेकर पूरी तरह से अंधेरे में रखा गया। पीसीबी ने हाई परफार्मेंस कोच टिम नीलसन के करार का नवीनीकरण नहीं किया जिन्हें गिलेस्पी लेकर आए थे। गिलेस्पी ने कहा, 'टिम नीलसन को बताया गया कि उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं है और मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। इससे पहले भी बहुत कुछ हुआ लेकिन इस घटना के बाद मुझे लगने लगा कि मेरी जरूरत है भी या नहीं।

## 'मैं अब इस सर्कस का हिस्सा नहीं हूं,'


### डी गुकेश को चुनौती देने के सवाल पर बोले पूर्व वर्ल्ड चैंपियन मैग्नस कार्लसन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** 2024 विश्व शतरंज चैंपियनशिप में चीन के डिंग लिरेन पर डी गुकेश की ऐतिहासिक जीत के बाद, यह सवाल फिर उठने लगा है कि क्या दुनिया के नंबर एक और पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन 2023 में छोड़े गए अपने खिताब को पुनः हासिल करने के लिए क्लासिकल शतरंज में वापसी करेंगे। हालांकि, मैग्नस कार्लसन ने ऐसी किसी भी संभावना को पूरी तरह से खारिज कर दिया। यूट्यूब पर अपने चैनल पर गुकेश की जीत पर एक समीक्षा वीडियो में मैग्नस कार्लसन ने कहा, 'यह मैं नहीं होने जा रहा हूं। मेरा मतलब है, चलिए गुकेश और मैच वगैरह के बारे में बात करते हैं। मैं अब इस सर्कस का हिस्सा नहीं हूं।' मैग्नस कार्लसन ने मौजूदा विश्व चैंपियनशिप फॉर्मेट को लेकर अपना अंसतोष भी जाहिर किया।मैग्नस कार्लसन ने गुकेश और डिंग लिरेन की 14वीं चाल को लेकर कहा, 'बेशक, यह कुछ ऐसा था जो थोड़ा अप्रत्याशित था। हममें से बहुतों ने सोचा था कि गुकेश मैच जीतने के दावेदार हैं, लेकिन यह एक ऐसा खेल था जो वास्तव में कभी नहीं चल पाया। गुकेश स्पष्ट रूप से जीत के लिए संघर्ष कर रहे थे। मुझे लगता है कि वह खेल को जीवंत रखने के लिए बहुत अच्छा काम कर रहे थे। लेकिन यह सब बहुत, बहुत अचानक हुआ।

# रजत पाटीदार ने रचा इतिहास

### टी-20 टूर्नामेंट फाइनल में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय कप्तान बन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 के फाइनल में मुंबई के खिलाफ मध्य प्रदेश संघर्ष कर रही थी और टीम के 4 विकेट 54 रन पर गिर गए थे। इस मुश्किल परिस्थिति में फिर कप्तान रजत पाटीदार बल्लेबाजी करने आए और ऐसी पारी खेली की टीम का स्कोर 174 रन पर पहुंच गया। इस दौरान रजत ने जोरदार पारी खेली और नाबाद 81 रन बनाए। रजत ने इस पारी के दम पर इतिहास रच दिया।

### बतौर भारतीय कप्तान टी20 फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर रजत पाटीदार के नाम

मुंबई के खिलाफ खेली अपनी नाबाद 81 रन की पारी के दम पर रजत पाटीदार टी20 क्रिकेट इतिहास में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय कप्तान बन गए। इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले रजत पाटीदार ने इसके साथ ही गौतम गंभीर का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। इससे पहले गौतम गंभीर ने बतौर भारतीय कप्तान टी20 क्रिकेट में सबसे बड़ी पारी साल 2014 में सीएसके के खिलाफ चैंपियंस लीग टी20 में खेली थी और 80 रन बनाए थे। अब रजत पाटीदार ने उन्हें पीछे छोड़ दिया। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं।

### भारतीय कप्तान द्वारा टी20 टूर्नामेंट फाइनल में सर्वोच्च स्कोर

81* रन - रजत पाटीदार बनाम मुंबई एसएमएटी,2024
80 रन - गौतम गंभीर बनाम सीएसके, सीएलटी20, 2014
68 रन - रोहित शर्मा बनाम डीसी,आईपीएल,2020

### रजत पाटीदार का प्रदर्शन

रजत पाटीदार ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 में कमाल की बल्लेबाजी की और रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर रहे। उन्होंने इस सीजन में खेले 10 मैचों की 9 पारियों में 428 रन बनाए और उनका औसत 61.14 का रहा। उनका स्ट्राइक रेट इन मैचों में 186.08 का रहा। रजत ने इन मैचों में 5 अर्धशतक लगाया और बेस्ट स्कोर फाइनल में नाबाद 81 रन की खेली। उन्होंने इस दौरान 32 चौके और 27 छक्के भी लगाए।



इंडिया- वेस्टइंडीज वूमेन टी-20

# स्मृति-जेमिमा चमकीं, भारत ने विंडीज को 49 रन से हराया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नवी मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी स्टेडियम में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने विंडीज को पहले टी20 मुकाबले में 49 रनों से हरा दिया है। भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए स्मृति मंधाना के 53 तो जेमिमा के 73 रनों की बदौलत 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 195 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी विंडीज टीम 146 रन ही बना पाई। विंडीज के लिए जोसेफ और डॉटिंन ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाई। भारतीय गेंदबाजी भी बढ़िया रही। तितास साधु ने 37 रन देकर 3 विकेट लीं।

शैफाली वर्मा के बिना खेल रही भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी रही। स्मृति मंधाना ने उमा छेत्री के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े। उमा ने 24 रनों का योगदान दिया जबकि स्मृति ने 33 गेंदों पर 7 चौके और 2 छक्कों की मदद से 54 रन बनाए। जेमिमा रोड्रिग्स ने एक छोर संभाला और 35 गेंदों पर 9 चौके और 2 छक्कों की मदद से 73 रन बनाए। इसके अलावा ऋचा घोष ने 14 गेंदों पर 20 तो कप्तान हरमनप्रीत ने 13 रन बनाकर स्कोर 195 तक पहुंचाया। विंडीज की ओर से करिश्मा ने 18 रन देकर 2 विकेट लिए।

जवाब में खेलने उतरी विंडीज को दूसरे ही ओवर में झटका लगा जब हेले मैथ्यूज मात्र 1 रन बनाकर आऊट हो गईं। इस दौरान कियाना जोसेफ ने डींड्रा डॉटिन के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। जोसेफ ने जहां 33 गेंदों पर 3 छक्कों की मदद से 49 रन बनाए तो वहीं, डॉटिंन ने 28 गेंदों पर 4 चौके और 3 छक्कों की मदद से 52 रन बनाए। इनके विकेट गिरते ही विंडीज की हालत पतली हो गई। मध्यक्रम में केवल शबिका 15 ही रन बना पाई और स्कोर 20 ओवर में 146 तक ही पहुंच पाया। भारत के लिए तितास साधु ने 37 रन देकर 3 विकेट लीं। इसी तरह दीप्ति शर्मा और राधा यादव ने 2-2 विकेट लीं। मैच जीतने के बाद तितास साधु ने कहा कि मुझे लगता है कि हम सभी ने सभी चीजों को वास्तव में अच्छी तरह से निष्पादित किया। कुछ चीजें हैं जिन्हें हम बेहतर कर सकते हैं और हम उस पर काम करेंगे। हम यहां पहले भी खेल चुके हैं और आपको सही क्षेत्र में गेंदबाजी करते रहना होगा, यहां की पिच स्पिनरों की तुलना में तेज गेंदबाजों को अधिक मदद करती है। कियाना का विकेट लेने पर उन्होंने कहा कि यह बहुत गलत तरीके का बाउंसर था। कई बार आप अपनी योजनाओं को लागू कर लेते हैं और कई बार ऐसा नहीं होता। मैंने बस खुद का समर्थन किया और सही क्षेत्रों में गेंदबाजी करने की कोशिश की।

# बारिश के कारण तीसरे दिन 33 ओवर ही हुए

### भारत पहली पारी में 51/4, राहुल-रोहित नाबाद लौटे; ऑस्ट्रेलिया 394 रन से आगे

**ब्रिस्बेन, एजेंसी।** ब्रिस्बेन में सोमवार को दिन भर रुक-रुककर बारिश होती रही। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट का तीसरा दिन बारिश के नाम रहा है। ब्रिस्बेन के द गाबा मैदान पर सोमवार को सुबह से रुक-रुककर बारिश होती रही। ऐसे में 33 ओवर ही डाले जा सके।

स्टंप्स तक भारत ने पहली पारी में 4 विकेट पर 51 रन बनाए। केएल राहुल 33 रन और कप्तान रोहित शर्मा शून्य पर नाबाद लौटे। टी-ब्रेक से पहले ऋषभ पंत (9 रन) और विराट कोहली (3 रन) पवेलियन लौट गए थे। यशस्वी जायसवाल (4 रन) और शुभमन गिल (1 रन) को मिचेल स्टार्क ने आउट



किया था। ऑस्ट्रेलिया अपनी पहली पारी में 445 रन पर ऑलआउट हो गई थी। टीम ने 40 रन बनाने में आखिरी 3 विकेट गंवा दिए हैं। एलेक्स कैरी 70 रन बनाकर आउट हुए। जसप्रीत बुमराह ने 6 विकेट चटकाए। रविवार को दूसरे दिन ऑस्ट्रेलियाई टीम ने ट्रैविस हेड (152 रन) और स्टीव स्मिथ (101 रन) के शतकों के सहारे 405 रन बनाए थे।

## जिम्बाब्वे के खिलाफ हुआ अफगानिस्तान की टेस्ट टीम का ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जिम्बाब्वे के खिलाफ बुलावायो में होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने 18 सदस्यीय अफगानिस्तान टीम की घोषणा की। इस सीरीज के जरिए टीम के स्टार स्पिनर राशिद खान क्रिकेट के लंबे प्रारूप में वापसी करेंगे जो 3 साल से ज्यादा वक्त से टेस्ट नहीं खेल रहे थे। अफगानिस्तान की इस टीम में पहली बार युवा ओपनर सेदिकुल्लाह अटल को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। इमर्जिंग एशिया कप में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद अटल ने हाल ही में टी20 और वनडे में डेब्यू किया था।

अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज तीन मैचों की वनडे सीरीज के बाद खेली जाएगी जिसकी शुरुआत 17 दिसंबर से होगी। वहीं इसके बाद दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच 26 दिसंबर से खेला जाएगा जबकि दूसरा मुकाबला 2 जनवरी से शुरू होगा। अफगानिस्तान की इस टेस्ट टीम में कुल सात अनकैप्ड खिलाड़ी हैं जिनमें ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फरीद मलिक जैसे नाम भी शामिल हैं। सलामी बल्लेबाज रियाज हसन जिन्होंने अब तक 7 वनडे खेले हैं उन्हें भी इस टीम में जगह दी गई है।ये तीनों खिलाड़ी हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के लिए अफगानिस्तान की टीम का हिस्सा थे, जो ग्रेटर नोएडा में होने वाला था, लेकिन लगातार बारिश के कारण ये मैच रद्द हो गया। इसकी वजह से इनमें से कोई भी खिलाड़ी टेस्ट डेब्यू नहीं कर पाया था।

# भारत बना चैंपियन, पेनल्टी शूटआउट में चीन को हराया




**मस्कट, एजेंसी।** भारतीय हॉकी टीम ने रविवार को यहां महिला जूनियर एशिया कप के फाइनल में चीन को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से हराकर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। तय समय में 1-1 से बराबरी के बाद खिताबी मुकाबला शूटआउट तक गया, जिसमें गत चैंपियन टीम विजयी रही। इस अवसर पर हॉकी इंडिया (एचआई) ने टीम को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। एचआई ने एक्स पर लिखा, टीम इंडिया ने जूनियर महिला एशिया कप 2024 के फाइनल में चीन पर रोमांचक पेनल्टी शूटआउट जीतकर शानदार जीत हासिल की। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए हॉकी इंडिया ने प्रत्येक खिलाड़ी को 2 लाख रुपये और सहयोगी स्टाफ को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। चीन के लिए पहला गोल जिनझुआंग टैन ने किया, लेकिन कनिका सिवाच ने तीसरे क्वार्टर में भारत के लिए बराबरी का गोल किया और मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। भारत की गोलकीपर निधि ने पेनल्टी शूटआउट के दौरान तीन महत्वपूर्ण बचाव किए और अपनी टीम को खिताब जीतने में मदद की। पहले क्वार्टर में दोनों टीमें बराबरी की स्थिति में थीं, क्योंकि उन्होंने शुरुआती गोल करने की कोशिश की। दोनों टीमों ने गेंद को बराबरी पर रखा और दोनों टीमों ने अच्छे मौके बनाए, लेकिन वे गोल नहीं कर पाईं। भारत को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन चीनी टीम ने उनका अच्छी तरह से बचाव किया और स्कोर बराबर कर दिया। भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत शानदार तरीके से की, लेकिन शूटिंग सर्कल में कोई अच्छा गोल करने का मौका नहीं बना सका। दूसरे क्वार्टर के अंत में चीन ने बढ़त हासिल की और भारतीय बैकलाइन पर दबाव बनाया। घड़ी में सिर्फ़ 14 सेकंड बचे थे, चीन को पेनल्टी स्ट्रोक के रूप में एक सुनहरा अवसर मिला। जिनझुआंग टैन ने मौके पर कदम रखा और भारतीय गोलकीपर को चकमा देते हुए गोल किया, जिससे चीन को दूसरे हाफ में मामूली बढ़त मिल गई।

तीसरे क्वार्टर में भारत ने आक्रामक तरीके से हमला किया और खेल पर अपना दबदबा बनाया। दीपिका ने शानदार ड्रिबल किया, चीनी डिफेंस को भेदा और अपनी टीम के लिए पेनल्टी कॉर्नर जीता। दीपिका ने गोल की ओर ड्रैग फ्लिक करने का प्रयास किया, जिसे चीनी गोलकीपर ने कई बार बचाया। कुछ ही क्षणों बाद 41वें मिनट में, सुनीता टोप्पो और दीपिका ने कुछ बेहतरीन पास के साथ गेंद को आगे बढ़ाया और शूटिंग सर्कल के अंदर कनिका सिवाच को पाया, जिन्होंने एक खूबसूरत फील्ड गोल करके टीम को बराबरी पर ला खड़ा किया। चौथे क्वार्टर में प्रवेश करते समय दोनों टीमों का स्कोर 1-1 था।